e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 278

बुधवार

11.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### राजकीय सम्मान के साथ आज होगा कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार

**रांची :** राज्य सरकार ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है। दिनांक 11 अक्टूबर को सेंट मैरी कैथेड्रल ,पुरुलिया रोड ,राँची में अपराह्न 1 बजे उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। विदित हो कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन 4 अक्टूबर 2023 को हो गया है।

### पीएम मोदी ने एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से की मुलाकात

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एशियन गेम्स में शामिल हुए भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी. पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने जो पराक्रम दिखाया है, जो पुरुषार्थ किया है, जो परिणाम दिया है, उसके कारण देश के हर कोने में एक उत्सव का माहौल है. 100 मेडल पार करने के लिए आपने दिन-रात एक कर दिया. पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से बात करते हुए कहा,मैं आप सभी का 140 करोड़ भारतीयों की ओर से स्वागत करता हूं. आपकी मेहनत और सफलताओं से देश में उत्सव का माहौल बना है.

### दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है. सुप्रीम कोर्ट ने एयर क्वालिटी मैनेजमैंट कमीशन सीएक्यूएम से रिपोर्ट मांगी है. सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए क्या कदम उठाए गए है. दरअसल एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से दखल की मांग की है. सर्दी के मौसम में प्रदूषण से बढ़ते स्तर का मामला कोर्ट के सामने रखते हुए कमीशन से रिपोर्ट तलब करने की मांग की थी.उन्होंने कहा कि पराली जलाने से भी प्रदूषण बढ़ रहा है, ये मामला सीएक्यूएम के पास है और वो मुद्दों से निपट रहा है. जस्टिस संजय किशन कौल की बेंच ने कहा कि एमिक्स क्यूरी ने सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण की गंभीर समस्या को सामने रखा है. पराली जलाने समेत सारे मुद्दे सीएक्यूएम को पास हैं.इसलिए सीएक्यूएम इस मामले में जल्द ही एक रिपोर्ट दाखिल करे और बताए कि राजधानी व आसपास प्रदूषण रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं. अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी.

### भारत ने मल्टी-बैरल पिनाका रॉकेट की पहली खेप मित्र देश आर्मेनिया को भेजी

**नई दिल्ली :** भारत ने पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) रॉकेट की पहली खेप मित्र देश आर्मेनिया को भेज दी है। ऑर्डिनेंस फैक्टरी अम्बाझरी से रवाना की गई इस खेप के बारे में यह खुलासा नहीं किया गया है कि यह किस देश को भेजी गई है लेकिन भारत से पिनाका रॉकेट खरीदने वाला पहला देश आर्मेनिया ही है, जिसने पिछले साल सितंबर में 245 मिलियन डॉलर का ऑर्डर दिया था।

### रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 23°

---

पुलिस अकादमी हजारीबाग में दीक्षांत समारोह में शामिल हुए सीएम, परेड का किया निरीक्षण

# प्रशिक्षण से बढ़ेगा आत्मबल व विश्वास : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु पदाधिकारियों से कहा

- आपने राष्ट्र सेवा की जो शपथ ली है,उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे
- अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के दौरान आम लोगों की परेशानियों और समस्याओं को सुनें और उसका समाधान करें
- आप सभी को जीवन की नई शुरुआत के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं
- आपका यह प्रशिक्षण आपके जीवन के ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा
- आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है
- आप ग्रामीण युवाओं का आइकॉन बनें

### आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है। आप सभी इस बात से भली -भांति वाकिफ हैं कि झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के लोग काफी भोले- भाले,सीधे और सरल होते हैं। वे जब आपके पास अपनी परेशानियों को लेकर आएंगे तो आपसे उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे।



### ग्रामीण नौजवानों के लिए आइकॉन बनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के युवा बड़े-बड़े पदों पर आ रहे हैं। वे अपनी मेहनत और लगन से अपना अलग मुकाम बना रहे हैं। आपने पुलिस सेवा में आकर जो उपलब्धि हासिल की है,वह युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा। मेरा मानना है कि आप ग्रामीण नौजवानों के लिए आइकन बनें। इस अवसर पर प्रशिक्षु पदाधिकारी की सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला और अंबा प्रसाद, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे,अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण प्रिया दुबे, पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण मनोज कौशिक, झारखंड पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक-सह-पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय रंजन सिंह समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आपके लिए अत्यंत गर्व का दिन है। आप एक नई जिंदगी की शुरुआत करने जा रहे हैं। अब आपको कर्तव्य पथ पर चलना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने यहाँ जो राष्ट सेवा की शपथ ली है, उस पर आप खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में 7 वीं से 10 वीं बैच के 39 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों और 14 जिला समादेष्टाओं, गृह रक्षा वाहिनी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों और उनके अभिभावकों को नई शुरुआत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीद जवानों को नमन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने यहां जो कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है,वह आपके जीवन में ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा। प्रशिक्षण से आपका आत्मबल और विश्वास बढ़ेगा।यह आपकी कार्य कुशलता को बढ़ाएगा।

---

# कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल दो आतंकी ढ़ेर

### हथियार-गोला बारूद बरामद



**इलाके में फिलहाल तलाशी अभियान जारी है. मारे गए आतंकियों के पास से दो एके राइफल्स ,एक पिस्तौल और गोला बारूद भी बरामद किए गए हैं.**

**एजेंसी**


**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया. पुलिस के मुताबिक ये दोनों आतंकी 28 फरवरी को कश्मीरी पंडित संजय शर्मा के हत्या में शामिल थे.मारे गए आतंकियों की पहचान मारित मकबूल और जाजिम फारूक अबरार के तौर पर हुई है.ये आतंकी लश्करे ए तैय्यबा से जुड़े हुए थे.पुलिस के मुताबिक सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच अलशीपोरा में सुबह शुरू हुई मुठभेड़ के दौरान इन आतंकियों को सुरक्षबलों ने मार गिराया.मारे गए दोनों आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं.

इलाके में फिलहाल तलाशी अभियान जारी है. मारे गए आतंकियों के पास से दो एके राइफल्स ,एक पिस्तौल और गोला बारूद भी बरामद किए गए हैं.पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जिले के अलशिपोरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया था और इस दौरान मंगलवार तड़के मुठभेड़ शुरू हो गई थी. कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर बताया कि दो आतंकवादी मारे गए तलाश अभियान जारी है.पुलिस ने दावा किया कि लश्कर-ए-तैयबा के मारे गए दो आतंकवादियों में से एक इस साल की शुरुआत में बैंक सुरक्षा कर्मी संजय शर्मा की हत्या में शामिल था.अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने एक पोस्ट में कहा,मारे गए आतंकवादियों की पहचान लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के मोरिफत मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार के रूप में की गई है. आतंकवादी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था.

---

लाखों एलआईसी एजेंट और कर्मचारियों को केंद्र ने दिया तोहफा

# बढ़ाया गया टर्म इंश्योरेंस कवर और ग्रेच्युटी लिमिट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट और कर्मचारियों के लाभ के लिए ग्रैच्यूटी सीमा और पारिवारिक पेंशन में वृद्धि सहित कई कल्याणकारी उपायों को सोमवार को मंजूरी दी. वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, ये कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम 2017 में संशोधन, ग्रैच्यूटी सीमा में वृद्धि तथा पारिवारिक पेंशन की समान दर आदि से संबंधित हैं.बयान में इसका विवरण साझा करते हुए कहा गया कि मंत्रालय ने एलआईसी एजेंट के लिए ग्रैच्यूटी सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने को मंजूरी दे दी है, जिसका मकसद उनके लिए कामकाजी परिस्थितियों तथा लाभ में टीवी पर्याप्त सुधार लाना है.

इससे फिर नौकरी पर रखे गए एजेंट के नवीनीकरण कमीशन के तहत पात्र होने का भी प्रावधान है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधार होगा.वर्तमान में एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी के तहत पूरे किए गए किसी भी कार्य के आधार पर नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं. बयान के अनुसार, एजेंट के सावधि बीमा कवर की मौजूदा सीमा 3,000-10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000-1,50,000 रुपये कर दी गई है. सावधि बीम में इस वृद्धि से वे एजेंट जो अब इस दुनिया में नहीं हैं उनके परिवारों को काफी फायदा होगा. इससे उन्हें अधिक महत्वपूर्ण कल्याणकारी लाभ मिलेगा.एलआईसी कर्मचारियों के संबंध में मंत्रालय ने परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन को भी मंजूरी दी है. बयान में कहा गया कि 13 लाख से अधिक एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी इन कल्याणकारी उपायों से लाभान्वित होंगे।

---

### सिक्किमः सड़क संपर्क बहाल करने के लिए सेना के त्रि-शक्ति कोर ने शुरू किया अभियान

**गंगटोक / नई दिल्ली :** भारतीय सेना की त्रि-शक्ति कोर के जवानों ने उत्तरी सिक्किम में सड़क संपर्क बहाल करने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वस्त व क्षतिग्रस्त हुए पुलों और सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक और भारतीय सेना के वरिष्ठ अभियंताओं ने इसके लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण और अनुमानित खर्च का विवरण सहित रिपोर्ट तैयार कर ली है। उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर की रात्रि में बादल फटने और तीस्ता नदी में आई बाढ़ से सिक्किम में भारी तबाही हुई। सड़कों के साथ सिक्किम के 14 पुल टूट चुके हैं। बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो गई थीं। पर्यटकों सहित हजारों लोग जहां तहां फंस गए थे। प्रारंभिक राहत और बचाव कार्य के बाद अब सभी स्थानों से संपर्क बहाल करना सबसे अधिक जरूरी हो गया था।

---

# आदिवासियों का अपमान करते हैं पीएम : राहुल गांधी

**आदिवासी अफसर 100 रुपए में से सिर्फ 10 पैसे का निर्णय लेते हैं. आदिवासी वर्ग का इससे बड़ा अपमान नहीं किया जा सकता.**



**एजेंसी**

**भोपाल :** चुनाव प्रचार करने के लिए मध्य प्रदेश के शहडोल पहुंचे राहुल गांधी ने जन आक्रोश रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा,जिसकी जितनी हिस्सेदारी हो उसको उतनी ही भागीदारी मिलनी चाहिए.पीएम मोदी आदिवासियों की बात करते हैं लेकिन वह उनका दिल से सम्मान नहीं करते हैं.अगर वह ऐसा करते तो जातिगत जनगणना जरूर करवाते.राहुल गांधी ने कहा,अगर भारत सरकार 100 रुपए खर्च करती है तो ओबीसी वर्ग के अफसर सिर्फ 5 रुपए का निर्णय लेते हैं. अब आप ये बताइए अगर भारत सरकार 100 रुपए खर्च करती है तो आदिवासी अफसर कितने रुपए का निर्णय लेते हैं ? आदिवासी अफसर 100 रुपए में से सिर्फ 10 पैसे का निर्णय लेते हैं. आदिवासी वर्ग का इससे बड़ा अपमान नहीं किया जा सकता.राहुल गांधी ने शहडोल की इस चुनावी रैली के दौरान जातीय सर्वे कराने का वादा किया. उन्होंने कहा, हम मोदी जी पर इतना दबाव डाल देंगे कि उनको जातीय जनगणना करानी ही पडेगी. बीजेपी वाले इससे बच नहीं सकते. जातीय सर्वे समाज के एक्सरे की तरह है इससे पता चलेगा कि कौन कितना पिछड़ा है और कितनी मुसीबत में है.राहुल गांधी ने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा, क्योंकि पीएम मोदी नहीं चाहते हैं कि पिछड़ी जातियों का विकास हो इसलिए वह जातीय जनगणना नहीं कराना चाहते हैं लेकिन यह काम कांग्रेस पार्टी करके दिखाएगी. यह राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि न्याय का निर्णय है.

---

# इस्राइल-हमास जंग में 1600 की मौत

**एजेंसी**

**येरूसलम :** इस्राइल पर आतंकी संगठन हमास के हमले से दुनियाभर में हलचल मच गई है। जहां पश्चिमी देशों ने हमास के हमले को लेकर इस्राइल का समर्थन किया है, तो वहीं पश्चिमी एशिया के इस्लामिक देश फलस्तीन के समर्थन में साथ खड़े हैं। इस बीच इस्राइल में इन दर्दनाक हमलों में अब तक करीब 900 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, इस्राइल की ओर से गाजा पट्टी पर किए गए पलटवार में 690 की जान जाने की बात सामने आई है। इन हालात के बीच हमास ने धमकी दी है कि अगर गाजा पट्टी पर हमले नहीं रुकते हैं तो वह इस्राइली बंधकों की हत्या कर देगा।

**इस्राइल में मारे गए 11 अमेरिकी नागरिक :** इस्राइल में स्थित कानूनी एजेंसियों से जुड़े लोगों को निर्देश दिया गया है कि वह इस्राइल में अमेरिकी नागरिकों का पता लगाएं और उन्हें बचाएं। इस्राइल स्थित अमेरिकी अधिकारी और एफबीआई मिलकर काम कर रहे हैं और इस्राइल में मौजूद अमेरिकी लोगों को वहां से सुरक्षित निकाला जा रहा है। बता दें कि इस्राइल पर हमास के हमले में 11 अमेरिकी नागरिकों की मौत की खबर है। अमेरिका ने आशंका जताई है कि जिन लोगों को हमास के आतंकियों ने अगवा किया है, उनमें अमेरिकी नागरिक भी हो सकते हैं। एफबीआई और अन्य जांच एजेंसियां जांच में जुटी हैं।



**हमास के खिलाफ एकजुट हुए अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश,बोले : हम इस्राइल के साथ हैंः** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, जर्मनी के चांसलर स्कोल्ज, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि हम लोग इस्राइल के साथ हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि आतंकवाद को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। हाल के दिनों में दुनिया ने देखा है कि किस तरह हमास ने आतंक फैला कर रखा है। हमास के सदस्यों ने परिवारों को उनके घरों में मार डाला। एक संगीत समारोह का आनंद ले रहे 200 से अधिक युवाओं को मार डाला। इतना ही नहीं, बुजुर्ग महिलाओं, बच्चों और पूरे परिवारों का अपहरण कर उन्हें बंधक बना लिया।

**इस्राइली ठिकाने से 100 शव बरामदः** इस्राइल की ओर से बताया गया है कि उसने बेरी किबुत्ज में 100 से ज्यादा शव निकाले हैं। बताया गया है कि यह वह जगह है, जहां से हमास के आतंकी इस्राइल में दाखिल हुए थे और यहीं पर इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाया गया था। दो दिन से यहां पर सैनिकों और आतंकियों के बीच संघर्ष जारी था।

### मुश्किल घड़ी में हम इजरायल केसाथ हैं : पीएम मोदी

हमास के किए गए रॉकेट हमले के बाद जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर मंगलवार को बात की. पीएम मोदी ने बताया कि नेतन्याहू ने फोन किया था और मैंने इस दौरान उनसे कहा कि मुश्किल समय में हम आपके साथ हैं. भारत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करता है.

---

### अमर्त्य सेन के निधन की खबर अफवाह

**नई दिल्ली (एजेंसी):** नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के निधन की खबरों का उनकी बेटी नंदन सेन ने खंडन करते हुए कहा है कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। अमर्त्य सेन की बेटी नंदन सेन ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि उनके पिता अमर्त्य सेन पूरी तरह स्वस्थ हैं। उनके निधन की खबर अफवाह थी। असल में एक्स पर उनके निधन पर एक फर्जी सूचना आई थी।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
General Surgery
• Stomach • Intestine
• Liver • Hernia
• Pancreas • Gallbladder
• Appendix • Piles
Dr. D.P. Bhadani
MBBS, MS (General Surgery)
Dr. Niraj Anand
MS (Laparoscopic Surgery & GI Surgery)
O.P.D
Monday to Saturday 10 AM to 2 PM
7808368888 www.asarfihospital.com

**संक्षिप्त खबरें**

### डॉन अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में किया जाएगा शिफ्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** कुख्यात डॉन अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय स्तर से आदेश जारी किया गया है। दरअसल संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ पुलिस अभियान चला रही है। इसी कड़ी में अमन साव को प्रत्येक 3 से 4 महीने में जेल शिफ्ट किया जाना है। इसलिए अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अमन साव फिलहाल चाईबासा जेल में है। करीब 1 वर्ष पहले अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। उस दौरान पलामू सेंट्रल जेल अधीक्षक को अमन गिरोह की तरफ से धमकी मिली थी। मामले में मेदिनीनगर टाउन थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पलामू और लातेहार में अमन साव के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज है। अमन साव पर पलामू में रेलवे के थर्ड लाइन बना रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी पर रंगदारी मांगने और हमला करने का आरोप है।

# गड्ढे में गिरने से भाई-बहन की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनादाग पंचायत के बरगाही गांव में 9 अक्टूबर को पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिरने से दो बच्चे भाई-बहन की मौत हो गई। दोनों पास के स्कूल से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में पैर फिसलने से दोनों गड्ढे में जा गिरे। कुछ घंटे बाद उनके शव गड्ढे से बरामद किए गए। उनकी पहचान लालदेव यादव के 7 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार एवं 10 वर्षीया पुत्री किरण कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार एनएच निर्माण में लगी शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा मिट्टी काटकर ले गई है, जिससे बड़ा गड्ढा बन गया है। गडढे में बरसात का पानी जमा है। इसी गडढे में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। गडढे से सटकर



देवगन-रेंगनिया सड़क जाती है। बच्चे इसी सड़क से होकर स्कूल आते जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी से कई बार मिट्टी काटने से बने गडढे को भरने के लिए आग्रह किया गया था, बावजूद कंपनी की ओर से कोई पहल नहीं की गई। घटना के बाद परिजनों रो रो कर बुरा हाल है।

## दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार थाना परिसर मे दुर्गा पूजा के लेकर मंगलवार के शांति पूर्ण तरीका से मानने के लिए शांति समिति की बैठक प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी श्री जितेंद्र कुमार मंडल के अध्यक्षता मे आहूत किया गया। बैठक के सफल संचालन थाना प्रभारी अमन कुमार ने किया। बैठक मे दुर्गा पूजा मे सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले मनचले लोगों पर सीधे कानूनी करवाई किया जायेगा। पुजा पंडाल मे अश्लिल् गाने नहीं बजाने के लिये शख्त निर्देश दिया गया है । डी जे सीमित ध्वनि मे बजाना है। बैठक मे बीडीओ सह सीओ श्री मंडल ने कहा कि दशहारा का पर्व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द वातावरण के साथ मनाया जाता है और एक समुदाय दूसरे समुदाय को सम्मानित करते है यह सबसे बड़ी बात है। वही पर जीप सद्स्य सुदाम पासवान ने कहा कि हम लोगों दोनों समुदाय के शांति पूर्ण तरीके चाहे मोहर्रम हो या दशहारा आपसी भाईचारा एवं सौहार्द वातावरण के रूप मनाया जाता है उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि पूजा मे शराब पर प्रतिबंध लगाने एवं नजर रखने की बात कहा है। बैठक मे सांसद प्रतिनिध अमरेश कुमार श्रीवास्तव ,पूर्व प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया प्रतिनिधि धनजय गुप्ता - बिंदा साव, पंचायत समिति सदस्य संतोष यादव, मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव, समाज सेवी मुन्ना कुमार सिंह, तिलक कुमार सिंह, अनवर हुसैन, विशुनपुर पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नये सदस्यों की बैठक आयोजित कर पार्टी शाखा का गठन किया गया



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुरना नगर ग्राम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नये सदस्यों की बैठक मजबुल्ला खां की अध्यक्षता में आयोजित कर पार्टी शाखा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरनांनगर शाखा के लिये परवेज अंसारी को सचिव व शम्भूनाथ चेरो को सह सचिव बनाया गया। नये शाखा का गठन करते हुये जिला सचिव राजकुमार राम ने कहा कि देश की धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, गणतांत्रिक व्यवस्था को बदलने की कोशिश भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। हम सबों को देश की धर्मनिरपेक्षता, मिली जुली भाईचारे की परंपरा को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश की जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी जैसी मूल समस्याओं से भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता की मूल समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने की जरूरत है। बैठक में गणेश सिंह, रामेश्वर प्रसाद अकेला, देवीदयाल मेहता, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, अब्दुल खां, यूनुस खां, रेयाज अंसारी, सलमान खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## 60 व्यक्तियों का मलेरिया जांच किया गया



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कधवन ग्राम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर लगभग 60 व्यक्तियों का मलेरिया जांच किया। जांच के क्रम में कोई भी व्यक्ति मलेरिया से ग्रसित नही पाया गया। शिविर में सीएचओ दिनेश कुमार मीणा, एमपीडब्ल्यू विजय पाठक, विनीत कुमार पांडेय, राजेश कुमार, सत्यदेव रजक व लैब टेक्नीशियन श्री राम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना परिसर में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसमें शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा को मनाने को लेकर विभिन्न पूजा समितियों और आम लोगों के साथ एक बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने मौजूद लोगों से दशहरा और नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने सभी पूजा समितियों एवं लोगों से शांतिपूर्वक दशहरा पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कोई भी, किसी अफवाह को हवा में व्हाट्सएप फेसबुक आदि ग्न फैलाएं। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर लगाम लगेगा दुर्गा पूजा में प्रशासन पूरी तरह हर जगह मुसतौद रहेगी। इस बैठक में वीर सिंह मुंडा इंस्पेक्टर, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, प्रिय रंजन कुमार, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष बुल बाबा, अरविन्द गुप्ता छत्तरपुर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडाल समिति के लोग शामिल थे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा डंडा में बना कस्तूरबा विद्यालय : अजय मेटल

**डंडा प्रखंड के बेटियों के साथ खिलवाड़ कर रही वर्तमान सरकार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडा :** वर्तमान सरकार एवं स्थानीय विधायक गढ़वा के बेटियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उक्त बातें बसपा के गढ़वा विधानसभा प्रभारी सह डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने प्रेस बयान जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारा देने वाले सरकार के विकास के खोखले आंकड़े देने वालो का पोल खोल रही है, डंडा प्रखंड अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय बनने से पहले ही खंडहर में तब्दील हो रहा है जिसका सुध लेना सरकार अभी तक उचित नहीं समझी।जेएमएम की सरकार के चार वर्ष कार्यकाल पूर्ण होनेवाले



है लेकीन जिले के विभिन्न प्रखंडों में बेटियों के लिए बन रहे हैं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का अर्ध निर्मित भवन पुर्ण नहीं हो पाया जो हमारे बेटियों के साथ बहुत नाइंसाफी है। जिससे मजबूर होकर अपने प्रखंड में विद्यालय होने के बावजूद कई किलोमीटर दूर रहकर या जाकर अपने पढ़ाई कर रही हैं। जेएमएम सरकार की विकास कागज पर दिखता है। यह सरकार बीजेपी से भी बहुत बड़ा जुमलेबाज निकली। बहुत आशा और विश्वास के साथ झारखंडीयों ने सरकार बनाई थी कि यहां के बेरोजगारों को रोजगार गरीबों को अनाज मिलेगी। लेकिन यहां गरीबों का कोई सुनने वाला नहीं है इस सरकार के संरक्षण में प्रखंड से लेकर जिला कार्यालय तक भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है।

## छतरपुर को जिला बनाने के लिए विकास मंच शुरू करेगा आंदोलन : अरविन्द



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल गठन के तीन दशक बाद छतरपुर को जिला बनाने की सुगबुगाहट तेज़ होने लगी है। छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमून ने इस सम्बंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि दबाव की राजनीति से जिला नहीं बना करते उसके लिए किसी भी इलाके की भौगोलिक अनुकलताएँ आवश्यक है जो छतरपुर पूरा करता है। इसलिए उनकी मांग है कि राज्य सरकार सभी अहर्ताएं पूरी करने वाले छतरपुर अनुमंडल को ही जिला बनाएं। छतरपुर को जिला बनने से हरिहरगंज, नौडिहा बाजार, पिपरा, सरैडीह, हुसैनाबाद, सुल्तानी, लठेया के लोगों की परेशानी कम हो जाएगी और ज़िंदगी भी आसान हो जाएगीअरविन्द ने यह भी कहा कि जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी और धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा। उन्होंने जिला बनने वाली अहर्ताएं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इलाके के सभी प्रखण्ड के केंद बिंदु में छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय है। यहां से गुजरने वाली फोरलेन हाइवे इसके महत्व को और भी बढ़ाता है। राज्य सरकार ने छतरपुर को जिला बनाने की पहल नहीं कि तो इलाके के लोग अनिश्चतकालीन आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

## दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर थाना परिसर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा (गढ़वा) :** मंगलवार को बिशुनपुरा थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा के अध्यक्षता में शान्ति समिती का बैठक हुई सम्पन्न। जहां बैठक का संचालन विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा द्वारा किया गया। जहां बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को शान्ति एवं सुसज्जित तरीके से मनाने की बात कही गई। वहीं बैठक में बिशुनपुरा प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा कमिटी के लोगों ने भाग लिया तथा अपनी अपनी बातें एवं समस्या को रखा। वहीं बैठक में बिशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा ने बताया की पूजा के दौरान ज्वलनशील कपड़े को आग से दूर रखना है और ऐसे में हर पूजा पंडाल पर कमिटी के लोगों द्वारा बाल्टी में बालू भरकर रखें तथा जब ऐसा हो तो वह बालू आग बुझाने में बहुत काम आयेगी। वहीं बैठक में बिशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बताया की साउंड सिस्टम पे किसी भी अशलील गाने नहीं बजेंगे, लोगों द्वारा शोशल मीडिया पर किसी भी आपत्तिजनक का पोस्ट को शेयर न करें जिससे कोई समस्या उत्पन्न हो। वहीं उन्होंने बताया कि विर्सजन के दौरान डीजे पर अशलील गाने नहीं बजेंगे एवं शाम 7 बजे तक विर्सजन कर पूजा समाप्त कर दी जाएगी।

# दुर्गा पूजा सौहार्द से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार, थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास,बीडीओ जयप्रकाश नारायण , डॉ0 गोपाल प्रसाद, विद्युत कनीय अभियंता घनश्याम प्रसाद मौजूद थे । इस दौरान अधिकारियों ने दशहरा पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए क्षेत्र के पूजा समितियों और गणमान्य लोगों से विचार विमर्श किया। इस दौरान सभी पूजा समितियों ने 25 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन करने की जानकारी दी। वहीं जुलूस के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद रखने , शहर में मेन रोड किनारे नवरात्र के दौरान मांस मछली की दुकान नहीं लगाने, शहर में हादसों से बचाव के लिए कवरयुक्त बिजली तार लगाने और जुलूस में मेडिकल टीम रखने की मांग की गई। इस अवसर पर एसडीपीओ



ने पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग लगाने सहित कई जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर ओमप्रकाश प्रसाद अकेला,भोला प्रसाद गुप्ता, अरुण मिश्रा, राजीव रंजन, अतहर हुसैन, इरफान शाहिद, मुस्लिम अंसारी, अजय कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, संतोष प्रजापति, विश्वदीप कुमार, मुखिया उमेश साव, संजय यादव, अवधेश मेहता, धनंजय जायसवाल, अनिल पासवान, अखिलेश मेहता, आनंद यदुवंशी, बिजली कर लक्ष्मी विश्वकर्मा, महादेव यादव सहित दोनों समुदाय के कई प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में सेवानिवृत बिजली मिस्त्री हुआ घायल, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा इलाज



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सिकियाही मोड़ पर हुए सड़क दुर्घटना में सेवानिवृत बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में घायल बिजली मिस्त्री की पहचान पांडु थाना क्षेत्र के तिसीबार गांव निवासी सहारे मिस्त्री के रूप में हुई। जो की बीमोड़ पावर ग्रिड के बिजली मिस्त्री के पद से सेवानिवृत कर्मचारी है। जानकारी के अनुसार सहारे मिस्त्री टेंपू से अपने घर तिसिबार जा रहे थे। तभी सिकियाही मोड़ के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने टेंपू में जोरदार ढोकर मार दी।जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए है। वही मौके पर मौजूद राहगीरों ने इन्हे घायल अवस्था में विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहा इनका इलाज किया जा रहा है।

# पंचायत स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची द्वारा संचालित एग्री क्लिनिक सेंटर के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड के कुम्बा खुर्द पंचायत में पंचायत के मुखिया विवेक कुमार की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर ने किसानों को बीज विनयम,ब्लॉक चेन पंजीकरण, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, गव्य व मत्स्य योजना, टपक सिंचाई योजना की जानकारी विस्तार से दिया गया। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुये बताया कि कृषि विभाग के द्वारा यदि कोई योजना लेना चाहते हैं तो ब्लॉक चेन पंजीकरण अवश्य करावें। उन्होंने कहा कि किसानों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना में 30-50 प्रतिशत प्रति एकड़ फसल क्षति होने पर 3000 रुपये, 50 प्रतिशत से अधिक फसल की




क्षति होने पर 4000 रुपये की राशि दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि किसान 10 डिसमिल से लेकर 5 एकड़ के लिये निबंधन करा सकते है। गोष्ठी में क्षेत्र समन्वयक बालदेव खलखो,किसान मित्र दिलीप पटेल, किसान हृदय प्रसाद यादव, कामेश्वर चंद्रवंशी, ललन राम, अमरनाथ चौधरी, भगवन्ती देवी, फुलवा देवी, मीना देवी, सुकवरिया देवी, सूरज कुमार पटेल, पूनम देवी सहित अन्य उपस्थित थे.लोक कल्याण संस्थान रांची द्वारा संचालित एग्री क्लिनिक सेंटर के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड के कुम्बा खुर्द पंचायत में पंचायत के मुखिया विवेक कुमार की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया.गोष्ठी में एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर ने किसानों को बीज विनयम,ब्लॉक चेन पंजीकरण, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, गव्य व मत्स्य योजना, टपक सिंचाई योजना की जानकारी विस्तार से दिया गया। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुये बताया कि कृषि विभाग के द्वारा यदि कोई योजना लेना चाहते हैं तो ब्लॉक चेन पंजीकरण अवश्य करावें। उन्होंने कहा कि किसानों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना में 30-50 प्रतिशत प्रति एकड़ फसल क्षति होने पर 3000 रुपये,50 प्रतिशत से अधिक फसल की क्षति होने पर 4000 रुपये की राशि दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि किसान 10 डिसमिल से लेकर 5 एकड़ के लिये निबंधन करा सकते है. गोष्ठी में क्षेत्र समन्वयक बालदेव खलखो, किसान मित्र दिलीप पटेल, किसान हृदय प्रसाद यादव, कामेश्वर चंद्रवंशी, ललन राम, अमरनाथ चौधरी, भगवन्ती देवी, फुलवा देवी, मीना देवी, सुकवरिया देवी, सूरज कुमार पटेल, पूनम देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेहला निर्मला नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं ने मानसिक बीमारी के कारणों को ले किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसाल में नेशनल मेंटल हेल्थ एवर्नेस डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां रेहला के निर्मला नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर नाटक के माध्यम से मानसिक बीमारी के कारणों को बताया। साथ हीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हीं छात्राओं ने लोगो को मानसिक रोगी के लक्षण, उसके कारण व उपचार के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बताया कि मानसिक रोग का कारण किसी से भी ज्यादा उम्मीद लगा लेना, परिवार, रिश्तेदार व दोस्तो का सहयोग न मिलना, किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी तुलना करना, हंसी उड़ाना, अपनी बातो को किसी से शेयर न करना आदि कई कारणों से व्यक्ति नशे का शिकार हो जाते हैं।



जिसके कारण व्यक्ति को घर, परिवार, समाज व गांव में लोग नफरत करने लगते है। वहीं व्यक्ति धिरे-धिरे मानसिक तनाव में चला जाता है। ऐसी स्थिति में मानसिक रुप से बीमार व्यक्ति की सोचने समझने व कार्य करने की क्षमता भी प्रभावित होने लगता है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के समक्ष चोरी, गरीबी, बेरोजगारी, नशाखोरी आदि कई प्रकार की सामाजिक समस्याएं उत्पन हो जाती है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार हर वर्ष देश में करीब आठ लाख लोग मानसिक बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर लेते है। आयोजित नुक्कड़ नाटक मंचन के कार्यक्रम में निर्मला नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिका खुशबू कुमारी, अंकिता एक्का, सीमा यादव, अलका कुमारी, सविता सिंह, विजेता सिंह, रानी कुमारी, रिचा आंनद, बब्लू कुमार, सविता सिंह सहित कॉलेज के कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वहीं नेशनल मेंटल हेल्थ एवर्नेस डे के सफल बनाने में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेला पूर्ति, जीएनएम सतेन्द्र कुमार, संजय ठाकुर, बीडीएम रवी कुमार, अनिल कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**संक्षिप्त खबरें**

## सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को अनुदान की स्वीकृति

**रांची :** विशिष्ट स्थानीय आपदा सर्पदंश से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है।आवेदक जोगिन्दर राणा ग्राम छापर, पो0 बिंजा, थाना-बुड़मू , जिला- रांची की पत्नी की मृत्यु 07.05.2020 को सर्पदंश के कारण हो गई थी। मृत व्यक्ति के आश्रित को 4,00,000/- ( चार लाख ) रूपये मात्र के अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## लायंस क्लब ने स्कूल के छात्रों के बीच किया जूते का वितरण

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से मंगलवार को कोकर स्थित के एम मलिक स्कूल में सैंकड़ों बच्चों के बीच जूतों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के स्पॉन्सर दिनेश लाल ठाकुर ने कहा कि सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए यह कदम इन बच्चों के लिए उठाया गया। हमारा यह छोटा सा प्रयास इन बच्चो के लिए सार्थक साबित होगा। हमें हमेशा सभी जरूरतमंदों के लिए सेवा की भाव रखना होगा तभी हम सभी मिलकर दुनिया को दिखा सकेंगे। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी।



# कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो की अंतिम यात्रा मांडर से रांची पहुंची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड से पहले एशिया के कार्डिनल रहे तेलेस्फोर पी टोप्पो की अंतिम यात्रा मांडर के मिशन अस्पताल से रांची के पुरुलिया रोड के लिए सुबह 10.30 बजे निकाली गई । इस अंतिम यात्रा काफी भव्य रही। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां की गयी थी ताकि यातायात व्यवस्था में कोई परेशानियां न हो। इस पूरी अंतिम यात्रा के दौरान करीब 33 किमी की मानव श्रृंखला बनायी गयी थी।अंतिम यात्रा की अगुवाई 500 से अधिक बाइक और कार करते नजर आए। किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए मांडर में वनवे रूट कर दिया गया था। कार्डिनल टी टोप्पो के अंतिम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न चौक-चौराहों पर




पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। यह प्रतिनियुक्ति कार्यक्रम के शांतिपूर्ण समाप्ति तक रहेगी., ताकि, विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनी रहे । कान्टेंट लिवेंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक फादर जार्ज ने जानकारी दी कि तय कार्यक्रम के अनुसार अंतिम यात्रा मांडर से होते हुए विभन्न जगहों से होते हुए कटहल मोड़, दो बजे सुजाता चौक , लगभग 3 बजे पुरुलिया रोड पहुंचेगी। जहां कार्डिनल के पार्थिव शरीर को संत मैरी कैथेड्रल पुरुलिया रोड में अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा।

# जिला अभियंता गुप्तेश्वर के खिलाफ बाबूलाल मरांडी से की गई शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड छात्र परिषद के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी पीयूष आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में वर्तमान सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के राँची जिला परिषद सहित राज्य के कई जिला में चल रहे अनियमित ट्रांसफर पोस्टिंग एवं लूट खसोट के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया । बैठक में 11/ 10/ 2023 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में जानकारी देते हुए पीयूष आनंद ने बताया गया कि अभी वर्तमान में पदस्थापित जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम को बनाया गया है जिन्हें अगस्त 2023 में कनीय अभियंता ( पथ निर्माण विभाग ) से सहायक अभियंता (22 मई 2023) पदन्नोति के उपरांत बनाया गया एवं अगस्त 2023 में ही गुप्तेश्वर राम को सहायक अभियंता से जिला अभियंता के प्रभार दिया गया है जो को नियम के विरुद्ध है एवं ग्रामीण विकास विभाग के जिला परिषद राँची में हो रहे अनियमित लूट खसोट को लेकर झारखंड छात्र परिषद का प्रतिनिधि मंडल इस विषय को लेकर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भरतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर ज्ञापन सौंप चुका है । लेकिन अभी तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ऐसे लोगों पे कोई कार्यवाही नही की गई है । पीयूष आनंद ने बताया कनीय अभियंता से सहायक अभियंता में प्रोन्नत हुए ई गुप्तेश्वर राम , जिन्हें सहायक अभियंता के कार्य का 1 दिन का भी अनुभव नही है उनसे कैसे उम्मीद किया जा सकता है कि जिला अभियंता जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्य ठीक ढंग से करेंगे ये एक जाँच का विषय है ।बैठक में बताया की नियम के अनुसार आर ईओ कैडर के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता जिला परिषद में कार्य नहीं कर सकते हैं ,परंतु गुप्तेस्वर राम को जिला अभियंता जिला परिषद राँची का प्रभार दिया गया जो कि गलत है । जबकि रांची जैसे बड़े जिले में जहां पर वरिष्ठ कार्यपालक अभियंता होते हुए भी जिन्हें 10 से अधिक वर्षो का अनुभव प्राप्त है उनके जगह पर गुप्तेश्वर राम जैसे नवसीखिया सहायक अभियंता को जिला अभियंता जैसा महत्वपूर्ण पद कैसे दिया गया ये भी गहन जाँच का विषय है ।इसी तरह का खेल राज्य के कई जिलों में चल रहा है जिसके कारण राज्य के विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है ।इस विषय की सूचना विभाग के मंत्री को भी पूर्व में भी दी जा चूंकि है परंतु तत्काल तक कोई भी कार्यवाही नही की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर विभाग द्वारा इस विषय मे आवश्यक कार्यवाही नहीं कराई जाती है तो परिषद द्वारा आंदोलन किया जाएगा ताकि ग्रामीण विकास विभाग में हो रहे लूट-खसोट को रोका जा सके ।बैठक में झारखंड छात्र परिषद के प्रभारी पीयूष आनंद , राहुल सिन्हा , राकेश सिंह , रंजीत उरांव , ज्योति साहू , आयुष सिंह , अर्जुन राम , श्रवण कुमार , अकबर कुरेशी सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे ।

## झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम समिट 11 से 13 अक्टूबर तक रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम समिट 11 से 13 अक्टूबर तक रांची के पुराने विधानसभा में आयोजित होगा। यह तीन दिवसीय समिट का थीम वैश्विक स्तर पर झारखंड को एक अलग पहचान दिलाना, भारत में नंबर वन राज्य बनाना, कौशल निर्माण, युवाओं को सशक्त बनाना, क्रिएटिंग फ्यूचर है। ये बातें मंगलवार को फोरम के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहीं।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम नामक संस्थान की ओर से किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड को भारत का नंबर वन राज्य बनाना, वैश्विक स्तर पर हमारे झारखंड के आत्मविश्वास को बढ़ाना, युवाओं का झारखंड कला,खेल, तकनीकी, साहित्य एवं उद्यम, नए झारखंड के निर्माता को नमन, युवा शक्ति, युवा संवाद, हमारा स्वर्णिम भविष्य, मेरे राज्य का प्रवासी झारखंडवासी, मेरी विरासत मेरा जीवन जैसे बिंदुओं पर चर्चा और विचार-विमर्श होगा। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन, लंबे संघर्ष, हजारों लाखों लोगों के त्याग, समर्पण, बलिदान और उनके शहादत के बाद 15 नवंबर, 2000 को भारत के भूखंड पर झारखंड बिहार से अलग होकर एक राज्य के तौर पर स्थापित हुआ।

यह झारखंड राज्य अगले कुछ ही दिनों में 23 वर्ष का हो जाएगा यानी हमारा यह प्रदेश पूरे तरीके से युवा झारखंड बन जाएगा।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पंजाबी हिंदू बिरादरी के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पंजाबी हिंदू बिरादरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 24 अक्टूबर 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहण कार्यक्रम मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष रावण



दहण कार्यक्रम के दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जाएगी, जो मुख्य आकर्षण होंगे।इस अवसर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, महासचिव राजेश मेहरा, प्रवक्ता-सह-मीडिया प्रभारी अरुण चावला, अध्यक्ष दशहरा कमेटी 2023 रंदीप आनंद, सचिव कुणाल अजमानी उपस्थित थे।

## प्रभारी कुलपति ने बीएयू में कामकाज दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने मंगलवार को बीएयू का दौरा किया। उन्होंने कुलसचिव डॉ एमएस मलिक और निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद के साथ विश्वविद्यालय का कामकाज दुरुस्त करने के उपायों पर परामर्श किया। कुलपति ने निदेशक प्रशासन को निर्देश दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के सभी कर्मी अपने केन्द्रों पर तैनात रहें और पूरा समय दें, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। केवीके का कामकाज प्रभावी रहेगा तभी जिला स्तर पर कृषक समुदाय को कृषि तकनीकों और योजनाओं की समुचित जानकारी मिल पाएगी। सिद्दीकी ने मिलने आये विश्वविद्यालय के कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। वानिकी स्नातकों के लिए नियोजन नीति तैयार करने की मांग को लेकर वानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी भी उनसे मिलने आए और आग्रह किया कि झारखंड राज्य वन विकास निगम में तकनीकी पदों पर प्राथमिकता के आधार पर वानिकी स्नातकों को बहाल किया जाए।

उनकी मांग थी कि इसके लिए सरकार और और विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र समुचित कदम उठाया जाए।

# हजरत सयैद हसन अली के मजार पर हुई चादरपोशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** धनबाद पुलिस परिवार की ओर से धनबाद जिले में स्थित हजरत सयैद हसन अली रहमतुल्लाह अलैह स्टेशन रोड मजार पर चादरपोसी का एहतमाम किया गया है। जिसमें जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक(मुश),सारजेंट मेजर और धनबाद शाखा के पुलिस पदाधिकारी और इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के



प्रांतीय वरीय सयुंक्त सचिव मोहम्मद महताब आलम इस कार्यक्रम में रांची से धनबाद आए थे और इसमें रितेश सिंह, कमलेश रवि ,मो कमल ,रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू नवल किशोर सिंह, अनिल सिंह ,शमशाद आलम ,जॉन उरांव, सार्जेंट मेजर दीपक प्रसाद, अनवर हुसैन मसूरी ,मोहिद्दीन खान, साजिद खान ,फिरोज खान ,आमिर खान, नौशाद आलम एवं बहुत संख्या में पाधिकारी एवं पुलिसकर्मी सभी लोगों ने दुआ मांगे कि राज्य मे अमन चैन रहे, भाईचारा बनाया रखा जा सके।

उक्त जानकारी संजीव सिंह अध्यक्ष झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा-धनबाद ने दी।

# डीसी ने शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति दी

**प्रभाात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा धुर्वा थाना काण्ड सं0-13/ 23 - 09.01. 2023 से सबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन उपरान्त शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। धुर्वा थाना काण्ड सं0-13/ 23 दिनांक-09.01. 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. मनीष तिग्गा, पे0 विनोद तिग्गा, सा0-गागी टोली, थाना-नगडी, जिला - रांची 2 जीतु बाखला, पे0-चिड़ा बाखला, सा0- गागी टोली, थाना-नगड़ी, जिला-रांची को दिनांक 23.01.2023 को गिरफ्तार किया गया था। उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक-08-01-2023 को लूट पाट के उद्देश्य से इस काण्ड के वादी राजु सिंह, पे0-स्व0 राम सिंह सा0 नगला हीरादास न्यू विकास स्कूल के पास, भरतपुर, जिला-भरतपुर (राजस्थान) जो की टेलर रजि0स0 आरजे05-जी-4365 के चालाक पर जानलेवा हमला किया गया था। प्राथमिकी अभियुक्त 1. मनीष तिग्गा, 2. जीतु बाखला द्वारा अपने-अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए अपने सहयोगी का नाम 3. दुलाल तिर्की, पे0-बिरसा तिर्की, सा0-बेटे, थाना-नगड़ी, जिला-रांची, 4. राजु बाखला, पे0 शनिवरवा बाखला, सा0-सोदाग, थाना-तुपुदाना, जिला-रांची एवं 5. कुंदन गोप, पे0-स्व0 धीरन गोप, सा0--मोरा, थाना-ईटकी, जिला -रांची बतलाया गया । अभियुक्त मनीष तिरंगा के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 एम0एम0 बौर का 01 (एक) देशी निर्मित कट्टा एवं 315 एम0एम0 (08 एम0एम0) बोर का 01 (एक) जिन्दा गोली उसके घर में बोरा के अन्दर से एवं घटना में प्रयुक्त एक बजाज कम्पनी का प्लसर 220 मोटरसाईकिल रजि नं0 जे0एच0-01डी0 क्यू0-8508 बरामद किया गया। पुअनि सतीश कुमार राम, धुर्वा थाना, जिला - राँची द्वारा समर्पित प्रतिवेदनों एवं पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची के द्वारा अनुशंसित इस काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्त 1 कुंदन गोप, पे0 स्व0 धीरन गोप, सा0-मोरा, थाना-ईटकी, जिला-रांची के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25 ( 1-बी ) जी / 26 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## ए-हेल्प प्रोग्राम के जरिये झारखंड के गांवों में आर्थिक स्वावलंबन लाने में मदद मिलेगी : मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्र ने भरोसा जताया है कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर शुरू किए गये ए-हेल्प प्रोग्राम के जरिये झारखंड के गांवों में आर्थिक स्वावलंबन लाने में मदद मिलेगी। जिन 2000 पशु सखियों को इस प्रोग्राम के माध्यम से 16 दिनों तक स्पेशल ट्रेनिंग मिलेगी, वे गांवों में पशु स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन, पशुओं के टीकाकरण और दूसरे कार्यक्रमों में बड़ा रोल और प्रभावी तरीके से अदा कर सकेंगी। महिला सशक्तीकरण का भी आदर्श उदाहरण बनेंगी।

मंत्री ने पशुपालन विभाग की ओर से हेसाग स्थित कार्यालय में मंगलवार को आयोजित ए-हेल्प कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बादल ने खुशी जताते कहा कि ए-हेल्प प्रोग्राम के लिए केंद्र की ओर से देश के 7 राज्यों को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चुना गया है, जिसमें से एक झारखंड भी है। मध्य प्रदेश के बाद झारखंड में इस प्रोग्राम की लॉन्चिंग हुई है। राज्य में इस काम में एनडीडीबी जैसी संस्था का भी सहयोग मिलेगा। पूर्व में राज्य में 80 हजार लीटर दूध प्रतिदिन प्रोडक्ट होता था, अब एनडीडीबी के सहयोग से यह 2.50 लाख लीटर हो चुका है।

## राज्य के मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को अवकाश

**रांची :** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का पार्थिव शरीर 11 अक्टूबर को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य के मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी की घोषणा की गयी है। झारखंड ख्रीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। रोमन कैथोलिक (आरसी मिशन) द्वारा संचालित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में फादर और सिस्टर के द्वारा पठन- पाठन का कार्य किया जाता है।

## इप्टा का पांचवा राज्य कॉन्फ्रेंस में बनी नई कमेटी, अध्यक्ष पर होगा विचार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा का पांचवा राज्य कॉन्फ्रेंस रांची के बड़ा तालाब स्थित शफीक भवन में किया गया । इस मौके पर देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा की गई और (इप्टा) भारतीय जन नाट्य संघ अपने सांस्कृतिक, नाट्य और कलाकारों की हालत पर भी बातें की और किस तरह से इस पर काम करें और सांस्कृतिक गतिविधियों को तेज कर आम जन तक कैसे पहुंचे इस पर भी विचार किया गया।

राज्य व जिला के युवाओं को किस तरह से इप्टा संगठन से जोड़ेगा इस पर भी गहण विचार विमर्श किया गया । वहीं कार्यक्रम की शुरुआत इप्टा के झंडोत्तोलन से हुआ। शोक प्रस्ताव रवि शंकर ने किया । वहीं सांगठनिक पदाधिकारियों और राज्य परिषद , कार्यकारिणी का गठन किया गया।




**संरक्षक मंडल में:** पद्मश्री मधु मंसूरी , रानेंद्र कुमार , पंकज मित्र , गणेश मुर्मू ,अहमद बद्र,सुरेश सिंह,दुनिदा, मृत्युंजय शर्मा, अशोक यादव, हीरा को चुना गया । कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष कैंसर परवेज,प्रेम प्रकाश, फरजाना फारूकी और महासचिव अर्पिता श्रीवास्तव, सचिव रवि शंकर, ज्योति मल्लिक, सुमेधा मल्लिक, शीतल बागे। वहीं अध्यक्ष पद पर अभी विचार किया जा रहा है।

**कोडीनेशन कमेटी में :** वरिष्ठ रंगकर्मी श्यामल मल्लिक, डा मिथलेश, विनय भूषण, संजय चौधरी, अनुज तिवारी,उपेंद्र कुमार ,आलोका कुजूर, सच्चिदानंद मिश्रा, परवेज कुरैशी,ऋषि, पवन , संजय चौधरी , अजय सिंह को मौका मिला।

**संगीत प्रभाग:** विकास कुमार पप्पू,शेखर, मल्लिक, परवेज आलम।

**नाटक प्रभाग:** प्रेम प्रकाश,महेश अमन।

कोषाध्यक्ष में श्यामल चक्रवर्ती।

इस मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी साहित्य कर्मी शैलेंद्र कुमार , उपेंद्र मिश्रा, शशि भूषण, डा मिथिलेश, श्यामल मल्लिक, प्रदीप तरफदार, आलोका, फरजाना, प्रेम प्रकाश, परवेज कुरैशी, सहित राज्य के चाईबासा, कतरास, गढ़वा, जमशेदपुर एवं अन्य राज्यों के इप्टा के कलाकारों व साथी गण उपस्थित हुए और अपने-अपने विचारों से लोगों को अवगत कराया और नई कमेटी के चुने गए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# जेसीआई रांची का एक्सपो उत्सव 2023 कल से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची सबसे बड़े ट्रेड फेयर एक्स्पो उत्सव 2023 को लेकर तैयारियां पूरी होने को है जिसका आयोजन जेसीआई राँची द्वारा 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक राँची के मोराबादी मैदान में किया जा रहा है। इस वर्ष यह एक्सपो का 26 वाँ संस्करण है। 9 अक्टूबर 2023 सोमवार को एक्सपो उत्सव के ऑफिस मोराबादी मैदान में डीलर कम इनफ्लुएंसर मीट एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी थीं। उन्होंने कहा की एक्सपो राँची का त्योहार है और वो भी हर वर्ष एक्सपो में आती हैं चाहे अतिथि बन कर या फिर घूमने। वो बोली की उन्होंने एक्सपो को टाउन हॉल से मोराबादी मैदान तक बड़ा होता हुआ देखा है। डॉ. महुआ माजी ने जेसीआई के सदस्यों के साथ-साथ सभी स्टॉल धारकों को बधाई देते हुए एक्सपो के सफलता के लिए शुभकामनाएं दी, साथ ही साथ उन्होंने राँची वासियो से कहा की इस उत्सव में सभी लोग बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दें।एक्सपो उत्सव 2023 के टाइटल स्पॉन्सर अदिति ओरो डेंटल केयर, शैलबाए डिवाइन, अनअकैडमी एवं एसोसिएट पार्टनर तेजस्विनी कंस्ट्रक्शन, फोटोन गैलेक्सी, बागला सिक्योरिटीज एंड ऑटोमेशन, अल्पाइन मैंगो टैंगो, कैफिनेटर्स, बालाजी नमकीन, एआरबी फोटोग्राफी एवं स्वर्ण भूमि बैंक्वेट है। जेसीआई राँची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस एक्सपो में राँचीवासी सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक खरीदारी का आनंद ले सकते हैं। इस बार एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल लगा रहे हैं।एक्सपो 2023 के मुख्य संयोजक संजय जैन ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो हम सभी के लिए बेहद खास होने वाला है, इस वर्ष एक्सपो के दौरान यंग एंटरप्रेन्योर्स के लिए ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है, यह ट्रेनिंग जेसीआई के आईकॉनिक ट्रेनर श्रीजा धवर एवं देश के जाने-माने लेखक शिव खेड़ा के द्वारा दिया जाएगा। सचिव तरूण अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हर वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं ।

जैसे : मिसेज एक्सपो राँची 12 अक्टूबर 4:00 पीएम, ट्रेजर हंट 13 अक्टूबर 3:00 पीएम, डॉग शो 13 अक्टूबर 3:30 पीएम, एक्सपो सुपर तंबोला 13 अक्टूबर 6:00 पीएम, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो 14 अक्टूबर 11:00 एएम, वॉइस ऑफ एक्सपो 14 अक्टूबर 3:00पीएम, फैशन शो 14 अक्टूबर 7:00 पीएम, पेंटिंग कंपटीशन 15 अक्टूबर 11:00 एएम, फैंसी ड्रेस कंपटीशन 15 अक्टूबर 3:30पीएम, डांस कंपटीशन 15 अक्टूबर 5:30 होंगे।

इस कार्यक्रम में 100 से अधिक डीलरों के साथ साथ राँची के कई जाने-माने इनफ्लुएंसर्स ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक ऋषभ जैन, अक्षत अग्रवाल एवं अमन सिंघानिया थे। आज के इस कार्यक्रम में एक्सपो 2023 की सह संयोजक प्रतीक जैन, सनी केडिया, राहुल टिबढेवाल एवं पूर्व अध्यक्ष केदार मित्रा, संजीव तुलस्यान, बिमल जेजानि, अनिल अग्रवाल, विजय पटेल, आनंद धानुका, अनंत जैन, राकेश जैन व सदस्य सिद्धार्थ जयसवाल, सुशील केडिया, नरेंद्र सिंह, संजय शर्मा, पीयूष केडिया, चंद्रेश बजाज, साकेत अग्रवाल, वरुण जालान आदि मौजूद थे। यह जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई राँची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दिया।

## जमीन घोटाला मामले में दो आरोपितों की जमानत पर सुनवाई 19 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीन घोटाला मामले के दो आरोपितों इम्तियाज और सद्दाम की जमानत याचिका पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने दोनों की जमानत पर 19 अक्टूबर को विस्तृत सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इम्तियाज और सद्दाम ने अधिवक्ता स्नेह सिंह के माध्यम से ईडी कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई थी। ईडी ने सद्दाम



और इम्तियाज को अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। ईडी ने राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री में मामले में दोनों आरोपित हैं।

## विधायक ने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड अंतर्गत खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने तीन योजनाओं की शिलान्यास रखी। सर्वप्रथम विधायक ने नामकुम प्रखंड के सतरंजी में विधायक निधि से स्वीकृत राँची-खूँटी रोड से मंगरा कच्छप के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य, ग्राम- सतरंजी में जीतू कच्छप के घर से कब्रिस्तान तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य एवं ग्राम सोढा में नगर विकास एवं आवास विभाग से खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर स्वीकृत राँची क्षत्रीय विकास प्राधिकार अन्तर्गत सोढा में कुसुम ढीपा चौक से प्राइमरी स्कूल तक बिटुमिनस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किए। उक्त तीनों योजनाओं की आधारशिला रखने के बाद विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खिजरी विधानसभा का संपूर्ण विकास के लिए हम प्रतिबद्ध है हमारी पूर्णता कोशिश रहती है की हम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर नेतृत्व करें और कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें। साथ ही विधायक ने कहा विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए अभी सैकड़ो शिलान्यास करना बाकी है जो जल्द होगा। ग्रामीणों से अनुरोध किया कि उक्त तीनों योजनाओं की देख रेख सही तरीके से हो तथा संवेदक को भी सही तरीके से गुणवत्ता पूर्ण काम करने की हिदायत दी। मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद् सदस्या रीता होरो, मुखिया जीता कच्छप, पंसद मंगरा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, जफर इमाम, रांची जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, करन मुण्डा, मादिया तिर्की, रोज लकड़ा, राम बाण्डो, छोटू तिर्की, बेरोनिका होरो एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## चान्हो थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा को लेकर मंगलवार को चान्हो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थाना प्रभारी रंजय कुमार ने शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को कहा। इस मौके पर उपस्थित लोगों से थाना प्रभारी ने अपील करते हुए कहा कि यह पर्व अमन चैन के साथ आपसी भाईचारे को कायम रखने का है। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें और कुछ हो तो तुरंत सूचना पुलिस को दें। पूजा के दौरान पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना है जहां तक संभव हो। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी हाल में दुर्गा पूजा के मौके पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो। वहीं पूजा संबधित और भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर मुखिया झमको मुंडा अजीत सिंह मोहमद मोजीबुल्लह मुखिया शिव उरांव सफीक आलम जुल्फान अंसारी गयस मियां जुल्फेकर अंसारी सहित विभिन्न दुर्गा पूजा कमिटी से जुड़े लोग मौजूद थे।



## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का किया गया शिलान्यास

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तृतीय चरण के तहत एनएच23 गढ़गांव से इटकी त्रिविंधा चौक तक करीब सवा पांच किश्मीश सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत व पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत रूप से शिलापट से पर्दा हटाकर किया। ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा कराए जाने वाले सड़क का प्राक्कलन राशि पौने चार करोड़ रुपये है। सहायक अभियंता प्रदीप कुमार रविदास ने बताया सड़क की चौड़ाई 25 फीट होगी, जिसमे जिसमे 12.4 फीट कालीकरण किया जाना है। पुल पुलिया भी बनाये जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िप सदस्य रीना देवी, मांडर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, राजेश्वर महतो, कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली,नरेश साहू, घोमा सिंह, बबलू गुप्ता, फिरोज मंसुरी, आलोक कुमार साहू, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।



## जिप सदस्य के प्रयास से चान्हो पंडरी में लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो पश्चिमि के जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम के सफल प्रयास से ग्राम पंडरी मे 24 घंटे मे नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य का आभार व्यक्त किए। जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि एकबाल अंसारी के द्वारा फिता काटकर उद्घाटन किया गया। गांव में नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीण काफी प्रसन्न दिखें। मौके पर खलील अंसारी, असीर अंसारी, हुसैन अंसारी, मिन्हाज अंसारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## प्रखण्ड मुख्यलय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कोर्डिनेसन कमिटी की बैठक संपन्न

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी का कोर्डिनेसन कमिटी का बैठक रखा गया जिसमें लोहरदगा लोकसभा प्रभारी श्री सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा संयोजक प्रदीप तुलस्यान L,L,CDM आलोक साहू रांची जिला प्रभारी शिवकुमार भगत रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो PCC डेलीगेट मजकुर आलम सिद्दिकी सामिल हुए साथ में सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव चान्हो प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी मांडर प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, इटकी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, लापुंग प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, सभी प्रखंड के मंडल अध्यक्ष बेड़ो मंडल अध्यक्ष पूर्वी पंचू मिंज,पश्चिम मीर मुस्लिम, लापुंग से सुदामा महली, इटकी मंडल से अबू माज, मांडर से होसे उरांव, तबारक खान, संजय तिग्गा, चान्हो से मंगलेश्वर उरांव, और सुजीत शाही उपस्थित हुए इस बैठक में आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव को ख्याल में रखते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए हर प्रखंड अध्यक्ष को सभी कमेटी को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया द्य



# खूंटी में तीन दिनों से पेयजलापूर्ति ठप त्योहारी सीजन में लोग हो रहे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** शहरी क्षेत्र में तजना जलापूर्ति केंद्र से होने वाली जलापूर्ति तीन दिनों से पूरी तरह से ठप है। त्योहारी सीजन में पेयजलापूर्ति ठप हो जाने से शहर वासियों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजलापूर्ति ठप होने के कारणों की पड़ताल करने पर बताया गया तजना नदी में बने इंटक वेल में स्थापित मोटर पंप खराब हो जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बताया गया कि खराब हुई मोटर पंप की मरम्मत कराई जा रही है, लेकिन कब तक पेय जलापूर्ति सुचारू होगी इस विषय में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूर दराज के गांव तक नल से जल पहुंचाने की बातें कर रहे हैं। लेकिन खूंटी के शहरी क्षेत्र के लोगों का यह दुर्भाग्य है कि 70 के दशक में स्थापित तजना जलापूर्ति केंद्र से आज तक कभी भी लगातार निर्वाध जलापूर्ति नहीं हो पाती है। आए दिन इंटक वेल अथवा फिल्ट्रेशन प्लांट में स्थापित मोटर पंप के खराब होने अथवा पाइप लाइन में कहीं ना कहीं लीकेज होने की स्थिति में लगातार कई दिनों तक पेयजलापूर्ति ठप पड़ जाना खूंटी के लिए एक नियति बन गई है। खूंटी के शहरी क्षेत्र में निर्वाध जलापूर्ति के लिए अब तक करोड़ों की राशि पानी में बहा दिया गया, लेकिन लोगों के घर तक नल से समुचित मात्रा में पानी नहीं पहुंच सका है। स्थिति यह है कि विगत कुछ माह से दोनों शाम होने वाली जलापूर्ति की जगह सिर्फ एक शाम सुबह में ही जलापूर्ति की जा रही है, वह भी आधा अधूरा। जलापूर्ति के नाम पर की जा रही इस खानापूरी से शहर के ऊपरी हिस्से में बसे मोहल्लों में जब तक नल से पानी गिरना शुरू होता है तब तक जलापूर्ति बंद हो जाती है। इस स्थिति में कुछ घरों में महज एक दो लोटा पानी ही नल से मिलता है, जबकि कई घरों में तो नल से सिर्फ हवा ही निकलकर बंद हो जाता है। पानी जैसे अति आवश्यक सेवा के प्रति संबंधित अधिकारी किस प्रकार अपनी जिम्मेवारी से लापरवाह बने रहते हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फिल्ट्रेशन प्लांट में दशकों पूर्व स्थापित 50 एचपी के मोटर पंप का फाउंडेशन पिछले कुछ माह से हिल गया है लेकिन इसे ठीक ना कर उसे वैसे ही छोड़ दिया गया है और उसके स्थान पर कम क्षमता वाले मोटर पंप का उपयोग कर फिल्ट्रेशन प्लांट से जलमीनार में पानी चढ़ाया जा रहा है। कम क्षमता वाले मोटर पंप से जल मीनार में पानी चढ़ाने से जलमीनार को पूरी तरह भरने में काफी समय लगता है नतीजतन जल मीनार को आधा अधूरा भरकर ही शहर में एक समय पानी की सप्लाई की जा रही है जिससे ऊपरी हिस्से में बसे मोहल्ले के लोगों को महिनों से नल से समुचित मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। इस बीच त्यौहारों का मौसम शुरू हो गया है लेकिन जलापूर्ति की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार न होने से लोगों को यह चिंता होने लगी है कि त्यौहार के दौरान भी अगर जलमीनार को आधा अधूरा भरकर जलापूर्ति के नाम पर खाना पूरी की गई तो जलापूर्ति के पानी पर आश्रित सैकड़ों शहर वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शहर में जलापूर्ति की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार न होने पर लोग स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी जिम्मेदार बताते हैं। लोगों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भी जलापूर्ति के नाम पर की जा रही खाना पूरी की कभी सुध नहीं लेते। जिससे संबंधित अधिकारी भी अपनी जिम्मेवारी का सही से निर्वहन न करते हुए इस अति आवश्यक सेवा के प्रति लापरवाह बने रहते हैं।

## पिपरवार में सीसीएल स्तरीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की मेजबानी मे बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे मंगलवार से दो दिवसीय सीसीएल स्तरीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय उपस्थित थे।इस मौके पर स्थानीय अधिकारियो ने बुके देकर जीएम श्री सहाय का स्वागत किया,जिसके बाद जीम ने खेल ध्वज फहराकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।दो दिवसीय इस सीसीएल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सीसीएल के सभी क्षेत्रो की टीम शामिल है।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला सीसीएल के मगध संघमित्रा बनाम अमरपाली चंद्रगुप्त एरिया के बीच खेला गया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि हमारा सबसे पुराना खेल कबड्डी है और कई राज्यो मे यह प्रमुख खेल है।उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा समय-समय पर सभी तरह के खेलों का आयोजन कराया जाता है।इस बार पिपरवार में अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें उत्साह के साथ सभी क्षेत्रों की टीम शामिल है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और कंपनी का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।खेल हमारे स्वस्थ शरीर के लिए काफी जरूरी है।दो दिवसीय इस कबड्डी प्रतियोगिता का आज समापन किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा होगें।



## आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के होशिर गांव में तेज रफ्तार कोल वाहन ने चार घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोल वाहन के इस कहर से स्थानीय ग्रामीण बाल बाल बच गए।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की आधी रात कोयला लेकर तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रक जेएच 29ऐ- 3570 पिपरवार थाना क्षेत्र के होशिर मिडिल स्कूल के पास एक साथ लगातार चार घरों को अपनी चपेट मे ले लिया।घरों को ध्वस्त करने के बाद ट्रक सड़क के किनारे एक घर के समीप पलट गया।घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गया।वहीं घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।जिसके बाद मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और कोल वाहनों का परिचालन बंद कर दिया।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक ने गणेश महतो पिता स्व.रूपण महतो,इंजन महतो पिता सोमर महतो,संतोष महतो पिता स्व. सदानन्द महतो का घर पुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।वही छ्ठु महतो पिता सुकर महतो के घर के आगे ट्रक पलट गया,जिसके कारण घर का रास्ता पूरी तरह से जाम हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर कोल वाहनों का परिचालन काफी तेज रफ्तार से होती है,जिसके कारण आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है।घनी आबादी वाले इलाके से बेधड़क कोल वाहनों का परिचालन हो रहा है,इसके रोकथाम के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा देने और घनी आबादी वाले सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।उक्त ट्रक खलारी के डकरा का बताया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्र समेत बाइक सवार गंभीर रुप से घायल

**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत बंता दुर्गा मंदिर के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्रा समेत बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार बंता निवासी सुशैन कुम्हार उम्र 37 वर्ष अपने बाइक पर सवार होकर सिल्ली तरफ से अपने घर बंता जा रहे थे ।

उसी क्रम में दुर्गा मंदिर के समीप सरकारी स्कूल के पास छात्र को बचाने के क्रम में एक स्कुली छात्रा को अपने चपेट में ले लिया। जिससे छात्रा को हल्की सी चोट आई है एवं बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया दोनों घायलों को सिंगपुर नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया। छात्रा को प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया।

# खलारी में रोजगार का सबसे बड़ा साधन है सीसीएल परियोजनाओं का कोल डंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल की एनके एरिया के परियोजनाओं का कोल डंप रोजगार क्षेत्र का सबसे बड़ा साधन है.कोयला क्षेत्र होने के कारण खलारी का पूरा रोजगार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोयला से ही जुड़ा हुआ है. यहां संगठित मजदूर हैं जो सीसीएल के कामगार हैं. वहीं काफी संख्या में असंगठित मजदूर हैं जो आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से रोजगार पाते हैं. इसके बाद बचता है कोयले के रोड सेल से रोजगार पाना. दरअसल सीसीएल को कोयले का उत्पादन करने के बाद उसे बेचना भी होता है. उत्पादित कोयले का अधिकतर भाग सीसीएल द्वारा फ्यूल सप्लाई एग्रीमेंट के तहत देश के विभिन्न ताप विद्युत संयत्रों सहित अन्य कारखानों को न्यूनतम मूल्य पर बेचा जाता है. बोल चाल की भाषा में लोग इसे लिंकेज का कोयला भी कहते हैं. यह कोयला या तो सीधे रेल मार्ग से अथवा आरसीआर (रोड कम रेल) मोड से थर्मल पावर स्टेशन को भेजा जाता है. कोयला बिक्री का दूसरा माध्यम ई-आक्शन है. इसमें सीसीएल के तय न्यूनतम मूल्य के उपर खरीदार आनलाइन आक्शन में भाग लेते हैं. कोयले के खरीदार ई-आक्शन में खरीदा गया कोयला सेल आर्डर के अनुसार रोड मोड या आरसीआर मोड से अपने गंतव्य तक ले जाते हैं.परियोजनाओं के कोल डंप से इसी कोयले का उठाव होता है. इसे परियोजना का पिट स्टाक भी कहा जाता है.

परियोजनाओं के खदान के लिए जिन रैयतों का जमीन अधिग्रहण कर लिया जाता है, उनके पुनर्वास से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की पूरी जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन की होती है.जिन कोल डंपों से ई-आक्शन के कोयले का उठाव होता है वहां कई तरह के आउटसोर्सिंग कार्य के अवसर होते हैं. ई आक्शन से खरीदे गए कोयले के सेल आर्डर में यह शर्त होता है कि परियोजना के पिट स्टाक से कोयले का उठाव स्वतः कर लेना है.कोयले का उठाव करने के लिए लिफ्टर को आउटसोर्स के रूप में पे-लोडर, मजदूर, मुंशी आदि की आवश्यकता होती है. विस्थापित परिवार अपने संगठन के माध्यम से इसी आउटसोर्स में रोजगार पा लेते हैं. इतना ही नहीं पूरे खलारी प्रखंड के बेरोजगार युवा जो विस्थापित नहीं हैं, वे भी इस रोड सेल में कहीं न कहीं अपना रोजगार ढूंढ लेते हैं. विस्थापितों के इन संगठनों को ही विस्थापित संगठन, डंम संचालन समिति, शांति समिति जैसे नाम दिए गए हैं. यदि ये संगठन न हों तो कोयला खरीदार से लेकर कोयला लिफ्टर तक विस्थापित ग्रामीणों का शोषण करने लगेंगे.

## बचरा उत्तरी पंचायत में महिला समूह का वार्षिक आमसभा हुआ संपन्न

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को बचरा आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर महिला समूह के द्वारा बुके देकर मुख्य अतिथि गुंजन सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बचरा की महिला समूह को झारखंड सरकार द्वारा मान्यता मिलने पर खुशी प्रकट किया गया। कार्यक्रम में एक वर्ष के लेखा-जोखा का आय व्याय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा महिला समूह को सशक्त एवं मजबूत बनाने पर चर्चा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया गुंजन सिंह ने कहा कि महिला समूह से जुड़कर पंचायत की महिलाएं रोजगार का साधन प्राप्त कर रही है। साथ ही झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के माध्यम से पंचायत की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से कोयलांचल क्षेत्र की महिला समूह को हर संभव मदद दिलाने का काम किया जाएगा।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन कार्यालय में सिविल सर्जन एवं खूंटी डालसा सचिव, मनोरंजन कुमार द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई एवं इसके कारणों एवं निदान पर विस्तृत चर्चा सिविल सर्जन द्वारा की गई ।डालसा सचिव, मनोरंजन कुमार द्वारा-इसके कानूनी पहलुओं के संबंध में बताया गया द्व इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ,एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सदस्य एवं स्वास्थ्य बिभाग के सभी कर्मी मौजूद रहे द्व आज सिविल सर्जन सभागार में मासिक बैठक के साथ ङ्क अनीमिया मुक्त झारखंड अभियान का उद्घाटन किया गया द्व इस बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ,एवं सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई , टी.बी,मलेरिया ,कुष्ठ ,द्बष्ठस्क्क,ह्रष्टष्ठ , मानसिक स्वास्थ्य (सोशल वर्कर) के कर्मियों के साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी- डॉ प्रभावती टोपनो के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी कर्मी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को सभी प्रखंडों में - एनीमिया मुक्त झारखण्ड ङ्ककार्यक्रम सप्ताह के लिए सभी सम्बंधित कर्मियों को दिशा निर्देश दिया गया ।

## सरना प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा गढ़गांव के तत्वावधान में सोमवार को सरना प्रार्थना सभा का 23 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पाहन पुनई उरांव द्वारा सरना रीति रिवाज के तहत विधिवत पूजा अर्चना कर झंडा बदली किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा संगठित होकर आदिवासी अपनी संस्कृति व सभ्यता को अक्षुण बनाये रखे। तभी , जल जंगल, जमीन को बचाया जा सकता है। वक्ताओं ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि अपने बच्चों को खूब पढ़ायें। शिक्षा से ही समाज का विकास होगा। कार्यक्रम में सरना प्रार्थना सभा के दर्जनों गांव के खोड़हा दलों व लुर कुड़िया रात्रि पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा सरना भजन, भाषण सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुखदेव उरांव, खददी उरांव, सुशील उरांव, सुभाष, संदीप, विकास, बुधु, रजनी उरांव, राणा उरांव, राजेश तिग्गा सहित चचगुरा, मोरो, पलमा केसारो, हरही डूमर टोली, गढ़गांव, टाटीसिलवे, भूसुर, लोहरदगा, गुमला व सिमडेगा के सरना समाज के लोग शामिल हुए।


## बेड़ो प्रखंड में विदाई सह स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

**बेड़ों (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में मंगलवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार को नम आंखों से विदाई दी गई जबकि अंचल अधिकारी सुमन्त तिर्की का नए बीडीओ के रूप में स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए अपने सवा दो वर्षों का कार्यकाल कि हम यादें साझा करते हुए कहा कि जीवन का यह 2 वर्ष मेरी जिंदगी में सदा ही अविस्मरणीय रहेगा। आप लोगों का इसमें प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है इसे मैं कभी भुला नहीं सकता। चाहे जनप्रतिनिधि हो समाजसेवी आम ग्रामीण सभी से मुझे सम्मान और प्रेम मिला है जो कभी भुलाया न जा सकेगा। हमारे कार्यकाल में हमारा प्रखंड हमेशा बुलंदियों पर रहा है जिसका श्रेय मैं अपनी कर्मियो को और आप सबको देता हूं। हमारी फील्ड स्टाफ और ऑफिस स्टाफ ने जिस तरह से अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने बेहतरीन सहयोग के लिए सारे लोगों का आभार व्यक्त किया। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी सह नव प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन तिर्की ने कहा कि विगत कई वर्षों से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार के साथ कार्य करने का अवसर मिला उनके साथ किया हुआ कार्य हमेशा मेरे लिए यादगार है। आज डॉक्टर प्रवीण कुमार भले ही यहां से जा रहे हैं लेकिन उनकी यादें हमेशा हम लोगों के साथ रहेंगे। मैं आप सभी के सामने कहता हूं कि इनके किए हुए कार्यों को प्रखंड विकास पदाअधिकारी के रूप में मैं आगे बढ़ता रहूंगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, नवल किशोर, मजकूर सिद्दीकी, सादुल्लाह साहित्य अन्य ने अपने विचार रखें। सभा का संचालन सद्दाम अंसारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन तिर्की ने किया। विभिन्न पंचायत की महिला मुखिया ने शानदार जीत के जरिए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार को विदाई दी वहीं नए प्रखंड विकास पर अधिकारी सह अंचल अधिकारी सुमन्त तिर्की का स्वागत गान के साथ किया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, फारूक नदीम, विजय यादव विभिन्न पंचायत के मुखिया गण, कई जनप्रतिनिधि, जन सेवक, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक , कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर के अतिरिक्त प्रखंड सह अंचल के अन्य कर्मी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर एक शांति समिति की बैठक संपन्न

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी रेलवे मार्केट के श्री श्री वैशणवी दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गई। दुर्गा पूजा को शांति माहौल में एवं शांती पुर्ण तरिके से मनाने के लीए आग्रह किया है। थाना प्रभारी ने कमिटी से आग्रह किया है की पुजा मे कोई भी अप्रीय घटना ना हो इसके लिए प्रशासन तत्पर रहेगी। अगर कीसी मे शक हो तो राजकिय रेल थाना या किसी भी थाना को सूचना दे सकते है नशा करके मंदिर मे ना आए हेलमेट पहनकर बाईक चलाए।राजकिय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने कहा की किसी भी तरह का अगर कोई भी समस्या होती है तो तुरंत सुचना करे प्रशासन को उसपर तदुपरांत काम करेंगी। इसा मौके पर प्रशासन समेत कमिटी के सारे सदस्य उपस्थित थे।



## महिला संगठन कि मजबूती हेतू बैठक

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगरनाथपुर तिरिल में आजसू पार्टी कार्यालय पर आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कि गई। गाँव स्तर पर चूल्हा प्रमुख ,गाँव प्रभारी और महिला संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में रणनीति बनाया गया। द्वद्य अवसर पर आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी एवम नेता पारसनाथ उराँव साथ मे महेंद्र मिर्धा जी,जयनाथ नायक,दीपक जी,बैजू बैठा जी,मंगा पाहन जी, इत्यादि के साथ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी से मिले प्रमोद मिश्रा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी राज्यव्यापी संकल्प यात्रा के तहत दो दिवसीय कोल्हान प्रवास के दौरान सोमवार को जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान जमशेदपुर परिसदन में बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने उनको पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया एवं कोल्हान में होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की। इस दौरान श्री मरांडी ने कहा की आगामी लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव में भाजपा की आंधी में इंडिया गठबंधन का सुपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कार्यकत्ताओं से एकजूट होकर झारखण्ड में चल रही लूट -खसोट एवं निकम्मी सराकार को उखाड़ फेकने के लिए जनता से संवाद करने का निर्देश दिया।



## दुर्गा पूजा को लेकर 15-25 अक्टूबर तक अधिकारियों को जमशेदपुर नहीं छोड़ने का आदेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गापूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु अधिक संख्या में वरीय पदाधिकारी, पदाधिकारी, पर्यवेक्षकों एवं अभियंताओं की आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्ति की जाती है। जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जारी आदेश में कहा कि विधि व्यवस्था कार्य हेतु मुख्यालय में रहना अति आवश्यक है। उक्त को लेकर जिले में पदस्थापित सभी वरीय पदाधिकारी, पदाधिकारी, पर्यवेक्षकों एवं अभियंताओं को निदेशित किया गया है कि 15 अक्टूबर, 2023 से दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 तक मुख्यालय में ही रहेंगे। विशेष परिस्थिति में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त से अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोड़ेंगे ।

## सप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे दर्जनों लोग



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जन शिकायतों के निवारण हेतू जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए दर्जनों लोग अपनी अपनी समस्याओं से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को अवगत कराया। जनता दरबार में जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया वही अन्य मामलो से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार यथोचित करवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उपायुक्त नें प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिविल सर्जन श्यक निदेशक समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को आपसी तालनेल स्थापित कर कुचाई प्रखंड अंतर्गत पेंशन योजना से वंचित लाभुको का आवेदन प्राप्त कर योजना का लाभ प्रदान करने के निदेश दिए। आज जनता मिलन कार्यकर्म में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, आपदा राहत योजना, कुचाई प्रखंड में वृद्धा, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन योजना से छूटे हुए लोगो को लाभ प्रदान करने समेत अन्य मामले से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए।

## टाटा समूह के तीनों प्लेटफार्मों पर मनाया जा रहा है त्योहारों का जश्न

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा समूह की प्रमुख ई-कॉमर्स पहल-टाटा क्लिक, टाटा क्लिक लक्ज़री और टाटा क्लिक पैलेट पर हर साल होने वाला, बहुप्रतीक्षित 10.10 सेल शुरू हो चूका है। इस सेल में कपड़ें, ब्यूटी, एक्सेसरीज़, फूटवेयर, ज्वेलरी, घड़ियां और कई अन्य श्रेणियों में आकर्षक ऑफर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस साल त्योहारों की खरीदारी बड़े-बड़े ब्रांड्स से करने का यह सुनहरा मौका उपभोक्ताओं को मिल रहा है। इस सेल में उपभोक्ता उनके पसंदीदा ब्रांड्स पर 85 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट का आनंद ले सकते हैं। साथ ही मुफ्त शिपिंग, अतिरिक्त कूपन और बैंक ऑफ़र जैसे अतिरिक्त लाभ भी पा सकते हैं। इस सेल में एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक भी क्रेडिट कार्ड पर छूट दे रहे हैं। इस संबंध में टाटा क्लिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल अस्थाना ने कहा कि टाटा क्लिक में हम उपभोक्ताओं के लिए लाइफस्टाइल, लक्ज़री और ब्यूटी के लिए पसंदीदा मंच बनने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं।

## नये डीएसओ ने संभाला पदभार, डीलर एसोसिएशन ने किया स्वागत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला कमिटी द्वारा मंगलवार की शाम को अध्यक्ष मोहन साव पारस एवं महासचिव प्रमोद गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व मे नये जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी को अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने आपूर्ति पदाधिकारी से हर समय जिला मे टीम वर्क के साथ कार्य करने की इच्छा जताते हुए चर्चा की। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से सत्यनारायण रजक, विनोद कुमार, रामलाल प्रसाद, बिनोद साव, ओंकार सिंह, रतन लाल गुप्ता, अजय कुमार सिंह, नंदलाल साव, बलराम प्रसाद, विवेक कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार, पिंटू कुमार, विनय कुमार, मो.सोनु अशरद, मो.तनवीर, पप्पू कुमार, सिकंदर कुमार, रामविलास साव आदि मौजूद थे।

## मधु कोड़ा के प्रयास से पोटोबेड़ा गांव को मिला नया ट्रांसफार्मर

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले सप्ताह भारी वर्षा एवं वज्रपात से खरसावां प्रखंड के कृष्णापुर पंचायत के ग्राम पोटोबेड़ा में 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों से मिली सूचना पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सांसद प्रतिनिधि प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को जानकारी दिया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के ए.सी.चाईबासा से बात करके पोटोबेड़ा वासियों को 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया, जिसकी विधिवत उद्घाटन मंगलवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सांसद प्रतिनिधि प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा,ऊर्जा विभाग के सांसद प्रतिनिधि साजिद अंसारी,युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष आशीष बनर्जी एवं युवा कांग्रेस के खरसावां प्रखंड अध्यक्ष सूरज सामड, एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। मौके पर कृष्णापुर पंचायत के उपमुखिया विद्याधर नायक सीताराम महतो, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# डुमरा गांव में फैला डायरिया एक बच्ची की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के हरिजन बस्ती में डायरिया का चपेट में आने से एक दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। 2 वर्षीय दुर्गा मनी मछुआ उल्टी दस्त से पीड़ित थी, जहां स्थानीय चिकित्सक से चिकित्सा के बाद आखिर में मंगलवार को मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हरिजन बस्ती में करीब एक दर्जन ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। डायरिया से अधिकांश बच्चे पीड़ित हैं। डायरिया पीड़ितों में 12 वर्षीय अर्जुन मछुआ, 6 वर्षीय रोशनी कुमारी,4 वर्षीय सपना कुमारी,32 वर्षीय रिता मछुआ,20 वर्षीय बृन्दे देवी, 25 वर्षीय किरण मछुआ,13 वर्षीय कल्पना,2 वर्षीय मनसा मछुआ आदि शामिल है। वहीं ग्रामीण जीतवन मछुआ ने बताया कि डायरिया से एक बच्ची की मौत हो गई एवं एक दर्जन लोग डायरिया से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से स्थानीय चिकित्सक से उपचार कराया जा रहा है। अभी तक कोई सरकारी चिकित्सक नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि एक सोलर चालित जल मिनार है वो भी 6 महीने से खराब है ,जिससे बस्ती वासियों को कुएं का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने चिकित्सकों का टीम द्वारा कैम्प कर चिकित्सा करने का मांग किया है।

## पीडीएस दुकानदारों के खिलाफ कार्डधारियों ने गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड क्षेत्र के पीडीएस लाभुकों का विरोध धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। लगातार दूसरे दिन प्रखंड के अन्य पंचायतों के पीडीएस उपभोक्ताओं ने गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर स्थानीय डीलर के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। मंगलवार को प्रखंड के यसपुर तथा कालिकापुर पंचायत के पीडीएस उपभोक्ताओं ने उक्त गांव के पीडीएस दुकानदार के खिलाफ शिकायत करते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बताया कि डीलर द्वारा प्रत्येक माह खाद्यान्न के एवज में अंगूठा लिया जाता है, मगर पिछले तीन महीने से उन्हें खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं उपभोक्ताओं ने बताया कि जब भी डीलर द्वारा खाद्यान्न दिया जाता है, तो किराया के एवज में 5 से 6 सौ ग्राम अनाज की कटौती कर ली जाती है।

### राशन कार्डधारियों की शिकायत पर पटमदा बीडीओ से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस

## ग्रामीणों को मिलेगा दो माह का राशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की बांगुड़दा पंचायत के विभिन्न गांवों के दर्जनों कार्डधारियों ने हरिओम महिला समिति के डीलर द्वारा अगस्त व सितंबर महीने की राशन नही देने की शिकायत पूर्व मंत्री रामचंद्र से की। मामलें को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को कार्डधारियों से मिलने पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस पटमदा प्रखंड कार्यालय पहुंचे। कार्डधारियों से जानकारी प्राप्त कर पूर्व मंत्री बीडीओ नाजिया अफरोज व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार से मुलाकात की। पूर्व मंत्री सहिस ने कार्डधारियों की शिकायत को बीडीओ व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के सामने रखते हुए अविलंब कार्डधारियों को राशन उपलब्ध करवाने की मांग की। इसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार ने महिला समूह के डीलर को दो महीने की राशन वितरण करने का निर्देश दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से अजीत महतो, रामकृष्ण महतो, भक्तरंजन कुंभकार, नीलकमल सहिस, दशरथ महतो, बंदना महतो, पार्वती महतो, गुरुवारी राजवार अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज साकची कैंपस के मनोविज्ञान विभाग में आज मानसिक स्वास्थ्य एवं उसके प्रति जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष डॉ मोहम्मद फिरोज इब्राहिमी ने की। इंद्रजीत सिंह मनोवैज्ञानिक इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन थे जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के उत्पन्न होने के विभिन्न कारणों की विवेचना करते हुए ड्रग सेवन तथा मनुष्य के अंदर पैदा हो जाने वाली बुरी आदतों के दुष्प्रभावों के विषय पर अपने विचार रखें। उन्होंने बताया की निकोटिन, हीरोइन अफीम या अन्य किसी प्रकार की नशीली दावाओं का सेवन मनुष्य के मानसिक संतुलन को बिगाड़ देता है। कार्यशाला के प्रारंभ में कॉलेज के प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज ने अतिथि तथा कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का स्वागत किया और इस कार्यशाला के लिए विभाग को शुभकामनाएं दीं। डॉ उधम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## अवैध शराब भट्टियों को जगन्नाथपुर पुलिस ने किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार की अहले सुबह को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत तुरली गाँव में थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह के नेतृत्व में अवैध देशी शराब चुलाई करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर अवैध देशी शराब के भट्ठी सहित सैकड़ों लीटर जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया. जगन्नाथपुर पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध देशी शराब का निर्माण और बिक्री हो रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस तुरली गाँव के विभिन्न स्थानों में चल रहे कई देशी शराब भट्टियो को तोड़कर सेकड़ो लीटर देशी शराब के लिए तैयार जावा महुआ को नष्ट किया गया तथा देशी शराब निर्माण में लगे बर्तनों एवं सामानों को भी मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस बल को देखते ही अवैध देशी शराब निर्माण कर रहे कारोबारी मौके से भाग निकले। इस संबंध में थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि अवैध रूप से महुआ देशी शराब का निर्माण करना और बेचना कानूनन जुर्म है, पैसे के लालच में भोले भाले लोगो का जिंदगी बर्बाद न करे. अवैध रूप से देशी शराब बनाने वाले सुधर जाए और देशी शराब बनाना बन्द कर दे। वरना जेल की हवा खानी पड़ेगी. इस मौके पर एसाई प्रभात रंजन सहित पुलिस जवान उपस्थित थे।

## गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** दुर्गापूजा के मद्देनजर थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति की मंगलवार को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से गम्हरिया के बीडीओ प्रवीण कुमार और सीओ गिरीन्द्र टूटी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सीके गोराई भी मौजूद थे। इस दौरान दुर्गापूजा के दौरान थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती करने का निर्णय लिया गया। पंडाल और मेले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने, पर्याप्त मात्रा में हर कमेटी को वोलेंटियर्स रखने और प्लास्टिक मुक्त पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्लो वॉल्यूम में भक्ति गीत बजाने और किसी भी कीमत पर डीजे नहीं बजाने का थाना प्रभारी ने निर्देश दिया। इस मौके पर पूजा कमेटी के सदस्यों द्वारा टायो कॉलोनी गेट के पास पानी टैंकर और अग्निशमन वाहन तैनात रखने, केपीएस के समीप मेडिकल वाहन की व्यवस्था, बोलायडीह रोड में नगर निगम द्वारा खोदे गए गड्ढे को भरने, विसर्जन के दौरान मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त रखने समेत कई सुझाव दिए गए। इस दौरान बीडीओ प्रवीण कुमार ने पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने और जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने प्रत्येक चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनात रहने की जानकारी दी। इस मौके पर पूजा कमेटी के सदस्यों में फुलकान्त झा, अमृत महतो, रामानंद भगत, राजेश्वर ठाकुर, अमरेश ईश्वर, राजू रजक, संजय सिंह, अमीन मंडल, प्रभा देवी, श्याम सुंदर मालाकार, विनोद महतो समेत सभी पूजा कमेटी के सदस्य और विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंसस और वार्ड सदस्य समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सेंट्रल दुर्गा पूजा कमेटी ने मुसाबनी की 22 दुर्गा पूजा समितियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुसाबनी :** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष तापस चटर्जी की अध्यक्षता में मुसाबनी में हुई। मुसाबनी हरिजन बस्ती स्थित दुर्गा पूजा मंडप में आयोजित बैठक में के दुर्गा पूजा कमिटियों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में मुसाबनी क्षेत्र के 22 दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने अपनी -अपनी समस्याएं सेंट्रल कमेटी के समक्ष रखी और उनके समाधान करवाने का आग्रह किया। इस मौके पर मुसाबनी थाना प्रभारी भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति जिले की सभी पूजा समितियों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रयासरत है। इस मुद्दे पर एसएसपी और उपायुक्त के साथ बैठक हो चुकी है और उन्हें ज्ञापन के माध्यम से सभी समस्याओं से बिंदुवार अवगत करा दिया गया है। बैठक को कार्यकारी अध्यक्ष तापस चटर्जी, प्रमोद तिवारी, लक्ष्मण बाग़ महासचिव ललन यादव, वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने भी संबोधित किया।अंत में कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## रौशन झा को डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित दयालसिटी निवासी रौशन झा को आइकॉनिक पीस अवॉर्ड काउंसिल ऑफ़ इंडिया ने भारतीय आध्यात्मिक साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि दे कर सम्मानित किया है। जानकारी हो कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जो भारत सरकार के साथ-साथ जी-20 देशों व यूनाइटेड नेशंस द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। रौशन झा ने श्रीमद् भगवत गीता के सात सौ श्लोकों को अपनी सताइस साल की मेहनत से हिन्दी चौपाई के रूप में लिख एक कीर्तिमान स्थापित किया है। रौशन झा को सहज गीतामृत की रचना के लिये पहले भी राष्ट्र गौरव श्री सम्मान, भारत विभूषण सम्मान, राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान समेत कई राष्ट्र स्तरीय सम्मानों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस संबंध में बेहद खुशी व्यक्त करते हुए रौशन झा ने बताया की जब उनका नामांकन हुआ तो उन्हें भरोसा ही नहीं था की जहां यह अवार्ड बड़े बड़े प्रसिद्ध लोगों, वैज्ञानिकों और महान साहित्य कारों आदि को मिला है वहां मुझे भी मिल सकता है। मुझे ईश्वर ने इस लायक़ बनाया। उन्होंने बताया कि इस अवॉर्ड कि ऑपचारिक विधि के लिए उन्हें आगामी 27 अक्टूबर 2023 शुक्रवार को दिल्ली मुख्यालय में आमंत्रित किया गया है। इस सम्मान के लिए उन्हें रिश्तेदारों और शुभचिंतकों से अनेकों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटी का स्वच्छता जागरुकता पर फोकस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बारीडीह स्थित विजया गार्डेन में विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटि की पूजा इस साल 10वें वर्ष में कदम रखने जा रही है. बारीडीह विजया गार्डेन सेंट्रल कमिटि की पूजा अन्य सोसाइटी पूजा से थोड़ा हटकर है, इस बार पंडाल की थीम को स्वच्छता पर केन्द्रीत किया गया है. इस पूजा में पुरूषों एवं महिलाओं का परस्पर योगदान अतुल्नीय है. सभी लोग पूजा का हर काम मिलकर करते हैं. पूजा कमिटि के संरक्षक-पी के बस्तिया, अध्यक्ष-सुब्रतो सरकार, कार्यकारी अध्यक्ष-विजय सिंह, महासचिव-राजेश कुमार सिंह, सलाहकार-मुकेश कुमार, बी के प्रसाद, आर के तिवारी, एस एन सिंह, परशुराम सिंह, नरसिंह राव, मिडिया को-ओडिनेटर नवीन कुमार वर्मा एवं कोषाध्यक्ष-ज्योत्सना सिंह हैं. दुर्गा पूजा कमिटि के मिडिया को-ओडिनेटर नवीन कुमार वर्मा ने बताया कि इस बार पूजा पंडाल का उद्घाटन षष्ठी के दिन जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के द्वारा किया जायेगा. पूजा के चारों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के उपरांत 27 अक्टूबर (शुक्रवार) को विजया मिलन का आयोजन किया जायेगा।

## विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में नेशनल ताईक्कांडो टूर्नामेन्ट विजेता हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में सीआईएससीई द्वारा अहमदाबाद में आयोजित नेशनल ताईक्कांडो टूर्नामेन्ट के रजत विजेता शेख जीशान के साथ नेशनल्स तक पहुँचने वाले तीन अन्य प्रतियोगियों , अफसरा परवीन, मो इमरान तथा असीम रज़ा के साथ ताईक्कांडो प्रशिक्षक रोहित सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आज़ाद नगर थाना के ऑफिसर इन चार्ज राकेश कुमार उपस्थित थे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में मुख्तार आलम खान तथा शैलेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया साथ ही स्कूल की अन्य गतिविधियों की भी जानकारी दी। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कई सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी तथा उन्हें ऐसी उपलब्धियां हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया। अपने सम्बोधन में मुख्तार आलम खान ने इस उपलब्धि और स्कूल की निरन्तर प्रगति के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की शिक्षिका लतिका द्वारा किया गया।

## हेबेन सामुदायिक भवन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** जिला विधिक प्राधिकार द्वारा ग्राम हेबेन के सामुदायिक भवन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला तथा अनुमण्डलीय विधिक सेवा समिति चाण्डिल की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने के लिए अपने मन की बात शेयर करना चाहिए। इस अवसर पर जेन्डर सीआरपी सेफाली प्रमाणिक, शर्मीला प्रमाणिक, जबा प्रमाणिक ममता सिंह, भारती प्रमाणिक, मुक्ता प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सियासी सीढ़ियों के घुमाव

**हिमाचल** की राजनीति भी आहिस्ता-आहिस्ता राष्ट्र के सियासी जूते में पांव फंसा रही है या यहां भी सियासत का अपना पूंजीवादी गठबंधन बन रहा है। जिस तरह की चुनाव प्रणाली विकसित हो रही है, उसमें सियासी अस्तित्व के लिए वित्तीय व्यवस्था का सारा तामझाम नई सरमायादारी पैदा कर चुका है। किसी भी चुनाव की सारी सीमाएं व्यय के अंधे कुएं तक पहुंच रही हैं, तो सियासी सीढियों पर चढने के लिए एक खजाना या असीमित धन की जरूरत आन पड़ी है। राजनीति के लिए अब जन बाद में, पहले धन आ रहा है और इसीलिए सरकारों का चरित्र बिदक रहा है। कहने को हिमाचल के अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाने के लिए हमने बेहतरीन कायदे-कानून बना लिए, लेकिन कार्यान्वयन की मिट्टी पैदा नहीं कर पाए। इसकी वजह यही पूंजीवाद है, जो समाज को राजनीति के समानांतर कमजोर कर रहा है या एक मजबूत गलबहियों में सियासत का अपना व्यापार व दारोमदार दिखाई देता है। ऐसा क्यों संभव हो रहा है कि शिक्षा के सरकारी प्रसार की आंखों के सामने निजी संस्थानों के पौ बारह हो रहे हैं। जब से हिमाचल का चिकित्सा विभाग, मेडिकल कालेजों की ईंटें चुनने लगा है, आम जनता का इलाज प्राइवेट अस्पतालों में होने लगा है। राजनीति के प्रशंसक एवं प्रवर्तक तो पहले भी व्यापार जगत में होते थे, लेकिन तब ये विचारधारा के लिए निवेश करते थे। अब सियासत किसी विचारधारा से पोषित नहीं, बल्कि पार्टियों के हाशिए विपक्षी दलों से हाथ मिला रहे हैं। राजनीति अब ओढने के बजाय जोड़तोड़ की शक्ति है, जहां हर कोई नेता बनना चाहता है या हर नेता इतना कमा कर रखना चाहता है ताकि चुनावी निवेश में वह कमजोर साबित न हो। इस तरह की एक बहस का प्रदर्शन इस बार हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में भी हुआ, जब एक विधायक ने अपनी बिरादरी को कमाने के लिए असीमित क्षेत्रों के इस्तेमाल का नैतिक सहारा दिया। यानी राजनेताओं द्वारा इस तरह का व्यवसाय अपनाना ऐसा पेशेवर प्रदर्शन है, जहां राजनीति का यह स्वरूप आदर्श व नैतिक है। ऐसे में सत्ता के दम पर राजनीति की तरक्की का हर चेहरा मान्य है और यह देखने को मिल रहा है। हिमाचल में पिछले तीन दशकों से फैल रहे निजी क्षेत्र में ऐसे धंधे फल फूल रहे हैं, जो या तो राज्याश्रित हैं या जिनकी अनुमति प्राप्त करना सामान्य प्रक्रिया नहीं है। मसलन सफल ठेकेदारी, खनन के पट्टे पर क्रशर चलाने की अनुमति, कालेज या प्रोफेशनल शिक्षा संस्थान, पहाड़ छीलने या टीसीपी एक्ट की अंग भंग स्थिति, सरकारी आपूर्तियां तथा नए व्यवसायों की फेहरिस्त में राजनीति की जेब भरती हुई क्यों प्रतीत होती। हद तब होती है जब सत्ता के कार्यक्रमों में लगने वाले शामियाने तक एक तरह की कर वसूली कर जाते हैं। जाहिर तौर पर इससे जनता के स्वभाव व राजनीतिक तंत्र के आगाज में 'खुला खेल फर्रुखाबादी' हो रहा है। यह दो तरफा लाभकारी व्यवसाय है, जहां राजनीतिक संगत में समाज चलने लगा है या समाज को बंद करके रखने की सियासत पर राजकोष जल रहा है। जिस तरह पेपर लीक की बदनामी में हिमाचल की काबिलीयत गौण हुई, उससे अब कई युवा वाया राजनीति अपने लिए रोजगार ढूंढ रहे हैं। पंचायती निकाय चुनावों में यह देखा गया कि जो युवा करियर बनाने के लिए खून पसीना एक कर रहे थे, वे सभी चुनाव की किश्ती में बैठकर बेरोजगारी के भंवर से बाहर निकलने के लिए, इसी पर भरोसा करने लगे हैं। इन परिस्थितियों में हिमाचल के समाज का गठन ऐसी सियासत पर निर्भर कर रहा है, जो सत्ता में आते ही उनके लिए राहत का कालीन बिछा दे। यही वजह है कि हिमाचल की सत्ता पर कर्मचारी सियासत भारी पड़ रही है या प्रदेश हित में उठाए जाने वाले कदमों के बजाय सार्वजनिक खजाने को बर्बाद करने की मुनादी पिछले कुछ दशकों से हो रही है। राजनीति से सामाजिक भाईचारा इस कद्र है कि टीसीपी जैसे कानून, अतिक्रमण जैसे अपराध और सरकारी धन के दुरुपयोग के मामलों पर सरकारों ने आंख और कान पूरी तरह बंद कर रखे हैं। यही वजह भी है कि सामाजिक व राजनीतिक तंत्र का गठजोड़ जनप्रतिनिधि चुनने में आपसी घालमेल कर रहे हैं।


राजनीति के लिए अब जन बाद में, पहले धन आ रहा है और इसीलिए सरकारों का चरित्र बिदक रहा है। कहने को हिमाचल के अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाने के लिए हमने बेहतरीन कायदे-कानून बना लिए, लेकिन कार्यान्वयन की मिट्टी पैदा नहीं कर पाए। इसकी वजह यही पूंजीवाद है, जो समाज को राजनीति के समानांतर कमजोर कर रहा है या एक मजबूत गलबहियों में सियासत का अपना व्यापार व दारोमदार दिखाई देता है। ऐसा क्यों संभव हो रहा है कि शिक्षा के सरकारी प्रसार की आंखों के सामने निजी संस्थानों के पौ बारह हो रहे हैं। जब से हिमाचल का चिकित्सा विभाग, मेडिकल कालेजों की ईंटें चुनने लगा है, आम जनता का इलाज प्राइवेट अस्पतालों में होने लगा है। राजनीति के प्रशंसक एवं प्रवर्तक तो पहले भी व्यापार जगत में होते थे, लेकिन तब ये विचारधारा के लिए निवेश करते थे। अब सियासत किसी विचारधारा से पोषित नहीं, बल्कि पार्टियों के हाशिए विपक्षी दलों से हाथ मिला रहे हैं। राजनीति अब ओढने के बजाय जोड़तोड़ की शक्ति है, जहां हर कोई नेता बनना चाहता है या हर नेता इतना कमा कर रखना चाहता है ताकि चुनावी निवेश में वह कमजोर साबित न हो। इस तरह की एक बहस का प्रदर्शन इस बार हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में भी हुआ, जब एक विधायक ने अपनी बिरादरी को कमाने के लिए असीमित क्षेत्रों के इस्तेमाल का नैतिक सहारा दिया।


## कुछ अलग

# 107 पार भी जाना है

**हम** आज हांगझाउ, चीन एशियाई खेलों का उपसंहार लिख रहे हैं। चीन और जापान विश्व स्तर पर भी खेलों के 'चैम्पियन देश' हैं। हम उनकी होड़ में नहीं हैं और न ही वह हमारा लक्ष्य होना चाहिए। भारत ने अपनी गरीबी और साधनहीनता के साथ खेल की चुनौतियां देना शुरू किया था। हमने अपने राष्ट्रीय खेल 'हॉकी' का स्वर्णिम युग भी देखा और सुना है। उसका पतन भी दुखद रहा है, लेकिन अब 'एशियाई चैम्पियन' बनकर हॉकी ने पुराने दौर को जिंदा रखने की कोशिश की है, यह एहसास बेहद सुखद है। भारतीय हॉकी आज विश्व में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया को छोड़ कर हमने सभी देशों की हॉकी को परास्त किया है। हमारे खिलाडियों की मेहनत, जुनून और उनका हुनर अब भारत को 'ओलंपिक चैम्पियन' भी बनाएगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। क्रिकेट की पुरुष-महिला टीमों को स्वर्ण पदक...बैडमिंटन युगल मुकाबले के चैम्पियन...कबड्डी की दोनों टीमों के गले में 'पीला तमगा'...कमाल की सटीक तीरंदाजी में 'स्वर्णिम बौछार' हुई। इस खेल में भारत ने रिकॉर्ड 9 पदक हासिल किए हैं, जिनमें 5 स्वर्ण पदक शामिल हैं। स्क्वैश में भी भारत 'स्वर्णिम महारथी' बना रहा। हमारे अचूक निशानेबाजों ने 'स्वर्णिम लक्ष्य' भेदे। सिफ्ट कौर सामरा ने 50 मीटर राइफल स्पर्धा में विश्व कीर्तिमान स्थापित कर नया इतिहास लिखा। रुद्रांक्ष, दिव्यांश और ऐश्वर्य ने भी विश्व कीर्तिमान के साथ भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। हमारे खिलाडियों के हिस्से चांदी खूब बरसी है और कांस्य पदक भी गले में सजे हैं। यकीनन यह भारतीय खेल के पुनरोत्थान और ताकत का दौर है। एशियाई खेलों में भारत ने कुल 28 स्वर्ण पदक समेत 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीत कर शतक को भी पार किया है। खेल के अंतिम दिन शनिवार को भारत ने 6 स्वर्ण सहित 12 पदक जीत कर कीर्तिमान बनाया है। 2018 के जकार्ता एशियाड में भारत ने 16 स्वर्ण समेत कुल 70 पदक जीते थे। इस बार हमने 107 पदक हासिल किए हैं। 'इस बार सौ के पार' का सूत्रवाक्य भी हमारे खिलाडियों ने जीवंत और साकार कर दिया है। एशियाड के 72 सालों में पहली बार भारत ने शतक पार पदक जीते हैं। यह उपलब्धि आकस्मिक नहीं है। यदि बेटों ने 52 पदक ( 15 स्वर्ण, 19 रजत, 18 कांस्य ) जीते हैं, तो बेटियां भी 46 पदकों ( 9 स्वर्ण, 17 रजत, 20 कांस्य ) के साथ पीछे नहीं रही हैं। नौ पदक बेटे-बेटियों ने मिलकर मिश्रित मुकाबलों में भी जीते हैं। हमारे स्वर्णिम खिलाडियों ने विश्व कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। शाबाशी इसकी भी देनी चाहिए कि एशियाई खेलों के पदकवीरों की सूची में अब भारत चौथे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि भी 37 लंबे सालों के बाद अर्जित की गई है। बैडमिंटन का उल्लेख खासतौर पर किया जाना चाहिए, क्योंकि सात्विक रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी अब विश्व में 'नंबर वन' हो जाएगी। यह अभूतपूर्व उपलब्धि है। इस जोड़ी ने पहली बार बैडमिंटन में भारत के माथे स्वर्ण-ताज सजाया है।

## बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस इसी तरह के संकट से जूझ रही है

# भारत में राष्ट्रवादी राजनीति ही अब सभी दलों की नियति

**मनोज ज्वाला**

भारत गणराज्य का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बडा लोकतंत्र है । कई अर्थों में यह अन्य देशों के लोकतंत्र से विशिष्ट भी है । अब इसमें एक और विशिष्टता जुड चुकी है । वह यह कि यहां सांवैधानिक रुप से तकनीकी तौर पर विपक्ष समाप्त हो चुका है । भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रत्यक्षतः अभिव्यक्त करने वाली संसद के दोनों सदनों में जो सबसे बडा सदन है 'लोकसभा' सो विपक्ष-विहीन है । सत्ता-पक्ष के तमाम विरोधी दलों में से कोई भी दल कायदे से विपक्ष नहीं है । विपक्ष होने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा के जितने सदस्यों की संख्या चाहिए वह कोई भी प्रतिपक्षी दल नहीं जुटा पा रहा है । १६वीं लोकसभा के चुनाव-परिणामस्वरुप देश की केन्द्रीय सत्ता से बेदखल हो कर विपक्ष में बैठी कांग्रेस वस्तुतः विपक्ष थी ही नहीं , क्योंकि वह इस बावत संसद-सदस्यों की निर्धारित न्यूनतम संख्या की अर्हता पूरी नहीं कर सकी थी । वर्तमान १७वीं लोकसभा में भी विरोधी दलों के बीच सबसे बडी हैसियत रखने वाली कांग्रेस कायदे से विपक्ष नहीं बन सकी है, क्योंकि उसके सांसदों की संख्या पिछली बार से बढने के बावजूद निर्धारित न्यूनतम अर्हता को नहीं छू सकी है । हालाकि संसद की राज्य सभा में किसी तरह से विपक्ष बनी हुई है कांग्रेस, किन्तु चूंकि वह उच्च सदन है, जिसके सदस्य सीधे आम जनता के द्वारा निर्वाचित नहीं होते हैं , बल्कि प्रान्तीय विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा चयनित होते हैं ; इस कारण लोकतंत्र के प्रत्यक्ष अभिव्यक्त होने की दृष्टि से उसका कोई खास मतलब नहीं है । जबकि वहां भी सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद उसका आकार घटना और सत्ता-पक्ष का आकार बढना सुनिश्चित है । ऐसा इस कारण, क्योंकि देश की अधिकतर विधानसभाओं में भी कांग्रेस की हालत बहुत पतली है । शेष विरोधी दलों की स्थिति तो उससे भी खराब है । देश के भीतर अनेक व सर्वाधिक प्रदेशों में भी केन्द्रीय सत्ता पर आरुढ भाजपा की ही सरकारें हैं । भाजपा-विरोधी दलों की जहां-जहां जो सरकारें हैं भी , वे सब डांवाडोल स्थिति में हैं । बहुमत का ऐसा टोंटा है कि वे कभी भी गिर सकती हैं । वहां की विधानसभाओं में अफरा-तफरी व भागा-भागी मची हुई हैं । उन तमाम गैर-भाजपाई दलों से समूह के समूह विधायक भाजपा में शामिल होते रहे हैं । कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्तओं को भी कदाचित ऐसा प्रतीत होने लगा है कि कांग्रेस एकबारगी मिट ही जाएगी । यह स्वाभाविक भी है , क्योंकि कांग्रेस लगातार सिमटती ही जा रही है । न केवल कांग्रेस का बल्कि , अन्य दूसरे विरोधी दलों, जो प्रकारान्तर में कांग्रेस की ही ऊपज हैं, उनका भी कमोबेस यही हाल है । बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस इसी तरह के संकट से जूझ रही है । उधर तमिल-तेलगू प्रदेशों में भी भाजपा का आकार बढता जा रहा है । उतर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी सहित लगभग सभी उन दलों को जनता नकार चुकी है और लगातार नकारती जा रही है , जो भाजपा पर साम्प्रदायिक होने का ठप्पा लगाते हुए स्वयं धर्मनिरपेक्षता के झण्डाबरदार बन बहुसंख्यक हिन्दू-समाज के विरुद्ध तथाकथित अल्पसंख्य सम्प्रदायों के तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं । इस धर्मनिरपेक्षता बनाम साम्प्रदायिक तुष्टिकरणवादिता की आंच पर सत्ता की रोटी सेंकते-खाते रहने वाले इन तमाम गैर-भाजपाई दलों की राजनीति असल में राष्ट्रनीति पर भी हावी होती जा रही थी, जिसके कारण देश के भीतर-बाहर दोनों तरफ राष्ट्रीय हितों का हनन होता रहा था । १६वीं लोकसभा के चुनाव से ही देश भर में आम जनता के बीच भाजपा के बढते स्वीकार और कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों के प्रति बडी तेजी से बढते नकार को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि इसका मूल कारण वतुतः साम्प्रदायिक अल्पसंख्यक तुष्टिकरणवादी राष्ट्रघाती राजनीति के विरुद्ध धार्मिक बहुसंख्यक राष्ट्रीयतावादी राजनीति का उभार है, जो स्वतंत्रता-संघर्ष काल से ही कुहियाते-सुलगते हुए अब आकर चुनावी लोकतंत्र में आकार ग्रहण किया है । यह राष्ट्रीयता का उभार जो है, सो असल में भारत के उस सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उभार है, जिसके बावत महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी महर्षि अरविन्द ने कहा था कि सनातन धर्म ही भारत की राष्ट्रीयता है । स्वामी विवेकानन्द ने इसी को हिन्दुत्व कहा , जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनाया हुआ है । इस हिन्दुत्व से निःसृत राजनीति को ही भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रुप में अपनी राजनीति का आधार बनाया , जिसके तहत भारत के सांस्कृतिक पुरुषों-प्रतीकों-परम्पराओं की पुनर्प्रतिष्ठा तथा समान नागरिक संहिता और साम्प्रदायिक तुष्टिकरण के बाजाय सर्वपंथ समभाव की अवधारणा पेश कर कांग्रेसी खेमे के समक्ष जो चुनौतियां पेश की उसका मुकाबला वे नहीं कर सके । धर्मनिरपेक्षता के उन झण्डाबरदारों ने अल्पसंख्यकवाद की अपनी छद्म दुर्नीति के तहत जिस भाजपा को राजनीतिक अछुत घोषित कर उसकी राह रोकने के लिए परस्पर गठबन्धन कायम कर रखा था, उस भाजपा को जनता से इतना समर्थन प्राप्त हुआ कि सन २०१४ के आमचुनाव में वह उन सबको न केवल सत्ता से बेदखल कर दी, बल्कि विपक्ष बनने के लायक भी नहीं रहने दी । फिर तो वे बुरी तरह से पिट चुकी हिन्दुत्व-विरोधी धर्मनिरपेक्षता का सिक्का पुनः चलाने के लिए जिन-जिन हथकण्डों का इस्तेमाल किये , सो सब इस कदर उल्टा प्रभाव देते गए कि १७वीं लोकसभा के चुनाव में उनके 'महागठबन्धन' को भी जनता ने मटियामेट कर हिन्दुत्व-प्रेरित राष्ट्रवादी राजनीति पर ही मुहर लगा दी । ऐसे में जाहिर है; संसद की दस प्रतिशत सिटों से भी वंचित रह गई कांग्रेस एवं उसके सहयोगियों को सत्ता के शिखर तक पहुंचने के लिए ही नहीं, बल्कि विपक्ष की जमीन हासिल करने के लिए भी राष्ट्रवादी राजनीति का अनुसरण तो करना ही होगा । बहुसंख्यक-विरोधी अल्पसंख्यकवादी धर्मनिरपेक्षतावाद का परित्याग किये बगैर 'संविधान व लोकतंत्र की रक्षा' का बेजान-बेतुका नारा लगाते रहने तथा सत्ता-पक्ष का विरोध के नाम पर भारत की एकता-अखण्डता-सम्प्रभुता व राष्ट्रीयता के विरोध में ही उतर आने और 'सहिष्णुता-असहिष्णुता' की माप-तौल करते रहने अथवा 'मौब लिंचिंग' जैसे नये-नये शब्दों का ईजाद करने या जनता को काल्पनिक भय से भयभीत करने जैसे हथकण्डों के सहारे उनका राजनीतिक उन्नयन दूर की कौडी प्रतीत होता है । क्योंकि, तत्वदर्शी भविष्यवेत्ता विवेकानन्द व महर्षि अरविन्द से ले कर युगऋषि आचार्य श्रीराम शर्मा तक ने भारत के राष्ट्रीय पुनरुत्थान की सुनिश्चित भवितव्यता और उसके फलित होने की जिस कालबद्धता का संकेत किया हुआ है , उसका दौर सन २०११ से ही शुरू हो चुका है ।




भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रत्यक्षत : अभिव्यक्त करने वाली संसद के दोनों सदनों में जो सबसे बडा सदन है 'लोकसभा' सो विपक्ष-विहीन है । सत्ता-पक्ष के तमाम विरोधी दलों में से कोई भी दल कायदे से विपक्ष नहीं है । विपक्ष होने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा के जितने सदस्यों की संख्या चाहिए वह कोई भी प्रतिपक्षी दल नहीं जुटा पा रहा है । 16वीं लोकसभा के चुनाव-परिणामस्वरुप देश की केन्द्रीय सत्ता से बेदखल हो कर विपक्ष में बैठी कांग्रेस वस्तुत : विपक्ष थी ही नहीं , क्योंकि वह इस बावत संसद-सदस्यों की निर्धारित न्यूनतम संख्या की अर्हता पूरी नहीं कर सकी थी ।


# चीन को आर्थिक टक्कर देगा भारत

**यकीनन** इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता और जी-20 शिखर सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता के बाद जी-20 से प्राप्त नई शक्ति को मुट्ठी में लेकर भारत चीन को आर्थिक टक्कर देने की स्थिति में दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर क्वाड संगठन के प्रति अपने-अपने देश की न सिर्फ प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि सीधे तौर पर चीन को यह संदेश भी दिया है कि क्वाड के सदस्य देश अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान आर्थिक रूप से एक-दूसरे को और मजबूती देंगे। साथ ही मौजूदा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवस्था की जगह एक दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था को मूर्त रूप देंगे। जी-20 के सफल आयोजन के साथ दुनिया में यह बात उभरकर सामने आई है कि 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम व भरोसेमंद देश के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला वाले देश के रूप में नई भूमिका निभा सकता है। दुनिया का कोई दूसरा देश इस तरह के परिचालन के पैमाने और आकार की पेशकश नहीं कर सकता, जैसा भारत में उपलब्ध है। इसके अलावा जी-20 में घोषित हुए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर ( आईएमईसी ) के माध्यम से रेल एवं जल मार्ग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसरों का ऐसा ढेर लगाया जा सकेगा जिससे चीन की तुलना में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता भी बढ़ जाएगी। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद इस समय अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित समाचार पत्र-पत्रिकाओं और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्पेशल रिपोर्टों में यह बात भी एकमत से कही जा रही है कि जी-20 की नई शक्ति से सुसज्जित भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश की भूमिका में उभरकर सामने आया है और चीन को आर्थिक टक्कर देने की स्थिति में है। ऐसे में जहां भारत एक ओर अधिक रणनीतिक प्रयासों से भारतीय बाजार में चीन के प्रभुत्व को कम कर सकता है, वहीं दूसरी ओर दुनिया के बाजार में उद्योग-कारोबार, निर्यात और निवेश के अधिक मौकों को मुट्ठियों में ले सकता है। निःसंदेह भारत के द्वारा चीन को आर्थिक टक्कर देने की मजबूत स्थिति के कई कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। वैश्विक आर्थिक-वित्तीय संगठनों की नई रिपोर्टों में उभरकर दिखाई दे रहा है कि चीन की अर्थव्यवस्था में सुस्ती का दौर है और भारत की विकास दर चीन की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में भारत को एशिया के सबसे उभरते बाजारों की लिस्ट में पहले नंबर पर रखा है। भारत में ढांचागत विकास की तेजी, बढ़ते विदेशी निवेश, बढ़ते शेयर बाजार, मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, मध्यम वर्ग की ऊंची क्रय शक्ति, कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती, बढ़ते हुए कामकाजी उम्र वाले लोग जैसे विभिन्न कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत बढ़ा रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनियाभर में कल तक जिस भारत को सिर्फ एक बड़े बाजार के रूप में देखा जाता था, वह अब वैश्विक चुनौतियों के समाधान का हिस्सा बन गया है। लंबे समय तक भारत को एक अरब से अधिक भूखे पेट वाले लोगों के राष्ट्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब भारत एक अरब से अधिक आकांक्षी प्रतिभाओं और दो अरब से अधिक कुशल हाथों और युवाओं के राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने दुनिया का दृष्टिकोण बदल दिया है। कोविड महामारी के दौर में जहां भारत ने 150 से अधिक देशों को कोरोना दवाओं व टीकों की आपूर्ति की, वहीं अब तक वैश्विक मंदी की निराशाओं के बीच भारत सक्षम व भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला ( सप्लाई चेन ) वाले देश के रूप में उभरकर दिखाई दे रहा है। स्थिति यह है कि चीन की बढ़ती हुई आर्थिक समस्याओं और आपदाओं के बीच भारत के लिए आर्थिक अवसरों का नया दौर आकार ग्रहण करते हुए दिखाई दे रहा है। चीन-ताइवान के बीच चरम पर पहुंची तनातनी और चीन के द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका के विरोध की रणनीति के कारण चीन से वैश्विक फंड मैनेजर्स और विदेशी संस्थागत निवेशकों ( एफआईआई ) का मोह भंग होने लगा है। घटती मांग के कारण ये चीन के शेयर बाजार से धन निकालकर भारत सहित अन्य देशों में भेज रहे हैं। मल्टीनेशनल कंपनियों ने भारत, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों में फैक्टरियां डालना शुरू किया है। चीन से निकलकर एप्पल, सैमसंग जैसी कई बड़ी कंपनियां भारत में काम शुरू कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, विदेशी निवेशक अगले 10 साल में चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर ज्यादा आशान्वित नहीं हैं। वे भारत में अपना आर्थिक भविष्य देख रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जी-20 से भारत की बढ़ी हुई आर्थिक ताकत के बावजूद भारत के द्वारा चीन की अर्थव्यवस्था को देखते ही देखते पीछे छोडना कठिन व चुनौतीपूर्ण है। जहां अप्रैल 2023 में भारत जनसंख्या के मामले में तो चीन को पछाड़ चुका है, वहीं विकास के मामले में आज भी भारत बहुत पीछे है। दुनिया में अमेरिका के बाद चीन की अर्थव्यवस्था दूसरे क्रम पर है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था 5वें क्रम पर है। वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार करीब 3.7 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। जबकि चीन की अर्थव्यवस्था का आकार भारत से पांच गुना अधिक है। चीन की प्रति व्यक्ति आय भी भारत से पांच गुना अधिक है। साथ ही अगस्त 2023 में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार से चीन के विदेशी मुद्रा भंडार का आकार पांच गुना है। ऐसे में इस समय दुनिया के करोड़ों लोग अर्थविशेषज्ञों से यह पूछ रहे हैं कि भारत आर्थिक वृद्धि को गति देकर चीन की अर्थव्यवस्था को कैसे पीछे छोड़ सकता है ? इसके जवाब में अर्थविशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा संभव है, क्योंकि जहां जी-20 से भारत को दुनिया के विकसित और विकासशील देशों से विकास की अभूतपूर्व संभावनाएं मिली हैं, वहीं अब चीन दुनिया के इतिहास का ऐसा पहला देश बनेगा जो अमीर होने से पहले बूढ़ा हो जाएगा।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर क्वाड संगठन के प्रति अपने-अपने देश की न सिर्फ प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि सीधे तौर पर चीन को यह संदेश भी दिया है कि क्वाड के सदस्य देश अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान आर्थिक रूप से एक-दूसरे को और मजबूती देंगे। साथ ही मौजूदा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवस्था की जगह एक दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था को मूर्त रूप देंगे। जी-20 के सफल आयोजन के साथ दुनिया में यह बात उभरकर सामने आई है कि 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम व भरोसेमंद देश के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला वाले देश के रूप में नई भूमिका निभा सकता है। दुनिया का कोई दूसरा देश इस तरह के परिचालन के पैमाने और आकार की पेशकश नहीं कर सकता, जैसा भारत में उपलब्ध है।


## देश दुनीया से

# विकास के चुनावी वादों का सच

**गत** वर्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा-2022 के चुनाव संपन्न हुए। देश के अन्य राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भी कुछ दलों ने मुफ्त बिजली और गैस कनेक्शन के लक्ष्य को अपना प्रमुख चुनावी वादा बनाया था। राजनीतिक दल आमजन को लुभावने चुनावी नारों के साथ वादों की बरसात करते हैं। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य जिनके पास अन्य राज्यों की अपेक्षा सीमित संसाधन हैं, वहां धरातल की सच्चाई जाने बिना इस प्रकार के नारे मात्र हवाई सपने प्रतीत होते हैं। जाहिर है कि इस तरह की चुनावी रेवडियां मतदाताओं को आकर्षित तो करती हैं बल्कि एक हद तक चुनावों में मतदाताओं को किसी पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित भी करती हैं। सवाल यह है कि क्या यह मुफ्त की राजनीति हिमाचल प्रदेश जैसे कम संसाधनों से जूझते राज्य को विकास के स्तर पर किस तरह से प्रभावित करेगी ? मुफ्तखोरी की राजनीति भारत में लम्बे समय से विवादों का कारण बनती रही है। हाल के ही दिनों में 'मुफ्तखोरी' शब्द भारतीय राजनीति में विवाद का मुख्य केंद्र बन गया है। चुनाव के समय राजनीतिक दल अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिए मुफ्त बिजली, पानी, बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं और श्रमिकों को भत्ता, मुफ्त लैपटॉप, स्मार्टफोन, स्कूटर, घर आदि के वादों के साथ अपने पक्ष में चुनावी माहौल बनाने का प्रयत्न करते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कई बार मुफ्तखोरी की शॉर्टकट राजनीति के विषय में देश के राजनीतिक दलों से अपील कर चुके हैं। हाल ही में झारखंड के देवघर में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि लोगों को शॉर्टकट वाली सोच से दूर रहना चाहिए क्योंकि इससे शार्ट सर्किट भी हो सकता है और देश बर्बाद हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के इस वक्तव्य को श्रीलंका जैसे देशों में पैदा हुए आर्थिक संकट से जोडक़र भी देखा जा सकता है। मोदी के इस दावे में काफी हद तक सच्चाई भी दिखती है कि ऐसे राजनीतिक चलन एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए निःसंदेह हानिकारक हैं। ऐसे वादों के साथ चुनी गई सरकारें न केवल करदाताओं के लिए हानिकारक स्थितियां उत्पन्न करती हैं, बल्कि अपने लिए भी समस्याओं को खड़ा करती हैं। सबसे स्याह पक्ष यह है कि इससे गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस साल के अंत में देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। आगामी चुनावों में राजनीतिक पार्टियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने के लिए अभी से ही मुफ्त के वादे शुरू कर दिए हैं, जो कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित नहीं हैं। यदि हिमाचल प्रदेश के सन्दर्भ में बात की जाए तो पिछले साल के विधानसभा चुनावों में प्रदेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने जनता से मुफ्त के कई वादे किए। हालांकि प्रदेश की जनता ने आप पार्टी के दिल्ली के 'मुफ्त मॉडल' को पूरी तरह से नकार दिया, लेकिन इसके बावजूद मुफ्तखोरी की राजनीति हिमाचल प्रदेश के चुनावों में हावी रही थी। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता से इसी प्रकार के कई वादे किए और अंततः प्रदेश में सरकार बनाने में सफल भी हुई ! बस में मुफ्त का सफर हो या फिर मुफ्त 320 यूनिट बिजली देने का वादा, फ्रीबीज और इस प्रकार की मुफ्त सुविधाएं देखने-सुनने में तो लुभावनी हैं लेकिन इनका अत्यधिक प्रचार-प्रसार सरकार के बजट में कमी जैसे संकट को बढ़ा भी सकता है। इसके साथ ही सरकारी नौकरियों व अन्य विकास कार्यक्रमों, विभागों में धन की कमी का प्रमुख कारण भी बन सकता है। हिमाचल प्रदेश मौजूदा वक्त में जिस त्रासदी से दो-चार हो रहा है, उससे निकलकर वापस विकास की पटरी पर लाना काफी कठिन कार्य होगा। इस प्रकार की मुफ्त सुविधाएं विकास की तमाम अच्छी योजनाओं और कार्यों में और अवरोध पैदा कर सकती हैं। इससे इनके लाभार्थियों में एक प्रकार का निर्भरता सिंड्रोम जन्म लेता है। मुफ्त में प्राप्त वस्तुएं प्राप्तकर्ताओं में निर्भरता और उसकी पात्रता का एक नकारात्मक पैटर्न भी बना सकती हैं, जो भविष्य में पहले से अधिक मुफ्त वस्तुओं की उम्मीद कर सकते हैं। इसके दुष्परिणाम यह होंगे कि उन लोगों में कड़ी मेहनत करने या टैक्स का भुगतान करने के लिए जवाबदेही में कमी आ सकती है।


देश के अन्य राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भी कुछ दलों ने मुफ्त बिजली और गैस कनेक्शन के लक्ष्य को अपना प्रमुख चुनावी वादा बनाया था। राजनीतिक दल आमजन को लुभावने चुनावी नारों के साथ वादों की बरसात करते हैं। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य जिनके पास अन्य राज्यों की अपेक्षा सीमित संसाधन हैं, वहां धरातल की सच्चाई जाने बिना इस प्रकार के नारे मात्र हवाई सपने प्रतीत होते हैं। जाहिर है कि इस तरह की चुनावी रेवडियां मतदाताओं को आकर्षित तो करती हैं बल्कि एक हद तक चुनावों में मतदाताओं को किसी पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।


## दृष्टिकोण

# संपूर्ण स्वदेशीकरण के बिना मजबूत इंडियन एयरफोर्स का सपना अधूरा

**26** फरवरी 2019 को इंडियन एयरफोर्स के मिराज-2000 लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर बालाकोट में बमबारी की थी। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद यह पहला अवसर था, जब हमारी एयरफोर्स इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर पाकिस्तान में घुसी, लेकिन अगले ही दिन पाकिस्तानी एयरफोर्स ने जवाबी हमला बोला था, जिसमें मिग-21 फाइटर प्लेन उड़ा रहे भारतीय पायलट अभिनंदन को पाकिस्तानी एयरफोर्स ने मार गिराया था। अभिनंदन अपने मिग-21 समेत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर गिरे थे। पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट्स से मुकाबला करने के लिए हमारा मिग-21 बेहद पुराना विमान था। उस समय इंडियन एयरफोर्स को 'बियॉन्ड द रें'ज मिसाइल और अत्याधुनिक फाइटर जेट्स की कमी महसूस हुई थी। ब्रिटिश इंडिया के समय अंग्रेजों ने एयरफोर्स का 8 अक्तूबर 1932 को गठन किया था। मार्च 1945 में इसे रॉयल इंडियन एयरफोर्स का नाम दिया गया। वर्ष 1950 में इसे इंडियन एयरफोर्स कर दिया गया। इंडियन एयरफोर्स ने आजादी के बाद वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध को छोड़कर सभी कॉम्बैक्ट ऑपरेशन्स में भाग लिया है। वर्ष 1962 में इंडियन एयरफोर्स का इस्तेमाल केवल ट्रांसपोटेशन के लिए हुआ था। भारत-पाकिस्तान का 1947-48, 1965, 1971 या 1999 का कारगिल युद्ध हो, इंडियन एयरफोर्स ने सभी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनाने में इंडियन एयरफोर्स की अहम भूमिका थी। विडंबना यह है कि हम आज अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने में सक्षम हो गए हैं, लेकिन फाइटर जेट्स का इंजन बनाना सपना है। फाइटर जेट्स हों, हेलीकॉप्टर या मालवाहक विमान, हम पूरी तरह रूस, फ्रांस, अमेरिका जैसे देशों पर निर्भर हैं। स्वदेशी तेजस फाइटर जेट का प्रोग्राम हमने 1984 में शुरू किया था, लेकिन 30 साल बाद ही हम तेजस को इंडियन एयरफोर्स में शामिल कर सके। पिछले दिनों मिग-21 को रिप्लेस करने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 100 तेजस का ऑर्डर दिया है। हालांकि, तेजस भी इंजन से लेकर कई उपकरणों को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर है। वर्तमान में जहां तक इंडियन एयरफोर्स के लड़ाकू बेड़े की बात है तो राफेल, जो 4.5 जनरेशन का लड़ाकू विमान है, के अलावा सुखोई-30 एमकेआई, मिराज 2000, मिग-29, तेजस और मिग-21 इसमें शामिल हैं। फ्लाइंग कॉफिन के नाम से मशहूर बूढ़े मिग-21 को इंडियन एयरफोर्स सेवा से हटा रही है। सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000 और मिग-29 भी पुराने हो चुके हैं। तेजस को रणभूमि में आजमाया जाना है। जिस तरह से चीन और पाकिस्तान से चुनौती मिल रही है, हमें इंडियन एयरफोर्स के उपकरणों को लेकर 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। जैसे हमने अंतरिक्ष में अपनी ताकत को बढ़ाया और रॉकेट के इंजन बनाए, वैसे ही हमें फाइटर जेट्स का स्वदेशी इंजन बनाने में कामयाबी हासिल करनी होगी। इंडियन एयरफोर्स के लिए मिसाइल सिस्टम तैयार करने की जरूरत है। पिछले दिनों अस्त्र मिसाइल को राफेल में लगाने की बात कही गई। ऐसे प्रयास और भी होने चाहिए। मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई जैसे फाइटर जेट्स को हम रूस के सहयोग से भारत में बना रहे हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तकनीकी सहयोग की कमी महसूस की गई। जिस तरह आज इजराइल युद्ध में फंसा है, यदि आज भारत को इजराइल से सैन्य सहयोग की जरूरत पड़े तो हमें निराशा होना पड़ेगा।

# मंगरा व उक्कामाड पंचायत के किसानों को मिली सौगात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अन्तर्गत मंगरा एवं उक्कामाड़ पंचायत में सोलर आधारित सिंचाई योजना का विधिवत शिलान्यास सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकरी राकेश सहाय, रुर्बन मिशन प्रोजेक्ट ऑफिसर इन्दु भुषण सिन्हा की भी मौजूदगी रही। मौके पर विधायक ने सिंह कहा कि सोलर आधारित सिंचाई योजना से संबंधित क्षेत्र के किसानों को उनके भूमि पर उन्नत खेती के लिए सालो भर फसल उगाने सहुलियत मिलेगी। उन्होंने कहा किसानों को बिजली और डीजल पंप पर आश्रित नहीं रहना चाहिए होगा,अब यहां के किसान सोलर पंप से कर सकेंगे सिंचाई जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। बताया जा रहा है कि झारखण्ड में केन्द्र प्रायोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना पूरी तरह सफल रहा है, मंगरा रुर्बन कलस्टर एक आदर्श क्लस्टर के रूप में विकसित हो रहा है। मौके पर जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यहाँ कि अधिकांश आबादी कृषि पर आधारित है ऐसे में सिंचाई की असुविधा से किसान बहुफसलीय खेती नहीं कर पा रहे थे, परियोजना यहां के लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है।वही सांसद प्रतितिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि केद्र सरकार लगातार लोगो को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही हैद्ध प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा समुदाय आधारित लिफ्ट सिंचाई इकाई की शुरुआत की गई है, इस सिंचाई इकाई के जरिए बदलाव जल्द ही दिखेगा यहाँ के किसान आसानी से साल में तीन फसल कर पाएंगेद्ध वहीं उन्होंने कहा कि लाभुक समिति योजना का सही और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालन करें । मौके पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सड़क का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू : रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को पंचायत उक्कामाड में सोलर अधारित सिंचाई योजना का शिलान्यास करने पहुंचे सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने स्थानीय लोगो के समस्याओ से रुबरु हुए साथ ही उनकी समस्याओं को मौके पर निदान करने की कोशिश की। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य की सरकार जमीन पर योजनाएं उतार रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना के तहत मार्केट कॉम्प्लेक्स, रूरल हाट, बरवाडीह से छिपादोहर रोड, गढ़वाटांड से लेदगाई एवं मुरु ग्राम का सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही कोल्ड स्टोर आदि बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंचायतो में हर घर नल जल योजना से पाइप लाइन पेयजल आपूर्ति हेतु सभी घरों को जोड़ा जा रहा है। योजना की गुणवत्ता बनी रहे इसके लिये सभी जन प्रतिनिधि योजनाओं की निगरानी करें और शिकायत हो तो हम तक पहुंचाइये। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, उक्कामाड़ मुखिया पूनम देवी, कैलास सिंह, नसीम अंसारी, रविन्द्र राम, सुरेश यादव, घनश्याम सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह, सुरेश मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# दो बाइक की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु थाना क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के समीप ग्रामीण पक्की सड़क पर दो बाईक के आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिससे बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को टोंटी पंसस मो होजैफा व ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के सहारे इलाज के लिए बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह निवासी नितेश कुमार, शंति देवी पति संतोष यादव, व गोपाल कुमार, पिता संतोष यादव बालूमाथ से इलाज करा कर बाईक द्वारा अपने घर जा रहे थे। विपरीत दिशा से साल्वे के गुरुसालवे ग्राम निवासी प्रदुम्न उरांव, दस वर्षीय पुत्र गुड्डू उरांव के साथ टंडवा के मासीलॉग अपने रिशतेदार के घर से बाईक द्वारा घर लौट रहे थे कि इटके मध्य विद्यालय के समिप असंतुलित हो गये और दोनों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें प्रदुम्न उरांव की माथे मे फट गया और खुन का बहाव काफी हो जाने से स्थिति गम्भीर हो गई।

# जेबीकेएसएस प्रखण्ड समिति का हुआ गठन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरयू प्रखण्ड के घासीटोला में मंगलवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मती से मो. इमरान को प्रखण्ड अध्यक्ष, आशा कुमारी एवं दिपक नायक को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुये पप्पु यादव ने कहा कि जेबीकेएसएस के द्वारा काफी समय से राज्य में नियोजन निति लागु करने की लड़ाई लड़ी जा रही है। हमें जरूरत है एक साथ होकर अपने हक एवं अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने की। वहीं राहुल कुमार ने कहा कि टाईगर जयराम महतो राज्य के युवाओं के हित के लिए लड़ाई लड़ रहे है। जरूरत है हमलोगों को उनका साथ देने की। आज इस राज्य में अधिक से अधिक अन्य राज्यों से आकर सरकारी नौकरी कर रहें है। और यहां के युवा हांथ पर हांथ धरे बेरोजगार बैठे हुये हैं। हमें अपने आने वाले कल एवं अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचने की जरूरत है। जब तक नियोजन निति पुर्ण रूप से लागु नहीं हो जाती है। तब तक हमें संघर्ष करने की जरूरत है। और इसके लिए हमलोग जेबीकेएसएस के साथ मिलकर संघर्ष करेंगे। प्रखण्ड अध्यक्ष मों. इमरान ने कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्टी ने मुझे कार्य का जिम्मेवारी दिया है उस पर मैं खरा उतरने की पुर्ण कोशिश करूंगा। प्रखण्ड क्षेत्र में वार्ड स्तर से पार्टी का विस्तार करते हुये संगठन को मजबुत कर संघर्ष किया जायेगा। इस मौके पर प्रवीण कुमार, मो. कलाम, हासीम शाह, सदीक मियाँ, शिशुपाल उराँव, संजीव प्रसाद, सत्यानंद कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** मंगलवार को कुन्दा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार ने की, वही संचालन एसआई मोतीराम देवगम ने किया।आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधी, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव ने हिस्सा लिया।इस दौरान बीडीओ खगेश कुमार ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में रात 10 बजे तक ही डीजे बजाए। वही हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा की पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं विशेष पार्किंग की व्यवस्था करेंगे। सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय। वही शराब व मांस बेचना व खरीदना पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। किसी भी धार्मिक स्थलों के आसपास शराब व मांस बिक्री करते हुवे पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मौके पर कुन्दा मुखिया मनोज कुमार साहू,नवादा मुखिया भरत यादव बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, सिकीदाग मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव,कुन्दा दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, मदन प्रसाद गुप्ता, अम्बिका सिंह भोक्ता, लवकुश गुप्ता, कृष्ण प्रसाद गुप्ता, अनुज गुप्ता, समाजसेवी मनोज यादव, उपेंद्र भोक्ता, मिथलेश गंझू, एएसआई मदन सिंह, एएसआई जय कुमार सिंह समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

# जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन व निबंधन हेतु किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन एवं निबंधन हेतु बैठक की गई। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी चयनित प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के सदस्यों का स्वागत एवं सामान्य परिचय प्राप्त करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा द्वारा विभागीय अधिसूचना संख्या - 06/ राँची, दिनांक-28.03.2023 के बारे में उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही साथ बताया गया कि राज्य में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा राज्य के ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन एवं निबंधन किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित सभी प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के चयनित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव ने लॉटरी के माध्यम से जिला स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के गठन हेतु पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया। जिसमे अध्यक्ष के पद पर प्रतापपुर प्रखण्ड के शुभम कुमार को, उपाध्यक्ष के पद पर पत्थलगड्डा प्रखण्ड के आजाद कुमार, सचिव के पद पर टण्डवा प्रखण्ड के नितेश कुमार वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संतोष कुमार यादव चतरा प्रखण्ड, उदय कुमार चन्द्रवंशी कान्हाचट्टी प्रखण्ड, कमलेश कुमार पासवान प्रतापपुर प्रखण्ड कुन्दन कुमार, हंटरगंज प्रखण्ड, विपिन कुमार टण्डवा प्रखण्ड, आशिष कुमार वर्मा पत्थलगड्डा प्रखण्ड, रोहित कुमार गुप्ता लावालौंग प्रखण्ड, सुरेश कुमार भारती गिद्धौर प्रखण्ड, अजीत कुमार दास ईटखोरी प्रखण्ड, छोटु कुशवाहा मयुरहण्ड प्रखण्ड, रूपेश कुमार सिमरिया प्रखण्ड, पवन कुमार भोक्ता कुन्दा प्रखण्ड का चयन किया गया है।

# 13 वीं में शामिल हुए पूर्व विधायक और 20 सूत्री अध्यक्ष जिला परिषद उम्मीदवार व समाजसेवी



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मधनियां गांव निवासी भुनेश्वर यादव के पिता के 13 वीं तिथि पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राजद विधायक योगेंद्रनाथ बैठा, मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, जिला परिषद उम्मीदवार रह चुके सत्येंद्र भगत उर्फ बमबम भगत, करमा पंचायत के मुखिया उम्मीदवार रह चुके समाजसेवी सर्जन प्रसाद दांगी शामिल हुए।इस मौके पर पूर्व विधायक योगेंद्रनाथ बैठा ने बताया कि भुनेश्वर यादव के पिता स्वर्गीय बुधन यादव काफी सुलझे हुए विचार के व्यक्ति थे।कोल फील्ड में काम करते थे तब के समय में मैं धनबाद गया था और इस समय इनसे हमारी मुलाकात हुई थी उसके बाद आगे हमारी यही मुलाकात दोस्ती में बदल गई। बुधन यादव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर आज स्वर्ग लोक सिधार चुके हैं। ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें।

# हंटरगंज में अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड परिसर में मंगलवार को यादव महासभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रत्याशी रहे अरुण कुमार यादव, संयोजक नीलम देवी, यादव सेना के प्रदेश अध्यक्ष शोभा यादव, संयोजक रंजन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए।विशिष्ठ अतिथि के रूप में गीद्धौर प्रखंड प्रमुख अनीता यादव हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी यादव उर्फ भोला यादव तथा संचालन चैतु यादन ने किया। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित किया। अगामी पांच नवंबर को चतरा के बाबा घाट मैदान में अखिल भारतीय यादव महासभा के द्वारा आहुत शताब्दी समरोह शामिल होने के लिए लोगों से आह्वान किया गया। कार्यक्रम को नीलम देवी के द्वारा सम्बोधन मे यादव को एकजुटता पर बल दिया। शिक्षा के बिना समाज को अधूरा बताया गया। शोभा यादव ने कहा कि शेरनी का दूध जो पिएगा वही दहाड़ेगा। वही अरुण कुमार यादव ने कहा 5 नवंबर को चतरा में बहू बेटी सभी लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर चतरा मय यादव बना दें। जितेंद्र यादव ने कहा कि जिस तरह से रेंजगला युद्ध में यादवों ने चीनी सैनिकों को पछाड़ दिया था जिस आज भी दुनिया याद करती है। कार्यक्रम को लोकसभा प्रत्याशी रहे रंजन यादव संबोधित करते हुए कहा कि जो सरकार अहिर रेजीमेंट की मांग को पूरा करेगा उसे पूरे भारतवर्ष के यादव सपोर्ट करेंगें। चतरा लोकसभा में जो पार्टी सेंबुल देने का काम करेगा।

# चहल्लुम के मौके पर कमता में आयोजित मेला व प्रतियोगिता में शामिल हुए राज्य के श्रम मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के कामता गांव में चहल्लुम पर्व के मौके पर आयोजित लाठी खेल प्रतियोगिता, कव्वाल एवं भव्य मेले का आयोजन कामता अंजुमन मेला कमेटी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं कौशल विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में डाक्टर अभिषेक कुमार भावी प्रत्याशी चतरा लोक सभा क्षेत्र। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता को अंजुमन मेला कमेटी के अध्यक्ष शाहबाजा अंसारी ने पगड़ी एवं बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री के द्वारा लाठी खेल प्रारभ करके मेले का शुभारंभ किया गया। मौके पर टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, मेला कमेटी के सचिव रोशन अंसारी, कोषाध्यक्ष जियाउल हक, उपाध्यक्ष मोबिन अंसारी, मेला प्रभारी गुलाम मुस्तफा, उप सचिव गुलाम सरोवर, अमानत अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, मनीर आलम, मोहम्मद फारूक, सहित कई अन्य गन्यमान उपस्थित थे।

# पूजा पंडालों में सीसीटीवी और अग्निशमन लगाने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सीओ ने शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का तीव्र ध्वनि व भडकाऊ गीत बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। पूजा के दौरान हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो। साथ ही सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, अग्निशमन और स्वच्छता का पूरा ख्याल रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ नीतू सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार, जिप सदस्य देवनंदन साहु, प्रमुख रोहन साहू, उपप्रमुख दामोदर गोप, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, मुखिया बिनोद महतो, चंदा देवी, नरेश साव, मनोरंजन महाजन, रंजीत सिंह, मृत्युंजय सिंह, मो फारुख, मो एनुल हक, सलीम अख्तर, अलोक रंजन, कामाख्या सिंह, सुधीर सिंह, दयानिधि सिंह, करम साहू, जागेश्वर प्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र ठाकुर, आशीष भोगता, गोपाल महतो, परमेश्वर यादव, छोटू यादव, ज्ञानेश्वर सिंह सहित शांति समिति के लोग मौजूद थे।

# मनोज कुमार तिवारी ने बीडीओ के पद पर दिया योगदान



**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को मनिका बीडीओ के पद पर मनोज कुमार तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गण्यमन लोग उपस्थित थे। नवनिर्वाचित बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को लाभ दिलाना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। वही बीडीओ मनोज कुमार तिवारी को पदभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं राजनीतिक दल के नेता बुके देकर उनका स्वागत किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विश्वनाथ राय उमेश यादव, सुषमा कुमारी, बहादुर उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद मनिका बीडीओ ने सभी ब्लॉक के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ परीचातमक बैठक भी किया।

# तेतरियाखांड कोलियरी में फिर शुरू हुआ रंगदारी

# लातेहार एसपी से ट्रकों मालिको ने लगाई न्याय की गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में एक बार फिर से ट्रकों के प्रवेश को लेकर रंगदारी शुरू हो गई है। बालूमाथ समेत पूरे जिले के ट्रकों को प्रवेश से रोका जा रहा है। रंगदारी का आलम यह है कि विगत माह पूर्व लातेहार एसडीओ शेखर कुमार की अध्यक्षता में हुए फैसले को भी मानने से इंकार करते हुए ट्रकों को प्रवेश से रोक दिया गया है और जब ट्रक ड्राइवर कोलियरी में ट्रक लेकर पहुँचे तो तीन ट्रक ड्राइवर के साथ जमकर मारपीट की गई। जिसके बाद बालूमाथ ट्रक ऑनर एशो0 अध्यक्ष संजीव सिन्हा के नेतृत्व में ट्रक मालिको ने लातेहार एसपी अंजनी अंजन से बालूमाथ थाना में मुलाकात कर तेतरियाखांड कोलियरी में हो रहे रंगदारी में न्याय की गुहार लगाई । जिस पर लातेहार एसपी ने कार्रवाई करने की बात कही। ट्रक मालिक कमलेश सिंह ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी, आलोक कुमार थाना बारियातु निवासी, मो0नौशाद ग्राम इटके थाना बारियातु निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि सोमवार को हमलोगों का ट्रक ज्यो ही तेतरियाखांड कोलियरी में प्रवेश हेतु गया तो बुधन यादव, सुरेश यादव दोनो पिंडारकोम ग्राम निवासी एवं प्रभु साव, तिलकधारी साव दोनो ग्राम नगड़ा ने ट्रकों को प्रवेश से रोक दिया। और ड्राइवर के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया। और कहा कि कोलियरी में बिना कृष्ण साव, प्रदीप यादव के आदेश के गाड़ी नहीं चलेगा। हमलोग पुलिस-प्रशासन के आदेश को नही मानते है ।बुधन यादव ने ड्राइवर को चेतावनी देते हुए कहा की हमलोग प्रदीप यादव के आदमी है। प्रदीप यादव जो पहले जेएलटी नामक उग्रवादी संगठन का लेवी वसूलता था। और पूर्व में हाईवा में आग इसी कोलियरी में लगा दिया था । उसका पहुंच बहुत ऊपर है गाड़ी लेकर भाग जाओ नहीं तो गाड़ी में आग लगा देंगे ।वही पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर छानबीन कर रही है ।बता दे कि एक माह पूर्व लातेहार एसडीओ शेखर कुमार की अध्यक्षता में ट्रकों के प्रवेश को लेकर बैठक हुई थी। जिसमे बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार की मौजूदगी में समन्यवय बनाकर ट्रकों के प्रवेश को लेकर निर्णय लिया गया था।लेकिन निर्णय को धत्ता बताते हुए बसिया गांव के स्वघोषित विस्थपित नेता द्वारा ट्रकों को प्रवेश से रोका जा रहा है।


# शांति समिति की बैठक हुई संपन्न कई बिंदुओं को ले थाना प्रभारी ने दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडियो व सीओ हरिनाथ महतो ने किया। संचालन थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। तो वहीं थाना प्रभारी ने पूजा समितियां को कई दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि सभी पूजा समिति से गठित सभी सदस्यों का विस्तृत जानकारी मांगी गई है। अफवाहों से बचने की भी बात थाना प्रभारी के द्वारा कही गई। मूर्ति विसर्जन के दिन बीडियो ने इशारे इशारे में शराब से बचने को कहा है। साथ ही साथ नवरात्र में पूजन जगह के आसपास मीट मांस मछ्ली का दुकान बन्द रखने को कही। तथा मूर्ति विसर्जन रात्रि 10~00 बजे से पहले करने की बात कही।मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव पंससं सरिता देवी मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव उप मुखिया मंजू देवी गणेश सिंह समाजसेवी कामाख्या नारायण सिंह रामकुमार पान्डेय यदुनंदन पांडेय रामदेव यादव परमेश्वर दांगी काशीराम दांगी प्राणेश गुप्ता गोविंद दांगी विनोद ठाकुर एस आई अशोक पांडेय जायरा बाखला हिमांशु शेखर तथा दर्जनों गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर समाहरणालय परिसर से निकाली गई साईकिल रैली



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य विभाग लातेहार की ओर से मंगलवार को समाहरणालय परिसर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर NCD सेल के द्वारा साईकिल रैली निकाली गई। साईकिल रैली को डॉ श्रवण महतो, डॉ चंद्रमणि बाखला डॉ प्रियंका ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर आगंतुक अतिथियों ने उक्त जागरूकता रैली के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साईकिल रैली स्कूली बच्चों द्वारा निकाला गया।जो समाहरणालय परिसर से शुरू होकर मुख्य पथ से कारगिल पार्क होते हुए वापस जिला खेल स्टेडियम पहुंची। जहां डॉ श्रवण महतो द्वारा बच्चों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर नागेंद्र कुमार, वेद प्रकाश, परवेज अख्तर, मो.दानिश, राजेश कुमार,करुणेश कुमार समेत काफी संख्या में स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की छठी बैठक संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा छठी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में शांति लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम माता रानी के जयकारों के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से जय माता दी का जयकारा लगाया। इसके उपरांत बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। पूजा की हर एक गतिविधि पर प्रमुखता से वार्तालाप हुई बताया गया कि इस वर्ष पूजा पंडाल छोटे-छोटे कांच के टुकड़े से बनाया जा रहा है, पंडाल की ऊंचाई करीब 60 फीट होगी वही माता रानी की प्रतिमा की ऊंचाई करीब दस फीट होगी। माता रानी का भव्य महाआरती सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को किया जाएगा। विद्युत सज्जा की दृष्टिकोण से पुजा पंडाल से बड़ा बाजार चौक, बंशीलाल चौक,सरदार चौक, जैन मंदिर गली तक पूरी दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। साथ ही अग्निशमन यंत्र को स्थापित किया जाएगा। साथ ही बताया की इस वर्ष पूजा पंडाल का कार्य छोटे-छोटे कांच के टुकड़ों से किया जा रहा है जो देखने में एक अद्भुत लगेगा। बैठक में अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद,बंशीधर रूखैयार, शिवदीप सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, शांति लाल अग्रवाल, प्रदीप जैन, बाल गोविंद निषाद,नरेश निषाद, रविंद्र गुप्ता, प्रमोद खण्डेलवाल, रितेश खण्डेलवाल, दिलीप सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली की अर्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली की अर्धवार्षिक परीक्षा 2023- 2024 का परीक्षाफल प्रकाशित हुआ । भैया- बहनों को अंक पत्र प्रदान किया गया द्य विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय एवं प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने कक्षा अरुण से द्वादश कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले भैया- बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीद्य मौके पर सचिव संजय उपाध्याय ने कहा- आप सभी भैया -बहन लक्ष्य को निर्धारित करके सतत रूप से लगन एवं निष्ठा के साथ पढ़ाई करें द्यआप इसी प्रकार परीक्षा में सफल होते रहेंगेद्य विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने भैया- बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा -आप सभी लक्ष्य को निर्धारित करके परिश्रम करते रहेंद्य आप सभी को सफलता अवश्य मिलेगी द्य मौके पर भैया- बहनों के माता-पिता भी उपस्थित थे । वाटिका एवं प्राथमिक खंड में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहनों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं -कक्षा अरुण में अनुष्का रानी, अनुष्का भट्ट, अरुणव कुमार, उदय में विद्या लक्ष्मी, आदित्य कुमार, तेजस्वी, प्रभात में प्रकृति आर्या ,तृषा कुमारी, निधि कुमारी, प्रथम में वेदांश तिवारी, सूरज कुमार ,नयन गुप्ता, द्वितीय में आयुष राज, वेदांशु राज, श्याम यादव ,तृतीय में सौरभ वर्मा, अंकित कुमार, भूमि कुमारी ,चतुर्थ में आर्यन राज ,आदित्य कुशवाहा ,रूद्र सिंह एवं पंचम में आर्या कुमारी, जया मिश्रा एवं आकृति राजद्य मौके पर भैया - बहन अभिभावकगण एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

### पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी से सांसद ने किया मुलाकात, समस्या से अवगत कराया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के द्वारा गठित त्रिस्तरीय जांच समिति ने हजारीबाग जिले के मुख्यालय में सुखे विशाल पेड़ों से होने वाली जनहानि के मामले को वन प्रमंडल पदाधिकारी पूर्वी से मुलाकात कर उन्हें इस समस्या से अवगत कराया गया। इसमें मुख्य रूप से पी डब्लू डी चौक से नीलांबर पीतांबर चौक तक, पी डब्लू डी चौक से पी टी सी चौक तक, पी टी सी चौक से एस पी कोठी तक, कन्हरी हिल से होमगार्ड चौक तक, नीलांबर पीतांबर चौक से कोर्रा चौक तक, कोर्रा चौक से जबरा तालाब तक, कन्हरी हिल से जबरा पार्क तक, जबरा पार्क से सिंघानी चौक तक एवं संत कोलंबस कॉलेज से क्षितिज हॉस्पिटल तक सूखे पेड़ की सूची डी एफ ओ पूर्वी को सौंपा गया। डीएफओ पूर्वी ने बताया कि सांसद के द्वारा पूर्व में ही विभाग को निर्देशित किया गया था ,कि इस तरह के खतरनाक हो चुके पेड़ को तत्काल हटाया जाए, जिससे आम नागरिकों के जीवन की रक्षा हो सके। वन विभाग ने इस पर कार्यवाही करते हुए बिजली विभाग को तत्काल इन खतरनाक हो चुके पेड़ों को हटाने में सहयोग देने की बात पत्र के माध्यम से कहीं।वन विभाग के पास पेड़ हटाने के संसाधन नहीं होने की भी बात कही। आगे उन्होंने कहा कि पेड़ को काटने में क्रेन और पेड़ काटने की मशीन बिजली विभाग के पास उपलब्ध है, अगर उनका सहयोग वन विभाग को मिल जाएगा तो क्रमबद्ध तरीके से सारे खतरनाक हो चुके पेड़ों को हटाया जा सकता है।

### अदाणी फाउंडेशन ने लगाया चिकित्सा शिविर, ग्रामीणों का हुआ निःशुल्क इलाज

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दस दिनों में बड़कागांव प्रखंड के चार स्थलों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान प्रखंड के करीब दस गांव के 138 पुरुष और 131 महिलाओं समेत कुल 314 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इन सभी को जरूरत के हिसाब से निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान की गई। शिविर में मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याएं पाई गई है, जिसमें अर्थराइटिस, पॉली अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण, सामान्य सर्दी, गैस्ट्रिसिस, एनीमिया, डायरिया, आंखों की समस्याएं और सामान्य दर्द शामिल है। सभी मरीजों को डॉक्टर ने आवश्यक सलाह दी और उसे ईमानदारी से पालन करने की अपील की। जिन जगहों पर ये चिकित्सा शिविर लगाए गए उसमें ब्लॉक मोड़ हाई स्कूल मैदान, शिवाडीह, कुमारडीहा और पिपराडीह शामिल है। इस चिकित्सा दल में डॉक्टर के अलावा फार्मासिस्ट संगीता कुमारी, एसपीओ त्रिलोक कुमार झा और वाहन चालक ननकू प्रसाद दांगी शामिल थे।

### चौकीदार महादेव गोप आत्महत्या मामले में ग्रामीणों पर हुई प्राथमिकी के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव ग्राम निवासी सह बरही थाना के चौकीदार महादेव गोप ने रविवार रात्रि में अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसके बाद मृतक महादेव गोप के पुत्र गणेश यादव ने अपने ही गांव के 15 महिला - पुरुष को नामजद कर कई लोगों को इसका जिम्मेवार बतलाते हुए बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया। इस बाबत बरही थाना में कांड संख्या 470/23 दर्ज किया गया है। इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पंचमाधव गांव के ग्रामीण गोलबंद हो गए हैं। ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज होने के विरोध में पंचमाधव गांव के भारी संख्या में महिला पुरुष मंगलवार को गोलबंद होकर बरही डीएसपी नाजिर अख्तर से भेंट किए। वहीं सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपते हुए उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि मृतक चौकीदार का पुत्र ने मनगढ़ंत ढंग से मुकदमा बरही थाना में दर्ज करवाया है। ग्रामीणों ने डीएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि महादेव गोप को लगभग पांच छः महीने से गांव में नहीं देखा गया है और वे कहां रह रहे थे इसकी भी जानकारी ग्रामीणों को नहीं था। साथ ही बताया कि गांव वालों के द्वारा महादेव गोप को किसी तरह से दुर्व्यवहार नहीं किया गया और ना ही उसे मंदिर में पूजा करते समय ताना दिया गया और ना ही किसी तरह से मानसिक प्रताड़ना किया गया है। अगर उन्हें ग्रामीणों के द्वारा दुर्व्यवहार एवं मानसिक प्रताड़ना किया गया तो उस समय उन्होंने पुलिस प्रशासन में लिखित या मौखिक जानकारी क्यों नहीं दिया गया। वे एक ग्रामीण चौकीदार भी थे। उन्हें पुलिस प्रशासन एवं केस - मुकदमा का पूरा ज्ञान था। फिर भी ग्रामीणों के बारे में शिकायत नहीं दर्ज कराया था। ग्रामीणों ने बताया कि महादेव गोप के पुत्र गणेश यादव ने गांव के ही 15 ग्रामीणों सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया है वह बिल्कुल ही निराधार, ग़लत, मनगढ़ंत एवं दुर्भावना से ग्रसीत है। वहीं महादेव गोप के अनुपस्थिति में उनका पुत्र बैंक आफ इंडिया करियातपुर ब्रांच में ड्यूटी किया है तथा बरही थाना हमेशा उसका आना जाना लगा रहता था।ग्रामीणों ने बताया कि महादेव गोप के अंतिम संस्कार में सभी ग्रामीण मिलजुल कर शामिल हुए।

## सीओ ने बरही में बन रहे विभिन्न पूजा पंडालों को किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : दुर्गा पूजा में सुरक्षा को लेकर बरही सीओ रामनारायण खालको ने बुधवार को बरही के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान बरही गया रोड, तिलैया रोड,धनबाद रोड एवं रसोइयाधमना के पूजा स्थल पर बन रहे पंडालों का निरक्षण किया। और उन्होंने सभी पूजा समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उसी दौरान गया रोड सार्वजनिक दुर्गा पूजा के निरीक्षण किया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष उदय केशरी उपाध्यक्ष शिवा निषाद,सुरेंद्र निषाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। वहीं सीओ निर्देश देते हुए कहा कि बन रहे भव्य पंडाल का गेट चौड़ा बनाएं। ताकि श्रद्धालुगण को किसी तरह से परेशानी न हो। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा एवं अग्निशामक यंत्र लगाने को कहा।



## सांढ पंचायत के वन समिति अध्यक्ष बने धर्मेंद्र कुमार, सचिव बनी पूनम देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : वन अधिकार अधिनियम 2006 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए प्रखंड अंतर्गत सांढ पंचायत में वन समिति का चयन लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी प्रक्रिया के तहत किया गया।

सांढ पंचायत की मुखिया सुलेखा कुमारी के अध्यक्षता में में चुनाव संपन्न करवाया गया। चुनावी प्रक्रिया का संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। धर्मेंद्र कुमार, दिलेंद्र कुमार और कीनू राम अध्यक्ष पद के दावेदार थे। धर्मेंद्र कुमार 8 वोट प्राप्त कर वन समिति के अध्यक्ष चुने गए। सचिव के पद पर पूनम देवी, कृत्यानंद महतो और राजीव रंजन मैदान में थे। पूनम देवी 7 मत प्राप्त कर सचिव का चुनाव जीती।



## बरही बीडीओ ने पोस्ट मास्टर के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड कार्यालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बरही पोस्ट ऑफिस के सभी पोस्ट मास्टर उपस्थित हुए। मौके पर बीडीओ ने पोस्ट मास्टर को वोटर कार्ड ससमय वितरण करने का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का लापरवाही बरतने पर सख्त करवाई की जायेगी। बैठक में बीपीआरओ सावना मांझी, बीपीओ, बीपीआरओ बरही,बीओ राजवीर कुमार ठाकुर देवचंदा, बीओ नीरज कुमार बक्शी बरसोत, बीपीएम अविनाश कुमार केदारूत उपस्थित थे।



## प्रेस की आजादी पर हमला, पत्रकारों, राजनेताओं की गिरफ्तारी पर वामपंथियों का प्रतिवाद सभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : प्रेस की आजादी पर हमला, वरिष्ठ पत्रकारों व नेताओं के गिरफ्तारी, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा लगाने के खिलाफ वाम दलों ने आज स्थानीय धरना स्थल पर प्रतिवाद सभा किया. सभा की अध्यक्षता सीपीआई नेता महेंद्र राम ने किया. इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि देश की आम जनता कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है. वैसे समय में लोगों को इन बुनियादी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए सच दिखाने वाले न्यूज़ क्लिक से जुड़े अनेक पत्रकारों, लेखन और वैज्ञानिकों के घरों में दिल्ली पुलिस की छापामारी की तीकि आम जनता अपनी बुनियादी सवालों को भूल जाय. ऐसी खबर भारतीय लोकतंत्र को परेशान करने वाली है। देश के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश जी, अभिसार शर्मा, भाषा सिंह, सोहेल हाशमी और इरफान जैसे लेखक पत्रकार अपनी कलम और आवाज से सरकार से हमेशा सवाल करते रहते हैं ऐसे में उनके घरों पर छापा मार कर लैपटॉप, मोबाइल फोन जप्त कर इन लोगों पर आतंकवाद से संबंधित यू ए पी ए के तहत मुकदमा दर्ज करना केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया को दर्शाता है. इससे स्पष्ट होता है कि देश में अघोषित रूप से आपातकाल लगा दी गई है. वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार द्वारा अपनी एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने के लिए उनके घरों में छापामारी कर गिरफ्तार करना परेशान करने वाली खबर है.



## बीडीओ ने मनरेगा के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : ग्रामीणों की जरूरतो को देखते हुए आज मनरेगा योजना के तहत गोविंदपुर मार्ग के कब्रिस्तान गेट से लेकर शमशान शेड तक मनरेगा से मिट्टी मोरम पथ का शिलान्यास प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने किया।राजू श्रीवास्तव ने इस मौके पर कहा कि इस सड़क के बनने से अन्तयेष्टि कार्यक्रम में जाने वाले लोगो का मार्ग सुगम होगा, दाहसंस्कार के लिये लकड़ी ले जाने में ट्रेक्टर नही जाने से काफी दिक्कतों बक सामना करना पड़ता जो अब इस मार्ग के बन जाने पर अब दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ राजमोहन वर्मा,जेई नीरज हजारी,अविनाश कुमार मुखिया निर्मल कुमार,पंचायत समिति मुन्नी देवी,बीस सूत्री सदस्य कपिल देव चौधरी, राजू श्रीवास्तव,सुधीर श्रीवास्तव,रीना देवी,संजय सिंह, साबिर अंसारी अरविंद कुमार समेत कई लोग मौजूद थे ।



## डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू** : डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्कूली बच्चों को स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि अपने जीवन में स्वच्छता को सबसे ऊपर रखें। एनटीपीसी हॉस्पिटल के डॉ अभिषेक स्वतंता और अमित ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि 2 अक्तूबर महात्मा गांधी जयंती दिन से एनटीपीसी द्वारा आस पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इसी क्रम में मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चो को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित थे। इस मौके पर खेल शिक्षक प्रमोद पाठक ने स्कूली बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन जीने के कई सूत्र बताए और इनके विकास के लिए कई एक्सरसाइज और योगा आसनों का अभ्यास कराया। शिक्षको में



## तीन दिवसीय इम्प्लांट कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के प्रोस्थोडॉन्टिक्स और क्राउन एंड ब्रिज विभाग में तीन दिवसीय इम्प्लांट कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर में झारखंड राज्य एवं अन्य राज्य के उम्मीदवारों ने कार्यक्रम का हिस्सा लिया। जहाँ उपचार योजना और प्रोस्थेटिक के बारे में विस्तार से बताया गया। दंत प्रत्यारोपण विज्ञान की तौर-तरीके अभ्यर्थियों ने इम्प्लांट प्लेसमेंट और इसके पुनर्वास दृष्टिकोण के लिए मॉडलों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों को प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के रीडर सह कोर्स मेंटर डॉ. दया शंकर के मार्गदर्शन में मरीजों में इम्प्लांट लगाने का भी मौका मिला। दंत चिकित्सा में नए आयाम सीखने को लेकर अभ्यर्थी बहुत खुश व उत्साहित थे। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हम समय- समय पर इस प्रकार का कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन करते रहते हैं। शिविर के माध्यम से अभ्यार्थियों को अत्याधिक अभ्यास एवं कार्य के क्षेत्र में निपुण होने में मदद मिलती है। शिविर में बौद्धिक छमता का भी विकास होता है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने में काफी मदद मिलती है।

## जिला खनिज मद से जल्द ही कराया जाएगा सड़क का निर्माण कार्य : जयंत सिन्हा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के खोडाहर पंचायत के दौरवा गाँव के फूटानी चौक से जावातरी तक सड़क निर्माण को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी के नेतृत्व में उस गांव के लोगो के मौजूदगी में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा और अपने स्तर से सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू भी मौजूद थे। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सांसद को अवगत कराते हुए कहा कि बरही प्रखंड अंतर्गत खोडाहर पंचायत का दौरवा गाँव आदिवासी बहुल, दलित और पिछड़ा समाज के गांव है। आजादी के 75 वर्ष बीतने को हैं, बावजूद इसके यह गाँव मुख्य सड़क से नही जुड पाया है। जिसके कारण गांव के लोगों को अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात में गांव से निकलना भी लोगों का दूभर हो जाता है। गांव को जोड़ने वाली कच्ची सड़क तो है किंतु सड़क में नुकीले पत्थरों की भरमार है। इस कारण सड़क पर चलना पहाड़ पर चलने के बराबर है। यदि दौरवा गाँव के फूटानी चौक से जावातरी तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो जाता है तो दौरवा और जवातरी के स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस बाबत सांसद श्री सिन्हा ने आश्वस्त किया कि जिला खनिज मद या किसी अन्य मद से जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हरेक गांव सड़क से जुड़ा रहे। ज्ञापन में गांव के कविता कुमारी, ऋतुराज सिंह, अंशु टोप्पो, दिलीप पंडित, राजू तिर्की, आनिल प्रजापति, माला देवी, ललिता देवी, बसंती देवी, कौशल्या देवी सहित सैकड़ों लोगों का हस्ताक्षर शामिल है।

## वीर कुंवर सिंह भवन चरही में रैयत खतियानी चर्चा परिचर्चा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही** : मंगलवार को वीर कुंवर सिंह भवन चरही में ग्राम चरही के मूल रैयत खतियान खाताधारी परिवार का बैठक रखा गया। बैठक का अध्यक्षता बाबुलाल महतो ने किया वही संचालन दिनेश कुमार ने किये। रैयत भूमि संबंधित समस्याओं और शोषण समाधान के संगठनात्मक प्रारुप पर चर्चा परिचर्चा किया गया। जिससे चरही के सभी रैयत उपस्थित हो के अपना विचार रखने का काम किये। वही रैयतों ने कहा कि चरही रैयतों को एक जुट रहने का विचार किया गया। चरही में 1908 -12 में कुल 47 रैयत नाम दर्ज है। वही रैयतों को कहना है कि हम 47 रैयतों को एक जुट होके कमिटी का गठन करने का विचार किया गया और अगली बैठक 29 अक्टूबर को वीर कुंवर सिंह भवन चरही में ही रखा गया है।वही मुख्य रूप से उपस्थित दिनेश रविदास, सुकर ठाकुर, लाल सिंह, मो अफ़ज़ल अंसारी, मुटुन रविदास, मेघनाथ करमाली, राजू कुमार अम्बेडकर, मो सरफुद्दीन, लालन कुमार, प्रदीप भुईया, कुलदीप कुमार, नागेश्वर रविदास, शिव रविदास, हेमलाल महतो, संतोष कुमार, घनश्याम करमाली,जवाहर करमाली,रीमा करमाली,भुनेश्वर रविदास, मणि रविदास, अजय कुमार,रामेश्वर ठाकुर, भोमपाल ठाकुर ,सन्नी गंझु,बेनी महतो, बालेश्वर महतो, अल्लाउद्दीन अंसारी सहित कई रैयत उपस्थित थे।

## डायरिया के कहर से विष्णुगढ़ में दर्जनों मरीज ग्रसित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत चेडरा पंचायत के घटवार टोला,चलंगा में इन दिनों करीब एक सप्ताह से डायरिया के मरीज मिल रहे थे,परन्तु बीती रात इसकी संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली। इस बारे में जानकारी देते हुए चेडरा मुखिया निर्मल कुमार ने बताया कि करीब दो दर्जन लोग डायरिया से पीड़ित है,जिसमे बच्चे ,बूढ़े एवं महिलाएं शामिल है।डायरिया पीड़ित मरीजो को 50 पैकेट ओआरएस का घोल उपलब्ध कराया। जिसके बाद चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार को सूचना दी गई,सूचना पाकर चिकित्सा प्रभारी ने एएनएम वीना कुमारी और सचिन सिंह ने पीड़ितों का जाँच कर एम्बुलेंस से मरीजो को सीएचसी विष्णुगढ़ लाया गया। वहीँ दूसरी टीम टाटीझरिया से मुखिया निर्मल कुमार, पर्यवेक्षक शिवशंकर पाण्डेय, डॉ.निधि नारायण,सहिया रेणु सिंह,प्रतिधापक रविन्द्र कुमार, सिंह ने दुबारा मरीजो को दवा,ब्लीचिंग पाउडर, एवं साफ सफाई से रहने एवं पानी उबालकर पीने की सलाह दी।मरीजो में जिसमे रिज्जनी देवी पति स्वर्गीय मनोज कुमार उम्र 45 वर्ष, अरुण कुमार पति मनोज घटवार 25 वर्ष, मनीष कुमार पिता विनोद घटवार उम्र 10 वर्ष, धनेश्वरी देवी पति विनोद घटवार उम्र 30 वर्ष, चंपा देवी पति अरविंद घटवार उम्र 30 वर्ष, माघी घटवार पिता शनिचर घटवार उम्र 60 वर्ष, दीपक घटवार पिता बढन घटवार उम्र 12 वर्ष, गंगो घटवार पिता बुधन घटवार उम्र 60 वर्ष, मंजू देवी पति बढन घटवार उम्र 45 वर्ष, तुलसी घटवार पुत्र सहदेव घटवार उम्र 60 वर्ष, धनवा देवी पति मालो घटवार उम्र 65 वर्ष,

लक्ष्मी नर्सिंग होम में एडमिट रघु घटवार उम्र 60 वर्ष मनीष घटवार उम्र 12 वर्ष धनेश्वरी देवी उम्र 28 वर्ष, टिंकू कुमार उम्र 28 वर्ष, गंगो घटवार उम्र 45 वर्ष, जो सभी लोग डायरिया रोग से ग्रसित है।



## पतरातु सावित्री फ्यूल पंप पर फायरिंग मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू** : पतरातू थाना अंतर्गत दिनांक 05 अक्टूबर को रात्रि में करीब 08.30 बजे खैरामाँझी स्थित सावित्री फ्यूल पेट्रोल पम्प पर सफेद अपाची बाइक में सवार तीन अज्ञात अपराधियों के द्वारा रंगदारी नहीं देने पर एक राउन्ड हवाई फाइरिग की गई थी और फाइरिंग की घटना को अंजाम देकर सभी अपराधी फरार हो गए थे। उक्त घटना के संबंध में पेट्रोल पम्प के मालिक के लिखित आवेदन के आधार पर पतरातू थाना में पंजीकृत कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।मामले को गभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष छपेमारी दल एसआईटी का गठन किया गया। छापेमारी दल एस आई टी के द्वारा कांड का उद्भेदन करते पाया गया कि इस कार्य को प्रतिबंधित उग्रवादी टीपीसी के भरत के द्वारा करवाया गया है तथा छापेमारी दल के द्वारा दिनांक 10/10/2023 को उक्त घटना में शामिल दो व्यक्तियों आदित्य सिंह उर्फ रिंकू और महेंद्र गंझू को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि अपराधी-महेंद्र गंझू पतरातू थाना कांड स0 20/23, दिनांक 08/02/2023 धारा-25(1-क्र)द्धद्ब / 26/35 आर्म्स एक्ट में आरोप है। गिरफ्तार दोनो अभियुक्तो ने अपना अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान दिया है जिसमे इन दोनों ने इस कांड में अपनी अपनी संलिप्तता होने की बात को स्वीकार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर इस घटना मे अपराधियों द्वारा फाइरिंग के दौरान इस्तेमाल किया गया सफेद रंग का अपाची बाइक और रेकी के लिए इस्तेमाल किया गया ब्लू रंग के अपाची बाइक को बरामद कर लिया गया तथा घटना के समय उपयोग किया गया मोबाईल भी बरामद कर जप्त कर लिया गया है।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला बंद करो : भाकपा



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी के आह्वान पर रामगढ़ जिला कमेटी के नेतृत्व में माले कार्यालय से सुभाष चौक तक नारे लगाते हुए प्रतिरोध मार्च निकाला गया। यह प्रतिरोध मार्च न्यूज क्लिक के पत्रकारों के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाइयां और उनकी गिरफ्तारियां को लेकर निकाला गया। भाकपा माले के प्रवक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्र पत्रकारिता पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है। इन छापों और गिरफ्तारियों के खिलाफ भाकपा माले रामगढ़ जिला कमेटी के नेतृत्व में माले कार्यालय से सुभाष चौक तक नारे लगाते हुए प्रतिरोध मार्च निकाला गया।

### राकोमयू व विसमो ने कोयला मजदूरों को बधाई दी



**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उरीमारी के शनिवार बाजार के समीप राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में मंगलवार को एक बैठक की गई जिसमें मुख्य रुप से युनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित थे?। वही इस बैठक में कोयला मजदूरों का नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट 11 के तहत हुए समझौता पर व एतिहासिक बोनस पर फैसला करने के लिए बधाई दी गई। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कर्मचारीयों को सम्मान जनक वेतन और बोनस मिलने से पुरे कोयलांचल में खुशी का माहौल है।वेतन समझौता व बोनस मजदूरों कि एकता का परिणाम है।

### अंचल अधिकारी ने निरीक्षण किया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में छात्र संगठनों के द्वारा कई दिनों आंदोलन चल रहे हैं रामगढ़ कॉलेज जमीन की चारदीवारी एवं नापी को लेकर चल रहे आंदोलन को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा कमिटमेंट किया गया था कि 9 तारीख को कॉलेज के पीछे वाले जमीन पर चार दिवारी किया जाएगा लेकिन भूमि मात्राओं के द्वारा नहीं किए जाने दिया गया मंगलवार को रामगढ़ अंचल अधिकारी को के द्वारा रामगढ़ कॉलेज जमीन का निरीक्षण किया गया और जमीन की सारी स्थिति को जायजा लिया गया है इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर प्रदेश संयोजक गौतम महतो आदिवासी छात्र संघ के विश्वविद्यालय संयोजक शशि करमाली रमेश रजवार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री विक्रम राठौर विद्यार्थी विस्तारक नीतीश मोदी महेश महतो मनीष कुमार आशु के छात्र नेता रोहित सोनी सुमंत माली नीतीश कुमार आशीष कुमार चंद्रशेखर कुमार आदि लोग सीओ के साथ निरीक्षण में कॉलेज के तरफ से उपस्थित साथी के छात्र-छात्राओं कॉलेज मैं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया की कॉलेज की जमीन की रक्षा सुरक्षा हो ।

### अरगड्डा में सीबीआई की जांच तेज




**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल सिरका कार्यालय बिल सेक्सन में बीते 4 अक्टूबर को छापामारी के बाद सीबीआई के एक अधिकारी ने मंगलवार 11 बजे अरगड्डा जीएम ऑफिस पहुंचकर जांच किया। इसमें सिरका पर्सनल अधिकारी समेत दो कलर्क से पूछताछ किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई अधिकारी के द्वारा सीसीएल आशियाना क्लब में करीब चार घंटे कोलयरी सिरका के एक पर्सनल अधिकारी और दो क्लर्क से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में सवाल जवाब किये गए। वही इस मामले की चर्चा जोरों पर हैं। इधर बात की जाए तो बीते दिन रविवार रात्रि सिरका कोलियरी ऑफिस का 18 ताला तोड़कर पेंशन ऑफिस से सीपीओ व मेडिकल रजिस्टर गायब होने के बाद मंगलवार को सिरका परियोजना पदाधिकारी श्रीकांत शर्मा ने कोलयरी मैनेजर, सेफ्टी मैनेजर, पर्सनल के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जरूरी बैठक करके सतर्कता संबंधी वार्तालाप किया।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का हुआ आयोजन



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को सदर अस्पताल, रामगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, रामगढ़ की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं अन्य चिकित्सकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने मानसिक तनाव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी वहीं पर उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव आजकल एक रोग की तरह उत्पन्न हो रही है इसे रोकने के लिए सभी को नियमित व्यायाम करना व ध्यान करना अति आवश्यक है ताकि हम स्वस्थ रहें और अच्छे विचारों के साथ अपना दिन की शुरुआत करें, साथ ही उन्होंने कहा की रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इस दौरान मानसिक रोग, तनाव, नशा मुक्ति से संबंधित बचाव हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनों तक जागरुकता पहुंचने का कार्य किया जाएगा।

### फुटपाथ दुकानदारों पर चलाया गया बुलडोजर



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ शहर में बढ़ती ट्रैफिक व्यवस्था एवं आने वाले त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा फुटपाथ दुकानदारों पर बुलडोजर चलाया गया और उन्हें वहां से हटाया गया साथ ही उनके सामानों को जप्त भी किया गया । इस कार्रवाई में जिला प्रशासन की ओर से रामगढ़ थाना पुलिस , रामगढ यातायात पुलिस , कैंटोनमेंट के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा आज रामगढ़ शहर के विभिन्न चौक चौराहा सुभाष चौक , थाना चौक , चट्टी बाजार , लोहार टोला के फुटपाथ दुकानदारों के ऊपर चला बुलडोजर। जिला प्रशासन की माने तो यह कार्रवाई त्योहारों और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए किया गया है, वही फुटपाथ दुकानदारों की माने तो त्योहार के सीजन में हम लोगों को बिना किसी जगह प्रशासन ने व्यवस्था दिए हम लोगो को इस तरह के कार्रवाई कर हमारे पेट पर लात मारा है यह कहां तक उचित है।

### विधि व्यवस्था एवं लोक शांति सर्वोपरी : उपायुक्त

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं समाज में विधि व्यवस्था और लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने दो अभियुक्तों को किया जिला बदर। विद्वान सरकारी अधिवक्ता रामगढ़ के दिए गए मंतव्य एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के अध्याय 2 की धारा 3 उप धारा 3 का प्रयोग करते हुए कुख्यात अपराध कर्मियों ओम प्रकाश पांडे एवं प्रेम प्रकाश पांडे ,पिता-नाथो पांडे ,सा0- जयनगर थाना -पतरातू जिला -रामगढ़ को 6 महीने के लिए रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासन(जिला बदर)का आदेश दिया। आदेश में यह भी लिखित है कि अभियुक्त यदि न्यायिक हिरासत से बाहर आ चुके हैं तो उन्हें 24 घंटे के भीतर अथवा न्यायिक हिरासत से बाहर आने के 24 घंटे के भीतर जिले की सीमा छोड़ देंगे ।

# एटीएम से छेड़छाड़ कर उड़ाते थे रुपये, एक जालसाज पुलिस के हत्थे चढ़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विगत कुछ महीनो से रामगढ़ जिला के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के एटीएम से एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर एटीएम की बदली कर अवैध पैसे पर निकासी की जा रही थी इसको लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर छानबीन शुरू की गई। एटीएम के आसपास गुप्तचरों की तैनाती कर संदिग्ध लोग की निगरानी शुरू की गई। इधर सोमवार को कुजू में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में दो युवकों द्वारा ताक झांक करने की सूचना पर पुलिस गश्ती दल सत्यापन करने पहुंचा। पुलिस को देख युवक अपनी अपनी बाइक पर सवार होकर भागने लगे। इस क्रम में एक युवक उत्तम कुमार सिंह (29वर्ष) साड़म, इचाक (हजारीबाग) निवासी को पुलिस ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। दूसरा युवक भाग निकला ।गिरफ्तार युवक के पास से पुलिस को विभिन्न बैंकों के 22 एटीएम कार्ड, पल्सर बाइक, बिजली टेस्टर , गोंद, घड़ी बरामद हुई है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस के अनुसार युवक ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे लोग मशीन में गोंद लगा देते हैं। जिससे रुपये निकासी करने पर लोगों के रुपये मशीन में फंस जाते हैं। उसके बाद मदद करने के नाम पर जालसाज एटीएम का पिन जानकर एटीएम बदल देते हैं और बाद में अकाउंट से रकम उड़ा लेते हैं। इस छापेमारी दल में एसडीपीओ रामगढ़ किशोर कुमार रजक, पुलिस निरिक्षक मांडू अंचल सुरेश लिंडा, पु.अ. नि विनय कुमार कुज्जू ओ पी प्रभारी ,स.अ.नि. कमल भगत एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## बुद्धिजीवी मंच द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों की एक आवश्यक बैठक सी सी एल रेस्ट , नया नगर बरकाकाना में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप कारमली ने की और संचालन मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता सुशील कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री नारायण उच्च विद्यालय एवम सी सी एल उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर प्लस टू उच्च विद्यालय बनाने हेतु मुख्य मंत्री महोदय को दिया जाने वाला जन आवेदन में हस्ताक्षर अभियान की समाप्ति के बाद जन आवेदन के हस्ताक्षर वाली प्रति को सक्रिय सदस्यों से जमा कराया गया, जिसे इसी सप्ताह जे एम एम के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सचिव के माध्यम से मुख्य मंत्री को सौंपा जाएगा। सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। और आगे भी अभियान जारी रखने का निर्णय लिया गया। क्षेत्र में आउटडोर खेलकूद जागरूकता अभियान को भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। सक्रिय सदस्यों की जिम्मेवारी है कि मंच के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों एवम युवाओं के साथ कार्यक्रम निश्चित करने की कोशिश करें। दुर्गा पूजा बाद बरकाकाना क्षेत्र के विद्यार्थियों प्रतियोगियों और शिक्षित बेरोजगारों के मार्गदर्शन के लिए कैरियर काउंसलिंग का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजन कराया जाएगा। बैठक में इसकी योजना तैयार कर अंतिम रूप देने की बात कही गई।

## हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद जयंत सिन्हा द्वारा हजारीबाग लोकसभा में विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़े उत्साह और उत्सव के साथ, कई महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं के लिए 35 करोड़ 59 लाख रुपए का निवेश किया गया है, जिसके तहत 48.25 किमी की सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जो क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा। यह परियोजनाएं जनसाधारण के जीवन को सुविधाजनक बनाने और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास करेंगी। सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़कागांव विधानसभा के पतरातू प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क, जिसमें रशियन हॉस्टल पतरातू से लेकर साही टॉड होते हुए मध्य विद्यालय टेरपा तक लम्बाई 5.70 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 93 लाख दूसरा डुडगी से सांकी भाया महसमोहना कडरू बारीडीह पथ की लंबाई 9.50 किलोमीटर लागत 6 करोड़ 81 लाख तीसरा ग्राम लबगा से जयनगर होते हुए सौंदा बस्ती तक लम्बाई 7.80 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 60 लाख तीन पथों के निर्माण होने से पतरातू प्रखंड में ग्रामीण जनता को पतरातू प्रखंड मुख्यालय एवं पतरातू में बन रहे एनटीपीसी का मेगा पावर प्लांट में काम कर रहे मजदूरों को आने-जाने में सुविधा होगी और 25 से 30 हजार आबादी को एक अच्छी और एक सुंदर सड़क का लाभ उठा पाएंगे।

## सदर अस्पताल रामगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को सदर अस्पताल, रामगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, रामगढ़ की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं अन्य चिकित्सकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने मानसिक तनाव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी वहीं पर उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव आजकल एक रोग की तरह उत्पन्न हो रही है इसे रोकने के लिए सभी को नियमित व्यायाम करना व ध्यान करना अति आवश्यक है ताकि हम स्वस्थ रहें और अच्छे विचारों के साथ अपना दिन की शुरुआत करें, साथ ही उन्होंने कहा की रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इस दौरान मानसिक रोग, तनाव, नशा मुक्ति से संबंधित बचाव हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनों तक जागरुकता पहुंचने का कार्य किया जाएगा।




## झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति ने रामगढ़ जिले का दौरा किया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति के रामगढ़ जिले के दौरे के दौरान मंगलवार को समिति के सभापति अपर्णा सेन गुप्ता ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा सभापति अपर्णा सेन गुप्ता एवं विधायक, बाघमारा ढुल्लू महतो का पौधा देकर रामगढ़ जिले में स्वागत किया गया। बैठक के दौरान माननीय सभापति द्वारा बताया गया कि साधारण वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनके विकास में योगदान देने के उद्देश्य से सरकार पंचायत स्तर से जिला स्तर तक पुस्तकालय उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। बैठक के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के समीक्षा के क्रम में माननीय सभापति ने उप विकास आयुक्त से जिले में बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य योजना की जानकारी ली। इस पर उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि अंबेडकर आवास योजना के तहत आवासों को स्वीकृति कर कार्य किये जा है। साथ ही मनरेगा के तहत जिले में कई कार्य किए जा रहे हैं।

### जिला परिवाहन पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**रामगढ़ :** सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाते हुए रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 4,55,205 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गयी। मौके पर वाहन चालकों से फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, प्रदूषण आदि दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां चालकों को दी गई। वहीं अभिभावकों को नाबालिक बच्चों को किसी भी हालत में वाहन न चलाने देने की अपील करते हुए यातायात नियमों का उलंघन करने वालो को भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत गई। मौके पर श्री द्विवेदी ने बताया कि बाइक एक्सीडेंट होने पर चालक के साथ साथ पीछे बैठे सवारी को भी चोट लगती है ।

## हजारीबाग लोकसभा में शौर्य जागरण यात्रा का किया स्वागत

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग के सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति मान्यवर जयंत सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत किया। सांसद जयंत सिन्हा जी ने बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूरे भारतवर्ष में निकाले जा रहे शौर्य जागरण यात्रा का हजारीबाग की पावन धरती पर भव्य स्वागत किया। हजारीबाग से चलकर शौर्य जागरण यात्रा रामगढ़ की धरती पर पहुंचा, वहां राम भक्तों पर सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा पुष्प की वर्षा कर यात्रा को रांची के लिए रवाना किया गया।

**कार्यालय, जिला परिषद, राँची**

**शुद्धि–पत्र**

**PR No. 308511**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**17/2023-24** के ग्रुप संख्या–08,09,10,11,12,13 एवं 14 **में जिला परिषद, राँची एवं भवन निर्माण विभाग के निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें एवं शेष ग्रुप में सिर्फ जिला परिषद, राँची के निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।** निविदा की शेष शर्त्तें यथावत रहेगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद राँची।

PR 308813 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

### तीन दिवसीय कोल हड़ताल को लिया गया वापस

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल सिरका ट्रैक्टर स्टैंड यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को संयुक्त मोर्चा नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे 12 अक्टूबर से आहूत तीन दिवसीय देशव्यापी कोल हड़ताल को वापस लेने की घोषणा की हैं। अवसर पर कॉन्फ्रेंस बैठक की अगुवाई वरीय मोर्चा नेता सुशील कुमार सिन्हा ने किया। वक्ताओ ने बताया कि कोल इंडिया आहूत आंदोलन को लेकर कोयला कामगारों ने चट्टानी एकता का परिचय दिया हैं। जिसके फल स्वरुप सम्मानित हाई कोर्ट जबलपुर में आंतरिक निर्णय के अनुसार कोल इंडिया प्रबंधन 11वां वेतन समझौते के साथ कामगारों का वेतन भुगतान करने का आदेश दे दिया हैं। मजदूरों की एकजुटता को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने सभी को धन्यवाद व बधाई दिया। साथ ही कोयला कामगारों के भविष्य, अधिकारों पर हो रहे हमलो को लेकर संयुक्त मोर्चा हर स्थिति में खड़े रहने की बात कहीं। बताया तीन दिवसीय कोयला हड़ताल केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आदेश से निरस्त किया जाता हैं। मौके पर संचालनकर्ता मुस्तफा खान, दीपक कुमार, कमरुद्दीन खान, संतोष सिंह, नागेश्वर महतो, सोमीर, राजेश आदि उपस्थित थे।

### वन अधिकार समिति का अध्यक्ष जीतन मुंडा व सचिव सुरज बेसरा बनाए गए

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के पोंटगा पंचायत अंतर्गत मंगलवार को जोजो टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगन में पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का अयोजन किया गया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड से आए राजस्व उप निरीक्षक आशीष कुमार सोनी मुख्य रुप से शामिल हुए। वहीं अबुआ बीर दिशोम अभियान के वन अधिकार अभियान का क्रयान्व्यन तथा वन अधिकार समिति का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जीतन मुण्डा को अध्यक्ष व सूरज बेसरा को सचिव बनाया गया। वहीं उन्हे क्षेत्र की वन अधिकार से जुड़े मामले का प्रभार सौंपा गया। इस बैठक में संजय करमाली, त्रिलोक सोरेन,मोहन सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन,बेनीलाल सोरेन ,अकल मुण्डा, दिनेश मुण्डा, दिलीप मुण्डा, बंशीलाल मुर्मू ,कपुर मुनी देवी अनिता देवी,कर्मी देवी, प्रीति माला कुमारी को सर्वसम्मति से सदस्य बनाया गया है।वहीं पोंटगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली ने कहा आज सर्वसम्मति से वन अधिकार समिति का अध्यक्ष व सचिव का चयन किया गया है। उन्हे नई जिम्मेवारी दी गई है और वन समिति के अधिकार के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई हैं।

### फुलसराय में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल/एस0आर0यू0 इफीको के द्वारा सी0एस0आर0 योजना के अंतर्गत रामगढ़ जिला के फुलसराय ग्राम, वार्ड न0 10 के स्वास्थ्य उपकेंद्र में एक निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफिको के महाप्रबंधक प्रभारी बी0बी0 कांता ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । अन्य अतिथि में आर0के0साहा, महाप्रबंधक (वित्त एवम लेखा), श्री पी0के0 गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), आर0के0 प्रधान, उप महाप्रबंधक (उत्पादन), बी0के0 टोप्पो, उप महाप्रबंधक (सा0प्र0), बी 0एस0 प्रसाद, उप महाप्रबंधक ( सामग्री प्रबंधन) उपस्थित हुए। आयोजक के रूप में सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक(कार्मिक एवम प्रशासन) उपस्थित थे। ग्राम वासियों के स्वास्थ चिकित्सा का जांच कंपनी के चिकित्सक श्री दीपांकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अभिषेक कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया गया। सहायक कर्मी में आशीष कुमार, प्रसेनजीत कुमार सिंह, चेतलाल, ममता कुमारी, बिपिन कुमार उपस्थित थे। यूनियन के तरफ से दिवाकर गिरी, सुनील बेदिया, संतोष सिंह, आनंद सिंह, नंद किशोर बेदिया,आनंद प्रताप सिंह,संतोष कुमार सिंह एवम अन्य कर्मी उपस्थित हुए ।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

**E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/ 837 Date :- 10/10/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP Work of SH-03 to Ulihatu Road(Km 0.00 to Km 12.870) (Total Length 12.870 KM) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 11,58,63,240.00<br>Rs. Eleven Crore Fifty Eight Lakh Sixty Three Thousand Two Hundred Forty only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 11,59,000.00<br>Rs Eleven Lakh Fifty Nine Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00<br>Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 03 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 31.10.2023 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 18.10.2023 at 12:00 Noon |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

**Note :-** Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,
R.C.D., Road Division, Khunti**

**PR 308812 Road(23-24)#D**

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण,राँची)**
(दूरभाष संख्या- 0651-2209737 ईमेल-meso.ranchi@gmail.com)

**"इच्छा की अभिव्यक्ति" (EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति–अल्पकालीन)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Special Central Assitance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) हेतु राँची जिला अन्तर्गत चयनित कुल–442 अनुसूचित जनजाति बहुल्य ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Servey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्था/गैर सरकारी संस्था/ट्रस्ट से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of interest) आवेदन आमंत्रित किया जाता है। तत्काल माण्डर प्रखण्ड के 34 स्वीकृत ग्रामों का सर्वेक्षण कर ग्राम विकास योजना (VDP) तैयार किया जाना है।

| क्र0 | विषय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | विज्ञापनदाता का नाम | परियोजना निदेशक, ITDA, राँची |
| 02 | कार्य का नाम | "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम" के तहत 442 अनुसूचित जनजाति चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृत 34 ग्रामों में तत्काल सर्वेक्षण (Servey) कर (VDP) ग्राम विकास योजना तैयार करना। |
| 03 | (EOI) समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक–19.10.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 04 | आवेदन जमा करने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA कर्यालय, राँची समाहरणालय ब्लॉक–'B' कमरा नं0–413 |
| 05 | आवेदन खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–20.10.2023 के पूर्वाह्न 11:30 बजे |
| 06 | आवेदन खोलने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA कर्यालय, राँची समाहरणालय ब्लॉक–'B' कमरा नं0–413 |
| 07 | आय–व्ययक (बजट) | "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम" के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तैयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप। |
| 08 | अग्रधन की राशि | 50,000/–(पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट परियोजना निदेशक, ITDA, राँची के पक्ष में भुगतेय जमा करना होगा। |
| 09 | सर्वेक्षण (Servey) निष्पादन अवधि | 45 (पैंतालिस) दिन अन्तर्गत |

Special Central Assitance to Tribal Sub- Scheme (SCA to TSS) नामित "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना हेतु (PMAAGY) अन्तर्गत इच्छा की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त्त एवं जानकारी www.ranchi.nic.in/ या सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची

**PR 308780 Welfare(23-24)#D**

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति का उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण : गोप



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला में विभिन्न थानों के लिए चौकीदार पद पर निकाली गई नियुक्ति में अनुसूचित जाति का एक भी पद नहीं मिलना यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त बातें जदयू के राज्य सचिव सरयु गोप ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। गोप ने कहा कि किसी भी नियुक्ति में सभी लोगों का संविधान के अनुसार बराबर हक व अधिकार है किसी भी समुदाय को या जाति को सरकार के द्वारा दरकिनार कर नियुक्ति निकलना दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया कि किसी भी स्थिति में इसे सुधार करने की आवश्यकता है नहीं तो यह अनुसूचित जाति के साथ सौतेला व्यवहार प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। गोप ने सरकार से मांग करते हुए अभिलंब नियुक्ति में सुधार कर अनुसूचित जाति के पदों के लिए आरक्षित करने की मांग की है। ताकि संविधान के अनुसार सभी को अपना बराबरी का अधिकार मिल सके ।

## नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बाराडीह में जय हिंद क्लब बाराडीह की ओर से आयोजित की गई नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवं जिप सदस्य सजदा खातून के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजक कमेटी एवं स्थानीय खिलाड़ियों को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से अपनी अपनी प्रतिभा इसी तरह दिखाते रहे और प्रखंड जिला एवं राज्य तथा देश का नाम रोशन करते रहें। स्थानीय स्तर पर इस तरह का आयोजन होने से गांव के युवाओं की प्रतिभा निखर कर सामने आती है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस बीच उद्घाटन का मैच सरिया बनाम बलेयडीह के बीच खेला खेला गया। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि डॉ सलीम अंसारी, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रशासन देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, मुखिया धनेश्वर साव, पंचायत समिति सदस्य श्री राम यादव, संजय दास , पूर्व मुखिया बैजनाथ यादव, अध्यक्ष बब्लू यादव, उपाध्यक्ष सहदेव यादव, प्रकाश ठाकुर, मो इम्तियाज अंसारी, सुरेश कुमार यादव, रामचंद्र यादव सहित सैकड़ों फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

## झरिया अंचल में विधिक प्रदर्शनी का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निर्देश पर झरिया अंचल में विधिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह सचिव, डालसा, निताशा बारला ने बताया कि 100 दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के तहत आज विधिक सहायता केंद्र झरिया अंचल में डालसा के राजेश कुमार सिंह, डिपेंटी कुमारी गुप्ता, पिएलवी हेमराज चौहान के द्वारा विधिक प्रदर्शनी के माध्यम से न्यायिक प्रणाली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उद्देश्यों, लोक अदालत, मध्यस्था आदि के बारे मे लोगों को बताया गया। साथ ही झरिया के सुदूर ग्रामीण इलाकों में डालसा द्वारा मोबाइल वैन के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

## बाघमारा में आउटसोर्सिंग के आगे पक्ष विपक्ष नतमस्तक : मंटू महतो

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कतरास भगत मोहल्ला में एक सादे समारोह आयोजित कर नवदीप गुप्ता को कतरास नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। श्री महतो ने कहा कि उनके मनोनयन से कतरास मंडल में आजसू पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उनके मनोनयन से पार्टी के नीति को जन-जन तक पहुंचने में सफल होंगे। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर कतरास मंडल का कमेटी गठन कर जिला मुख्यालय को यह खबर करेंगे। एक सवाल के जवाब में कहा कि बाघमारा में पक्ष विपक्ष मिलकर रैयत, विस्थापितों तथा मजदूरों का शोषण कंपनियों द्वारा किया जा रहा है जिसमें पक्ष विपक्ष दोनों मुक दर्शक बने हुए हैं। बाघमारा में आउटसोर्सिंग के आगे पक्ष विपक्ष नतमस्तक हो गई है। बाघमारा में बेरोजगारी चरम पर है। मौके पर रणधीर बर्मन, अजय कसेरा, राजेश गुप्ता, शंभू प्रसाद बर्मन, प्रकाश बर्मन, मिहिर ठक्कर, केशव अग्रवाल, तन्मय सिंह, सुमित सिंह, धर्मराज पुरी आदि उपस्थित थे।

### एक सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित पोषण माह के दौरान

## विभिन्न गतिविधियों के लिए पूरे राज्य में धनबाद ने हासिल किया तीसरा स्थान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विगत एक सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित पोषण माह के दौरान विभिन्न तरह की गतिविधियों के लिए धनबाद जिला पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर आया है। इसकी जानकारी निदेशक एनईपी इंदु रानी की अध्यक्षता में आयोजित समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने दिया। उन्होने बताया कि पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों, प्रखंड एवं जिला स्तर पर जागरूकता के लिए धनबाद में चार लाख 23 हजार 87 गतिविधियों की गई। इसके लिए पूरे झारखंड में धनबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं बैठक के दौरान पूरक पोषाहार योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सरकारी एवं किराये पर संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति, पोषण ट्रैक्टर डैशबोर्ड, पोषण ट्रैक्टर डैशबोर्ड में आधार सत्यापित तथा असत्यापित लाभुक, सामाजिक कुरीति निवारण योजना, निशक्त कल्याणार्थ योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को पोशाक की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में निरसा एवं बाघमारा प्रखंड ने शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। जबकि धनबाद सदर ने 90.85प्रतिशत, झरिया 90.87 प्रतिशत, तोपचांची 96.14 प्रतिशत, बलियापुर 93.10 प्रतिशत, टुंडी 99.42 प्रतिशत तथा गोविंदपुर ने 89.15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। निदेशक एनईपी ने इन प्रखंड के सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षिका को दो दिन में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में तोपचांची प्रखंड ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। निदेशक एनईपी ने अन्य प्रखंडों को कार्य में प्रगति लाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में निदेशक एनईपी इंदु रानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, डीएमएफटी के सज्जाद अंसारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका मौजूद थे।

## नदी में डूबे छात्र का मिला शव परिजनों का रोकर बुरा हाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सरिया थाना क्षेत्र के बागोडीह मोड़ निवासी मोहन मंडल का 14 वर्षीय पुत्र बीते देर शाम बराकर नदी में अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान नदी में गहरा पानी होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने देर रात तक उसकी खोजबीन किया लेकिन उसका कोई पता नही चल पाया था। आज युवक का शव नदी से बरामद हुआ। शव को सरिया पुलिस ने अपने कब्जे में लिया जिसे पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेजा है। वंही घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## टुंडी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** दुर्गा पूजा को लेकर आज मंगलवार को टुंडी थाना परिसर में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन बैठक के दौरान महाराजगंज, टुंडी, राजवाड़ी एवं टुंडी सोनार टोला, ओझाडीह, गोपालपुर, ठेठाटांड, पूजा कमेटियों के सदस्यों को संबोधित करते थाना प्रभारी अनिल कुजूर ने संबोधित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगाने, नंगे तार एवं लाइट एवं वॉलिंटियरों पर विशेष ध्यान दिया जाए इस सुप्रसिद्ध त्यौहार में व्यवस्था दुरुस्त हो ताकि आम दर्शकों को असुविधा महसूस ना हो सके। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता गोपाल पांडे ,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सूत्री उपाध्यक्ष तिलक मंडल, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अजमुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी ,लोलिन बास्की पूर्व वार्ड सदस्य जाहिद अंसारी, कांग्रेस नेता आनंद मोदक, प्रवीण जायसवाल, वार्ड सदस्य संतुलाल किस्कू,समेत पूजा कमेटी के सैकड़ो सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राज्य सरकार के उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर झायुमो ने की बैठक

### 16 अक्टूबर मनाएगी झारखंड युवा मोर्चा दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को झारखंड युवा मोर्चा की एक बैठक नया परिषदन भवन में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप मंडल के नेतृत्व में किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन कौलेश्वर सोरेन ने किया।

वही बैठक में निम्न बिंदु पर चर्चा की किया गया। जिसमे अनुशाशन/ अपने अधिकार एवं कर्तव्य। सरकार के उपलब्धि को जन-जन तक पहुँचाना। वर्तमान राजनीति हालात एवं उसकी चुनौतियां सांगठनिक मजबूती पर चर्चा। बैठक को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 16 अक्टूबर को झामुमो युवा मोर्चा का गठन दिवस मनाया जाना है। इस समारोह में गिरिडीह जिला से तमाम युवा मोर्चा के सदस्य जिला कार्यालय में पहुचेंगे। इसकी तैयारी हेतु सभी युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष , सचिव को अपने दल-बल के साथ आना है और कार्यक्रम को सफल बनाना है।

वही आगामी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष संजय सिंह भी उपस्थित रहेंगें। मौके पर अभय सिंह, अशोक कुमार हेम्ब्रम, आनंद मिश्रा, मेहताब मिर्ज़ा, राजू अंसारी, मो0 तस्लीम, विवेक सिन्हा समेत एमी उपस्थित थे।

## धनबाद पुलिस ने स्टेशन मजार पर की चादरपोशी

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय वरीय सयुंक्त सचिव मोहम्मद महताब आलम हुए शामिल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद पुलिस परिवार की ओर से धनबाद रेलवे स्टेशन पर स्थित हजरत सय्यद हसन अली रहमतुल्लाह अलैहे की मजार पर चादरपोशी की गई।

जिसमें जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक (मु.), सार्जेंट मेजर और धनबाद शाखा के कई पुलिस पदाधिकारी मौजुद थे। वहीं इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय वरीय सयुंक्त सचिव मोहम्मद महताब आलम रांची से धनबाद आए और इस कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सिंह, रितेश सिंह, कमलेश, रवि, मो कमाल, रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू, नवल, किशोर सिंह, अनिल सिंह, शमशाद आलम, जॉन उरांव, सार्जेंट मेजर दीपक प्रसाद, अनवर हुसैन मंसूरी, मोहिद्दीन खान, साजिद खान, फिरोज खान, आमिर खान, नौशाद आलम, वसीम खान उर्फ बंटी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे। सभी लोगों ने राज्य मे अमन, चैन, एकता, भाईचारा, सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आदि के लिये दुआएं की।

## बीडीओ ने सभी छात्र-छात्राओं व विद्यालय प्राचार्य का मनोबल बढ़ाया



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगल प्रभा जैन महाराज शिशु मंदिर कुमारडीह में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया 15th स्टेट आर्चरी कंपटीशन में विद्यालय के प्रथम वर्ग का छात्र शिवम कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक लाकर विद्यालय एवं उनके माता-पिता नाम रोशन किया है प्राचार्य ने खेल भावना का परिचय देते हुए शिवम कुमार 75प्रतिशत विद्यालय फीस माफ कर दी , इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भागीरथ सिंह, पूर्व मुखिया संपद घोषाल, दिनेश प्रमाणिक, उच्च विद्यालय की पर्चार्य रेखा साव, शिवम की मां सीमा सिंह , कोच सुरेखा सिंह, सुजीत सिंह , उपस्थित अभिवाक पशुराम साव, निबाई बाउरी और स्कूल के सारे समानित टीचर।

## मुखिया संघ की ओर से बाघमारा के पूर्व बीडीओ को दिया विदाई, नए बीडीओ का किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड कार्यालय में बाघमारा मुखिया संघ की और से मुखिया संघ के अध्यक्ष रिंकू देवी की अध्यक्षता में एक विदाई समारोह के साथ साथ स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमे बाघमारा के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रहे सुनील कुमार प्रजापति को विदाई दी गई।वही बाघमारा के नई प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने वाली सुषमा आनंद का स्वागत किया गया। विदाई समारोह में मुखिया संघ के अध्यक्ष रिंकू देवी ने बताया की प्रखंड विकास पदाधिकारी रहे सुनील कुमार प्रजापति का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा।वर्तमान में बाघमारा के नई प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद का स्वागत मुखिया संघ के सचिव समीर कुमार लाला ने बुके दे कर किया। इस मौके पर बाघमारा प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित थे जिसमे मुखिया महेश पटवारी, आनंद महतो, संध्या देवी, दिनेश महतो, बिरजू महतो, जालिम रजक, कुंदन रजक, मोहम्मद अल्ताफ, विनोद नापित ,संतोष महतो, कैलाश महतो, जीतन भुइयां, भोला, तथा विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर एवम मुखिया संघ के सभी पधाधिकारी मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में आर्म लाइसेंस, आवास योजना, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, झारखंड आंदोलनकारी पेंशन, कलाकार पेंशन के मामले, राशन कटौती, बीपीएल कोटा में बच्चों के एडमिशन सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## कतरास के मेले में सादे लिबास में तैनात रहेंगे पुलिस : निशा मुर्मू



**दुर्गा पूजा के मद्देनजर कतरास थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कतरास थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानेदार रणधीर सिंह ने की। जबकि संचालन मो शहाबुद्दीन ने किया।

बैठक में शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। डीएसपी निशा मुर्मू ने कहा कि पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जगह-जगह उपलब्ध रहेगी। उन्होंने पूजा कमेटी से मेले में ड्रोन कैमरा की व्यवस्था करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की अगर कोई छोटी-मोटी बात होती है तो लोग कानून को अपने हाथ में नहीं ले बल्कि प्रशासन को सूचित करें कार्रवाई की जाएगी। मेला ठेला में उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिस बल तैनात रहेगी।

मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ राकेश कुमार महतो, सहायक विद्युत अभियंता देवीलाल सोरेन, अंगारपथरा ओपी प्रभारी सत्येंद्र पाल, सोनारडीह प्रभारी श्वेता कुमारी, मुन्ना सिद्दीकी, एकराम कुरैशी, जिप सदस्य जितेश रजवार, महेश पासवान, हरि अग्रवाल, प्रिंस शर्मा, कमलेश सिंह, कांग्रेस नेता अशोक लाल, सच्चिदानंद पांडे, जावेद रजा, पंकज सिन्हा, मुकेश भट्ट, मानसिंह, बबलू बर्मन, एनुल हक, अमित भगत, रघुनाथ हजारी, बिल्लू चटर्जी, विजय महाजन, सुरेन्द्र प्रसाद, रामवचन पासवान, मो अफसर आदि उपस्थित थे।

## शत-प्रतिशत आवास पूर्ण करने वाले मुखिया को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** आज समाहरणालय सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों/ पंचायतों में दिनांक 15.09.23 से 10.10.2023 तक विशेष अभियान ÷चलों करें आवास पूरा÷ चलाया गया। जिसका आज जिला स्तर पर समापन दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन निदेशक, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, कोडरमा लोकसभा क्षेत्र एवं जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी आदि अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में 24 ऐसे मुखिया को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत आवास पूर्ण कर लिया है वैसे पंचायतों के मुखिया को जिला स्तर पर मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा जिला परिषद, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष प्रमुख/उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति के प्रमुख/उप प्रमुख आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# मंच का तीन वर्षों का कार्यकाल अभूतपूर्व रहा है : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा लगाए गए दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में मुख्य अतिथि लोहरदगा उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण और कार्यपालक अभियंता जयपाल सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण,कार्यपालक जयपाल सिंह, मंच प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, रानी सती मंडल अध्यक्ष शिव राजगढ़िया, सम्मेलन अध्यक्ष दीपक सराफ, उपाध्यक्ष अभिषेक पोद्दार के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों ने कृत्रिम अंगों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।उपायुक्त ने मंच के विकलांग सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए बताया कि एक डॉक्टर के रूप में उन्होंने ने भी सेवा दी है और उन्हें पता है कि अपंगता लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करता है, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण लोगों को नव जीवन देने के बराबर है। विगत तीन वर्षों से मंच का सेवाकार्य बहुत प्रभावशाली रहा है और मुझे विश्वास है कि मंच आगे भी लोहरदगा के लोगों की निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देती रहेगी। प्रशासन का सहयोग सदैव मंच को मिलता रहेगा। प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि शिविर में नए हाथ पैर पा कर विकलांग लोगों की चेहरे में खुशी की चमक साफ दिखी वहीं किसी के खुशी से आंसू छलके। एक दूसरे के दर्द को समझना और खुशियां बांटना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया ने जानकारी दी कि दो दिवसीय शिविर में 150 से ज्यादा लोगों को लाभ मिल चुका है और हमारा प्रयास होगा कि प्रत्येक वर्ष शिविर लगा कर लोगों को लाभ मिले। कार्यपालक अभियंता जयपाल सिंह ने भी मंच के काम से प्रभावित हुए और सभी युवाओं को अपने वचनों से प्रोत्साहित किया। शिव राजगढ़िया और दीपक सराफ ने मंच के कार्यों को सराहा। धन्यवाद ज्ञापन विक्रम शर्मा ने किया। मंच संचालन शुभम शर्मा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सुमित राय, आशीष पोद्दार, मयंक मोदी, अनुराग पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, निखिल बर्मन, चिंटू तमेड़ा, मिथलेश कुमार, शशांक बर्मन, निलेश गुप्ता, सुनील मेहता, अवधेश मित्तल, ममता बंका, शकुंतला राजगढ़िया, अनिता पोद्दार, वेदांत अग्रवाल, अंजली सर्राफ, निकुंज साहू, राजन मेहता,अतुल सराफ, महावीर विकलांग सहायता समिति के डॉ एच के साहू,रामकुमार महतो, संजय कुमार, कर्मा महतो, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा के लिए देश हित सर्वोपरि, देश के लिए पार्टी का हर कार्यकर्ता कुर्बान : सधनू भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल लोहरदगा के तत्वाधान में कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में शांति आश्रम प्रांगण में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांव के विभिन्न परिवारों से संग्रह की गई मिट्टी को प्रखंड स्तर पर जमा किया गया। जिससे दिनांक 28 -10 -2023 को प्रदेश में कार्यक्रम के बाद 30 -10- 023 तारीख को दिल्ली में अमृत वाटिका के निर्माण के लिए समर्पण किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री सधनू भगत जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का देश हित सर्वोपरि, देश के लिए पार्टी का हर कार्यकर्ता कुर्बान। आज हमारा गांव का एक-एक घर का दिया हुआ चुटकी भर मिट्टी से अपने शहीदों के नाम पर अमृत वाटिका का निर्माण कराया जा रहा है यह कोई मामूली बात नहीं है। पूरे देश के हर परिवार का उसमें हिस्सेदारी होगा और गर्व से हम कहेंगे आने वाला समय में मेरा पीढ़ी कहेगा कि यह हमारा पूर्वजों का दिया हुआ माटी से बना हुआ यह अमृत वाटिका है। कार्यक्रम में जिला संयोजक जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि माटी संग्रह कर अमृत वाटिका के लिए माटी हर परिवार से देना गर्व की बात है इसमें अपने देश के नाम शहिद हुए सैनिकों के लिए श्रद्धांजलि होगा। और परिवार को सम्मान मिलेगा उनके परिवार के लोग गर्व करेंगे कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के द्वारा आजादी के बरसों बाद यह सम्मान प्राप्त हुई।

## 3 माह से राशन नहीं मिलने पर कार्डधारियों ने बीडीओ से की मुलाकात न्याय की लगाई गुहार



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड के बड़ागाई पंचायत अंतर्गत ब्राह्मणडिहा गांव के कार्डधारियों को विगत तीन माह से राशन नहीं मिल रहा है। अनिता महिला मंडल जनवितरण प्रणाली झारो चट्टी द्वारा तीन माह से राशन नहीं देने की शिकायत मंगलवार को कार्डधारियों ने बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा व प्रखंड प्रमुख बरिया देवी से की है। साथ ही अनिता देवी महिला मंडल पर मानक के अनुरुप कम राशन देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि विगत अगस्त माह से अब तक तीन माह का राशन वितरण नहीं किया गया है। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार अनीता देवी द्वारा कार्डधारियों से हर माह राशन की कटौती तथा वजन में काम दिया जाता है। आवेदन सौंपने वालों में सुदामा महतो, सोमारी उरांव, बुधमनिया उरांव, लक्ष्मी उरांव, अनीता उरांव, विष्णु उरांव सहित सैकड़ों कार्डधारियों का हस्ताक्षर सामिल है। इस मामले में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि जनवितरण प्रणाली दुकानदार की लापरवाही के कारण अनिता महिला मंडल झारो चट्टी जनवितरण प्रणाली को दो माह का राशन नहीं मिला है। फिंगरप्रिंट लेने के बाद राशन दुकानदार को ऑनलाइन करना पड़ता है। इसके बाद आंवटन होता है। इस मामले को जांच कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आपूर्ति पदाधिकारी से बात कर अक्टूबर माह का राशन वितरण करने का निर्देश दिया है।

## इंटक के जिला अध्यक्ष ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु ग्राम निवासी इमरान आजाद अंसारी ने लोहरदगा जिला इंटक अध्यक्ष पद से 10 अक्टूबर को इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के रांची स्थित आवास में इस्तीफा दे दिया। वही जानकारी देते हुए इमरान आजाद अंसारी ने बताया कि जब भी हम मजदूरों के हित में काम करना चाहे और मजदूरों का हक के लिये आवाज उठाए तब ददई दुबे गुट के कार्यकर्ताओं द्वारा हमे रोका गया और शांत रहने एवं मुंह चुप रखने के लिये दबाव बनाया गया। साथ ही कहा कि हम मजदूरों का हित मे काम करना चाहते थे। मैं चन्द्रशेखर दुबे के कार्यकर्ताओं का दबाव में रहकर काम नहीं कर सकता हूँ। साथ ही इस्तीफा देने के बारे में अपने निजी करणों का हवाला देते हुए बताया की मैं अपने स्वेक्षा से इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से इतिफ सौंप दिया हूँ। वही कहा कि संगठन भविष्य में जो भी जिम्मेवारी देगी उसे मैं बखूबी निभाउंगा। और जनता तथा मजदूरों के हित मे काम करता रहूँगा।

## लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने शोकाकुल परिवारों से मिल बंधाया ढांढस



**कैरों-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम चरिमा के रहने वाले सक्रिय कांग्रेस नेता सलील सिंह का कुछ दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत 10 अक्टूबर मंगलवार को चरिमा गांव पहुंचकर स्वर्गीय सलील सिंह के पिता भानु प्रताप शाह एवं बेटा विशाल कुमार राजपूत से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय सलिल सिंह इस क्षेत्र के काफी सक्रिय कांग्रेस नेता थे उनके निधन से पार्टी को काफी क्षति हुआ है। श्री भगत ने शोकाकुल परिवारों से कहा कि इस दुख के घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार आप लोग के साथ है। मौके पर शोक व्यक्तकरने वालों में लोहरदगा लोकसभा कोऑर्डिनेटर कमेटी के सदस्य आलोक कुमार साहू, कांग्रेस नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, महासचिव शाहिद अहमद बेलू, सचिव कुणाल अभिषेक, शाहजहां अंसारी, मनराज उरांव, ताहिर अंसारी नारायण उरांव, महबूब अंसारी, मकसूद अंसारी, विजय उरांव, अनिल उरांव सहित अनेक लोगों ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है।

## अधिवक्ताओं के सुरक्षा की गारंटी दे सरकार, वरना होगा बड़ा आंदोलन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित कराने के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ, लोहरदगा की आमसभा में लिये गये निर्णय के आलोक में खेद के साथ कहा कि सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा की गारण्टी दे तथा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक शीतकालीन सत्र में पारित कराये जाए क्योंकि आये दिन झारखण्ड के अधिवक्ताओं के साथ अप्रिय घटनायें लगातार घट रही है। इसी क्रम में दिनांक 07.10.2023 ई0 को व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में हुयी घटना की तीव्र निन्दा करते हुए दुःख के साथ कहना है, कि सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध अभी तक कोई संतोषजनक एवं ठोस कारवाई नहीं हो पाना प्रशासन की उदासीनता दर्शाता है, जबकि धटना की सूचना दिये हुये तीन दिन व्यतीत हो चुका है इस सन्दर्भ में अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक शीघ्र पारित करायी जाय तथा स्थानीय स्तर पर अधिवक्ता परिसर एवं व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में सुरक्षा हेतु पुलिस बल की तैनाती,चहारदीवारी का निर्माण और सी.सी.टी.वी. कैमरा जगह-जगह लगवाने का आग्रह किया है,अतः श्रीमान् से आग्रह किया गया कि यथोचित एवं समुचित कदम उठाकर अधिवक्ता हित की दिशा में ठोस कारवाई की जाय ताकि भविष्य में उक्त घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो और अधिवक्तागण मान सम्मान के साथ मुवक्किलों के हित में निर्भिक होकर कार्य किया जा सके। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के के सदस्य मौजूद थे।

## सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में 1967 ईस्वी से हो रहा है दुर्गा पूजा

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरही, झखरा, बदला और सेन्हा प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य जगहों में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। प्रतिमा निर्माण और साफ-सफाई तथा पूजा को सफलता पूर्वक संचालन को लेकर बैठके आयोजीत किया जा रहा है। मुख्य पथ सेन्हा दुर्गा मंदिर में माँ दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रतिमा का निर्माण लोहरदगा जिला अन्तर्गत आरेया ग्राम निवासी बिनोद प्रजापति के द्वारा किया जा रहा है। वही मूर्ति निर्मार्ता का कहना है इस वर्ष मुख्य पथ सेन्हा में इस वर्ष सबसे अलग तरह का मूर्ति होगा मां अम्बे का प्रतिमा आकर्षक ढंग से निर्माण किया जा रहा है। प्रतिमा को देखते ही भक्तो के हृदय में अलग तरह का ही श्रद्धा भक्ति का संचार होगा। वही पंडित चन्द्रमोहन पाठक ने जानकारी दिया कि प्रखंड मुख्यालय में लगभग 1967 ईस्वी से सेन्हा थाना में पदस्थापित जमादार कपिलेश्वर सिंह एवं स्व.ढुलु महतो, स्व.उदित पाण्डेय, स्व.प्रयाग महतो,स्व.ननकु महतो,चन्द्रमोहन पाठक के द्वारा दुर्गा पूजा का नींव रखा गया था। जिसे प्रारम्भ के कुछ वर्षो तक माँ दुर्गा जी का फोटो रखकर पूजा किया जाता था। धीरे-धीरे क्षेत्र में पूजा को लेकर लोगो मे उत्साह बढ़ी और फिर स्थानीय कारीगरों को ही बुला कर प्रतिमा का निर्माण कराया जाने लगा।

## बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने विकास योजनाओं का किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपूर्ण पीएम आवास, मनरेगा, दीदी बाड़ी, मुख्यमंत्री पोटो खेल मैदान, मानव सृजन सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड के बड़ागाई व जमगाई पंचायत में मानव सृजन का लक्ष्य काफी कम है। जिसमें सुधार की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने सभी जॉब कार्ड धारी को एक सप्ताह के अंदर आधार से जोड़ने का निर्देश संबंधित पंचायत के रोजगार सेवक को दिया है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में संचालित मुख्यमंत्री पोटो खेल मैदान के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करना है। साथ जो भी पशुधन योजना के तहत अपूर्ण शेड निर्माण कार्य है। जिन्हें पंचायत जनप्रतिनिधियों की मदद लेते हुए पूरा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी पंचायत लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। अपूर्ण योजना को पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करना सुनिश्चित करें। बीपीओ अभिषेक किशोर ने कहा कि बिरसा मुंडा आम बागवानी के लिए पौधा का आंवटन हो चुका है। सभी पंचायत कर्मी पौधारोपण के साथ-साथ आम बागवानी के लक्ष्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सक्रिय श्रमिक के जॉब कार्ड में आधार संख्या जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर इंद्रदेव उरांव, सुमित उरांव, टेले उरांव, कैईली उरांव, सहित पंचायत कर्मी मौजूद थे।

## डाक विभाग के द्वारा चौपाल लगाकर सुकन्या समृद्धि योजना की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डाक विभाग के द्वारा अनुमंडलीय डाक निरीक्षक भूषण कुमार के नेतृत्व में लोहरदगा शहर के गुदरी बाजार स्थित डाकघर के टिकट चौपाल का आयोजन किया गया और चौपाल में उपस्थित नगर वासियों को भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि खाते के संबंध में जानकारी विस्तार से दी गई। इस अवसर पर अनुमंडलीय डाक निरीक्षक भूषण कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलकर आप अपनी बेटियों को उज्जवल भविष्य की सौगात देने का काम करें और न्यूनतम 250 रुपया की राशि से खाता खोलें और आकर्षक इंटरेस्ट के साथ अपनी बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक छोटा सा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 10 साल से नीचे की बच्चियों के लिए खाता खोला जाता है और 21 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें एक बड़ी राशि की भुगतान डाक विभाग के द्वारा की जाएगी । उन्होंने यह भी कहा कि यदि बच्चियों को आगे की पढ़ाई या गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रुपए की आवश्यकता पड़ी तो 18 वर्ष के बाद 50 प्रतिशत राशि निकाली जा सकती है। उपस्थित लोगों ने इस योजना की काफी सराहना की और खाता खोलने की बात कही। चौपाल कार्यक्रम में डाक विभागकर्मियों के अतिरिक्त भारी संख्या में नगर के महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अभी से जुट जाए कार्यकर्ता : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में बैठक आयोजित की गई रांची में हुए तीन दिवसीय महाधिवेशन की सफलता को लेकर बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने की नीरू शांति भगत ने कहा कि जो भी लोहरदगा विधानसभा के पदाधिकारी अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराए है वह जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करा ले। दुर्गा पूजा के बाद प्रत्येक गांव में चूल्हा प्रमुख एवं ग्राम प्रभारी नियुक्ति को लेकर प्रत्येक गांव में बैठक कर सदस्यता अभियान चला कर नए सदस्यों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती से कार्य करने को लेकर कमर कस ले पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना पार्टी का पहली प्राथमिकता होगी। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा की 2009 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के जितने भी हमारे पुराने साथी थे वे अपना तन मन धन लगाकर पार्टी को विजय दिलाने में भूमिका निभाई थी उन सभी पुराने साथियों को ससम्मान पार्टी में फिर से कार्य करने को लेकर प्रेरित किया जाएगा। जो भी आपसी मतभेद है उसे हम सभी दूर करते हुए स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने कहा आजसु पार्टी जो कहती है वो करती है स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने जो लोहरदगा के विकास का खाखा तैयार किया था उसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे।

## जलडेगा में हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जलडेगा मण्डल में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया गया आयोजन। भारतीय जनता पार्टी जिला में चल रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त जिला के सभी प्रखंडों में कलश एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी निमित्त दिनांक 10-10-2023 को भारतीय जनता पार्टी जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार के नेतृत्व में जलडेगा दुर्गा मंदिर परिसर में मेरा माटी मेरा देश कलश एकत्रीकरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष भोला साहु मंडल महामंत्री रामेश्वर सिंह जोगेशवर बिंझिया हेमशंकर सिंह वीरेंद्र साहु सुभाष साहु राजकमल नाग लालमोहन सिंह मिडिया प्रभारी आशीष इंदवार गोरखनाथ सिंह कालीचरण मांझी और भरतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## पूरी होगी होमगार्ड जवानों की मांगे : विधायक भूषण बाड़ा

### होमगार्ड जवानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा होमगार्ड संघ के सदस्यों ने विधायक भूषण बाड़ा को ज्ञापन देकर अपनी समस्याएं बताई। होमगार्ड जवानों कहा कि कुछ होमगार्ड जवानों को ही ड्यूटी पर लगाया गया है। जबकि बहुत से होमगार्ड जवानों को ड्यूटी नहीं लगाई गई है। जिन होमगार्ड जवानों की ड्यूटी नहीं लगी है। उन्हें मानदेय नहीं मिलता है। जिस कारण ऐसे होमगार्ड जवानों के समक्ष कई परेशानी उत्पन्न होती है। होमगार्ड जवानों ने अपनी नौकरी स्थाई कराने की भी मांग की। मौके पर विधायक ने कहा कि वे होमगार्ड जवानों के साथ है। पूर्व में भी होमगार्ड जवानों की समस्याओं को दूर कराया गया था। भविष्य में भी होमगार्ड जवानों की सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शकिल अहमद, अख्तर खान, जिला सचिव महताब आलम, जिला सचिव महताब आलम, जिला सचिव कल्लू मियां आदि उपस्थित थे।

## सेवनिर्मित के उपरांत शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आयोजित हुआ विदाई सह अभिनन्दन कार्यक्रम

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी को दिया गया सम्मान विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कन्या मध्य विद्यालय प्रांगण सेन्हा में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी के सेवा निर्वित होने पर तथा नव नियुक्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में दायित्व निर्वाह्न करने तथा सुचारू रूप से शिक्षा संचालन पर निगरानी रखने को लेकर पदोन्नति करते हुए फरवरी 2021 में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पद पर रामकरण द्विवेदी को नियुक्त किया गया था। जिनका सेवनिर्वित होने के पश्चात बीआरसी में प्रखंड क्षेत्र शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय प्रांगण में विदाई सह अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिशेख झा ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार इस दौर से सभी को गुजरना पड़ता है। परंतु साथ में रह कर शिक्षा संस्थान के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के उच्च स्तर तक ले जाने में सभी का योगदान रहता है। वह पल सेवनिर्वित के पश्चात हमेसा याद आता रहता है। और उन साथियों की कमी खलती है। वही बताते हुए उन्होंने नवनियुक्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो को अतिरिक्त प्रभार मिलने पर उनके अभिवादन में शिक्षकों से कदम से कदम मिलाकर शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने पर जोर देते हुए बधाई दिया गया। और शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्य का निर्वाह्न करने की बात कही गई। जानकारी के अनुसार बता दें कि आयोजित विदाई सह अभिवादन कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा सेवनिर्मित पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छा एवं उपहार प्रदान कर उनके मार्गदर्शन का अपेक्षा रखते हुए जीवन स्वस्थ्य, सुखमय और कुशलता के लिए ईश्वर से पार्थना किया गया। साथ ही नवनियुक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में जगरनाथ महतो को नये पदाधिकारी के पदभार ग्रहण पर अभिवादन किया गया। विदाई सह अभिवादन कार्यक्रम के दौरान गणेश लाल के द्वारा मंच संचालन किया गया।

## एसीएस ब्रिक्स गांगुटोली ने खिताब पर जमाया कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में चार दिवसीय मरांग गोमके स्व जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट में एसीएस ब्रिक्स गांगुटोली ने गणपति एफसी को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रखंड के खेल इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर के टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इस दौरान हज़ारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों के बीच बतौर मुख्यातिथि झारखंड पार्टी के पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का शामिल हुए जहां पारंपरिक रूप से ढोल नगाड़ों के बीच अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। टूर्नामेंट के अंतिम दिन कुल तीन मैच खेले गए जसमे पहले सेमीफाइनल में एसीएस ब्रिक्स गांगुटोली ने सांगा ब्रदर्स को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाया वहीं दूसरे सेमीफाइनल में गणपति एफसी ने टाई ब्रेकर में पिया परदेशी सिलीगुड़ी को 5-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के रोमांच से भरे फाइनल मुकाबले में एसीएस ब्रिक्स गांगुटोली ने टाई ब्रेकर में गणपति एफसी को 4-2 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। विजेता टीम को एक लाख रुपये नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं उपविजेता टीम को इक्यावन हजार रुपये नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।मैन ऑफ द सीरीज का खिताब गणपति एफसी के शिवा को एक चमचमाती रेंजर साइकिल के रूप में दिया गया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा साथ ही वर्तमान समय मे जो विकास का काम रुक गया है उसे आगे चलकर शुरू किया जाएगा वहीं युवा नेता संदेश एक्का ने कहा कि आने वाला दौर बदलाव का है एवं क्षेत्र के विकास के लिए युवा पीढ़ी की आवश्यकता है। संदेश एक्का ने लोगों से झारखंड पार्टी को प्यार एवं समर्थन देने का अनुरोध किया। धन्यवाद ज्ञापन कमिटी के सदस्य आकाश साहू की ओर से दिया गया जिसमें उन्होंने टूर्नामेंट में आर्थिक सहयोग देने पर झापा एवं एनोस एक्का का आभार प्रकट किया। महिला रेफरी रही आकर्षक का केंद्र - पूरे टूर्नामेंट में टाटा से आये अनुभवी रेफरी संजय समद, अंजू टूटी, विश्वनाथ सहिश, संजीव टुडू द्वारा मैच कराए गए किंतु मुख्य आकर्षण महिला रेफरी अंजू टूटी रही। प्रखंड के खेल इतिहास में पहली बार किसी महिला रेफरी ने खेल कराया उनके निर्णय पर दर्शक ताली बजाते देखे गए जिससे महिलाओं के बीच महिला शशक्तिकरण का अच्छा संदेश गया। टूर्नामेंट में लगा डांस का तड़का टूर्नामेंट में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए कमिटी के द्वारा डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## चलते चलते एक नजर

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष पर सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार द्वारा सर्वप्रथम सिविल सर्जन कार्यालय के प्रांगण से फिरायालाल चौक तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें एनएमटीसी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। तत्पश्चात सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सिविल सर्जन महोदय द्वारा बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 7 अप्रैल 1948 को शुरुआत की गई थी। पूरे विश्व में यह 1950 में लागू किया गया। जिसका मकसद मानसिक तौर पर लोगों को स्वस्थ रखा जाना है। खास तौर पर कोविद-19 महामारी के दौरान लोगों में मानसिक अवसाद या मानसिक रूप से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंता बढ़ी है। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल रांची डॉक्टर शोभा किस्पोट्टा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का एहसास होता है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम सहायक अभिषेक देव ,फाइनेंशियल एवं लॉजिस्टिक कंसलटेंट सरोज कुमार चौधरी, मनोवैज्ञानिक नाजिया, जिला सलाहकार सुशांत कुमार , सोशल वर्कर सतीश कुमार एवं डाटा एंट्री ऑपरेट सौरव आनंद मौजूद रहे।

### जनता की अदालत में दो-दो हाथ कर लें बाबूलाल : विनोद पांडेय

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा संबंधी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मांग पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कड़ा प्रहार किया है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता आजकल केंद्रीय एजेंसियों का प्रवक्ता बनकर घूमते चल रहे हैं। पिछले चुनाव में जनता ने इन्हें नकार दिया था। बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के विरोध में वोट मांगकर चुनाव जीता और भाजपा में ही शामिल हो गए। वे रोज सरकार को अपदस्थ करने का सपना देख रहे हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन के लिए दलीलें देना यह प्रमाणित करता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उनका विश्वास नहीं है। विनोद पांडेय ने कहा कि एक साल में राज्य में विधानसभा के चुनाव होंगे। बाबूलाल मरांडी को चाहिए कि वे जनता की अदालत में दो-दो हाथ कर लें। उन्हें अपनी झूठी लोकप्रियता का पता चल जाएगा। बाबूलाल मरांडी जब से भाजपा में गए हैं, तब से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। लगता है कि उन्हें हेमंत फोबिया हो गया है। वे राज्य भर में दौरा कर अनाप-शनाप बोल रहे हैं। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग अपने हित में करना चाहती है। झारखंड में यह कभी सफल नहीं होगा। राज्य के लोग भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा जानते हैं। मणिपुर में हुई हिंसा की घटनाओं से पूरी मानवता शर्मसार है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। झारखंड में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने का इनका मंसूबा सफल नहीं होगा। यहां से भाजपा का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

# भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन में शामिल हुए सांसद इमरान प्रतापगढ़ी

*** झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है भाजपा**

एजेंसी

**भिवंडी :** भिवंडी के धोबी तालाब स्थित स्व. परशुराम टावरे स्टेडियम में कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन में भाजपा पर करारा हमला करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि भाजपा सरकार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है। देश की आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह जूझ रही है, भाजपा देश में धार्मिक उन्माद पैदा कर एक दूसरे को लड़ा कर राज करना चाहती है। वही हमारे नेता राहुल गांधी इस नफरत के माहौल में मोहब्बत की दुकान खोलकर देश को आगे बढ़ाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने देश में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार, मणिपुर के दंगों, जगह-जगह किए जा रहे धार्मिक दंगों, ईडी, सीबीआई,आईटी द्वारा झूठे केस कर विरोधी पक्ष के नेताओं को डरा कर जेल में डालने जैसे मुद्दों पर भाजपा की जमकरआलोचना की और कहा भाजपा देश से लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है तथा बाबा भीम राव अंबेडकर के द्वारा लिखे संविधान को नस्तेनाबुद करके आरएसएस का संविधान लागू करना चाहती है। कांग्रेस नेता इमरान ने दावा किया कि



आगामी कुछ महीनों में होने वाले राज्यों के चुनाव में कांग्रेस सभी राज्यों में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी । इस अवसर पर इमरान प्रतापगढ़ी के साथ मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पाटोले ने कहा कि भाजपा चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र,संविधान,सामाजिक सौहार्द,हिंदू मुस्लिम के प्यार मोहब्बत आपसी भाईचारे को खत्म करने का प्रयास कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन भाजपा का सुपड़ा साफ कर देगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस सम्मेलन के मंच पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले,महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी अहमद खान,पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वजाहत मिर्जा,पूर्व सांसद सुरेश टावरे,पूर्व मंत्री व प्रदेश महासचिव तारिक फारूकी, महासचिव रानी अग्रवाल, पीसीसी जावेद फारूकी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राशिद ताहिर मोमिन, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष हाजी नोमान खान, अनस अंसारी, पीसीसी प्रदीप पप्पू राका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे।

### बीएयू के 12 विद्यार्थियों का अमूल में प्लेसमेंट

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड (अमूल) में हुआ है। उन्हें तीन से चार लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। बीएयू के विद्यार्थी परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल के यूनिवर्सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को झारखंड में अवस्थित अमूल के विभिन्न प्लांट में पदस्थापित किया जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं में दिव्या कुमारी सिंह एवं कामिनी कुमारी (कृषि व्यवसाय प्रबन्धन), सिद्रा रहमानी, राखी राज, कुमार उत्कर्ष, अनुप्रिया पूर्ति, आकांक्षा कुमारी एवं रोली सिन्हा (सभी ह्यूमन न्यूट्रिशन एंड डायटेट्रिक्स), रानी कुमारी, आराध्या कुमारी, बलराम प्रसाद एवं निवेदित देव (सभी बीएससी, कृषि) शामिल हैं।

# खूंटी सदर बीडीओ का पदभार ज्योति कुमारी ने संभाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** मंगलवार को खूंटी सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार सुश्री ज्योति कुमारी ने ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उनिका शर्मा से प्रभार लिया। ग्रहण सुश्री ज्योति कुमारी इसके पूर्व जमशेदपुर में कार्यरत थी। वहां अपने कार्यकाल में जमशेदपुर में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उनिका शर्मा ने नियमानुसार पदभार सौपी। बुके देकर सुश्री ज्योति कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी खूँटी को सम्मानित किया गया। पूर्व बीडीओ उनिका शर्मा को घाटशिला के लिए सम्मान सहित विदाई दिया गया।सम्मान समारोह में डॉक्टर आलोक सीडीपीओ, खूंटी प्रमुख छोटा राय मुंडा, पूर्व उप प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि सह चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कश्यप भी उपस्थित थे। इनके साथ हेमंत कुमार, प्रवीण चौधरी सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्रीन वैली स्कूल में चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार विभिन्न स्कूल कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में आज टीम वरदान पांकी रोड स्थित ग्रीन वैली स्कूल पहुंची और वहां हजारों बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जितिया का त्यौहार अभी अभी बिता है। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सभी अभिभावकों से अपील की कि माताएं जितिया के लिए सोने का लॉकेट बनवाएं या न बनवाएं लेकिन अगर उनके बच्चे गाड़ी चलाते हैं तो उन्हें सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करने वाले हेलमेट अवश्य खरीदकर दें तभी बच्चे दिर्घायु होंगे। रिनू शर्मा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मयूरेश



द्विवेदी ने बच्चों को अपने जीवन के महत्व को समझते हुए सारे सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करने की अपील की। राखी सोनी ने बच्चों से गुजारिश की कि हमारी टीम की मेहनत तभी सार्थक होगी जब आप सब बच्चे इस अभियान में समझाई गयी बातों का पूरा पूरा पालन करेंगे और अपने अभिभावकों को भी हेलमेट पहनने और नशा करके गाड़ी न चलाने के लिए प्रेरित करेंगे। स्कूल के डायरेक्टर श्री प्रदीप नारायण ने सभी बच्चों को अनुशासन में रहने और इसी अनुशासन का सड़क पर भी पालन करने की अपील की और वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य के अलावा सभी शिक्षक मौजूद थे। इस अभियान को सफल एवं सार्थक बनाने में रोहित गुप्ता का अहम योगदान रहा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन का शानदार स्वागत एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# भार्गव सेना के संरक्षक धनंजय शुक्ला मरणोपरांत करेंगे अंग दान

*** पूर्व सैनिक धनंजय शुक्ला पर भार्गव सेना को गर्व है : मुकेश तिवारी**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** देश सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले भारतीय सेना के वीर जवान अब जिंदगी खोने के बाद भी देश के ही काम आना चाहते हैं। दिन रात आपकी और हमारी सुरक्षा में तैनात ये वीर सपूत अपना अंग दान करके अपने शरीर को भी देश के नाम करना चाहते हैं। दिन सोमवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक मुकेश तिवारी एवं संरक्षक पूर्व सैनिक धनंजय शुक्ला रांची रिम्स में जा कर अपने सभी अंगों को दान करने की कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली। श्री शुक्ला पूर्व में एक भारतीय सैनिक भी रहे हैं और वर्तमान में अपनी सेवा रामगढ़ कैंट में दे रहे हैं।अंगों के प्रत्यारोपण के उद्देश्य से गुर्दे, हृदय,आंखे, छोटी आंत, हड्डियों के ऊतकों, जैसे अंग दान किए जाते हैं। अंगदान करने वाला शख्स एक विश्वास खोए व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता हैं । सरकार भी अंग दान के लिए देश में लोगों को प्रोत्साहित लगातार करती आई हैं। यहां तक की सरकार ने अंग दान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रणालियों को स्थापित किया है। हालांकि, उनकी आपूर्ति की तुलना में अंगों की मांग अभी भी काफी ज्यादा है,अंग दान के लिए पूरे विश्व में लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। जिस प्रकार राक्षस से युद्ध मे देवताओं को शस्त्र बनाने हेतु महर्षि दधीचि ने अपने शरीर का दान किया था उसी प्रकार आज जब हर कोई खुद के लिए ही जिना चाह रहा हैं। तब एक परशुराम वंशज ने अपनी इच्छा से अपने पूरे शरीर के अंगों का दान करने का फैसला किया और भार्गव सेना के सदस्यों की उपस्थिति में रिम्स रांची में अपने पूरे शरीर का अंग दान किया। पलामू जिला के लेस्लीगंज प्रखंड के खैराट गांव निवासी धनन्जय शुक्ला पिता स्वर्गीय रामधारी शुक्ला की, जो आर्मी से रिटायर होने के बाद वर्तमान में रामगढ़ में निवास कर रहे है। उन्होंने अपनी इच्छा से अपने पूरे शरीर के अंगों का दान रिम्स रांची में किया।उन्होंने बताया कि उनकी दिल से इच्छा थी कि वो इस कार्य को करें जो आज पूरा हुआ। मौके पर उपस्थित भार्गव सेना के प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी ने कहा कि जब यैसे परशुराम वंशजो के साथ हम खड़े होते है तो हमे गर्व होता हैं कि हमारे समाज मे आज भी ऐसे पुरोधा है जो देश सेवा करने के बाद भी समाज को कुछ देने के लिए ही सोचते रहते हैं। प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि बिना किसी आबो हवा के श्री शुक्ला द्वारा 119 बार रक्तदान करना और अब सम्पूर्ण अंगदान करने को मैं शब्दों में बखान नहीं कर सकता।धनन्जय शुक्ला के इस कार्य के लिए समस्त समाज की तरफ से भार्गव सेना परिवार उनका हार्दिक अभिनंदन करती है।मौके पर आलोक तिवारी राजू,टिंकू शुक्ला सहित काफी संख्या में भार्गव सेना परिवार की उपस्थिति रही।

### रांची के मारवाड़ी महाविद्यालय में शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने अमृत कलश में रखी एक-एक मुट्ठी माटी

**रांची :** राष्ट्रीय सेवा योजना, मारवाड़ी महाविद्यालय ने मंगलवार को मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने महाविद्यालय परिसर की एक मुट्ठी मिट्टी अमृत कलश में भरकर की। इसके बाद महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने भी एक-एक मुट्ठी मिट्टी इस कलश में रखे। महाविद्यालय के पुरुष प्रभाग से मारवाड़ी महाविद्यालय महिला प्रभाग तक अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश रजक ने अभियान के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस माटी में वीर शहीदों का रक्त मिला हुआ है। यह अभियान इस मिट्टी से प्रेम आत्मीयता और गौरवानुभूति का अभियान है।

# सोनिया गांधी से मिले अशोक गहलोत, की चुनावी चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राजस्थान सहित देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो जाने के बाद सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को दिल्ली में पार्टी की सीनियर नेता सोनिया गांधी से मुलाकात करने पहुंचे. दिल्ली के 10 जनपथ पर सोनिया डीसीका आवास है.माना जा रहा है कि चुनाव की घोषणा के बाद सोनिया गांधी से मुलाकात कर वर्तमान हालात पर उन्होंने जानकारी दी.राजस्थान में चुनाव की घोषणा के बीच पार्टी सुबे में दोबारा सरकार बनाने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहती. इसलिए राहुल गांधी सहित कांग्रेस के बड़े नेता राजस्थान में स्टार प्रचारकों की सूची में हैं. सूत्रों ने बताया है कि चुनावी रणनीति सहित राजस्थान के मौजूदा सांगठनिक हालात पर भी सोनिया गांधी के साथ चर्चा हुई. पिछले वर्ष राजस्थान कांग्रेस में भी सब कुछ



ठीक नहीं था और गतिरोध की स्थिति बन गई थी. हालांकि बाद में पार्टी पर्यवेक्षकों के हस्तक्षेप से संगठन की स्थिति को संभाल लिया गया था.अब चुनाव के समय बीजेपी सूबे में सरकार बनाने के लिए पूरा दमखम लगा रही है और कांग्रेस सरकार बचाने की जद्दोजहद कर रही है.इस बीच किस सीट पर किसे उम्मीदवार बनाया जाएगा और टिकट बंटवारे को लेकर संभावित तकरार के मद्देनजर गहलोत की सोनिया से मुलाकात अहम है. दावा है कि इस मुलाकात के बाद पूरे राज्य में उम्मीदवारों की लिस्ट फाइनल करने के लिए भी पार्टी कदम उठाएगी. बता दें कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को राजस्थान सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था. राजस्थान में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है. सूबे में 23 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित होंगे.

# इजरायल और हमास से युद्ध के बीच दिल्ली में सख्त पहरा

*** इजरायली दूतावास और यहूदियों के धार्मिक स्थलों की बढ़ाई सुरक्षा**



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मिडिल ईस्ट में इजरायल और फलस्तीन के बीच जारी जंग को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने इजरायली दूतावास के आसपास सुरक्षा कढ़ी कर दी है. इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने आज मंगलवार (10 अक्टूबर) को दी. अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने इजरायल-हमास संघर्ष के मद्देनजर इजरायली दूतावास और चाबड़ हाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है.उन्होंने आगे कहा कि नई दिल्ली में इजरायली दूतावास और मध्य दिल्ली के चांदनी चौक स्थित चाबड़ हाउस के आसपास तैनात स्थानीय पुलिस को कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है. इज़रायली दूतावास और भारत में इज़रायली रजादूत नोर गिलों के अधिकारिक आवास के बाहर अतिरिक्त पुलिस तैनात की गई है. इसके अलावा नई दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में यहूदियों के धार्मिक स्थल चबाड़ हाउस के पास भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

### भारत ने किया है इजरायल का समर्थन

इजराइल पर हमास के लड़ाकों के हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल का समर्थन करने की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि इजराइल में हमास के हमले के बाद मारे गए नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं. भारत मुश्किल की इस घड़ी में इजराइल के साथ खड़ा है. इसके साथ ही इजराइल-हमास संघर्ष में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, यूक्रेन, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया समेत पश्चिमी देशों ने इजरायल के साथ खड़े होने की बात की है.फलस्तीनी चरमपंथी समूह की ओर से इजरायल पर अचानक किए गए हमले में सैकड़ों इजरायली मारे गए हैं और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं. वहीं, इजरायल की भीषण जवाबी कार्रवाई में भी गाजा पट्टी क्षेत्र में सैकड़ों फलस्तीनी मारे गए हैं और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं.

# वनांचल डेंटल कॉलेज परिसर में मेघा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

*** 187 लोगों ने किया रक्तदान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वनांचल एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट फरठिया गढ़वा में मेगा रक्तदान शिविर में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गढ़वा उपयुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक पाण्डेय, सिविल सर्जन अवधेश सिंह, कुलाधिपति दिनेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर में 187 युवाओं ने रक्तदान किया।

गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है। बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी




जीवित रखता है। क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है।

गढ़वा एसपी दीपक पाण्डेय ने कहा की आप रक्तदान करके किसी के जान बचा सकते हैं। एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खासतौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है, जिनके अंदर रक्त की भारी कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है।

आगे कहा की जो भी बच्चे पढ़ने आ रहे हैं उनको सुरक्षा मिलेगी,रात दिन कभी भी बच्चे फोन कर सकते हैं। सिविल सर्जन अवधेश सिंह ने कहा कि रक्तदान करके किसी के भी जान बचाया जा सकता है। एक्सीडेंटल केस में ब्लड की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है।और उस समय यही बल्ड काम आता है।फरठिया डेंटल कॉलेज के द्वारा लगाई गई शिविर काबिले तारीफ है।

### नहीं होने देंगे ब्लड के कमी : बाबू दिनेश सिंह

बाबू दिनेश सिंह ने कहा कि 187 बच्चे बल्ड डोनेट करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराए। दिनेश सिंह ने कहा की नहीं होने देंगे ब्लड के कमी। सिविल सर्जन हमे बताएं कि कहां डाक्टर की कमी है वहां हमारे डाक्टर जा कर देखेंगे जहां डाक्टर की कमी होगी।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डाक्टर एके सिन्हा, डा दिनेश कुमार, डा दिव्या तिरु, डा राकेश कुमार सिंह,प्रवीण सिंह,हरेंद्र सिंह,पंकज कुमार सिन्हा,इत्यादि मौजूद थे।